दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 14 | अंक : 354 | जयपुर | सोमवार, 28 अक्टूबर, 2024 | कार्तिक, कृष्ण पक्ष द्वादशी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan




## जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने पर केंद्र सहमत

### संसद के विंटर सेशन में प्रस्ताव लाया जाएगा; लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा

बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। केंद्र में जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने पर सहमति बन गई है। वहीं, लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश बना रहेगा। नवंबर के आखिरी हफ्ते में शुरू होने वाले संसद के शीतकालीन सत्र में इससे जुड़ा प्रस्ताव लाया जाएगा। राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने 23 अक्टूबर को गृह मंत्री अमित शाह और 24 अक्टूबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। इस दौरान उमर ने पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया था। उन्हें इसी साल राज्य का दर्जा बहाल करने का आश्वासन मिला था। साल 2019 में अनुच्छेद 370 और 35 हटाते समय जम्मू-कश्मीर और लद्दाख दो केंद्र शासित प्रदेश बनाए गए थे। सरकार ने उस समय ही राज्य के हालात सामान्य होने पर पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने का भरोसा दिया था। हालिया राज्य विधानसभा चुनाव में भी भाजपा ने इसे दोहराया था। चुनाव के बाद गठित सरकार की पहली कैबिनेट मीटिंग में राज्य का दर्जा बहाल करने का प्रस्ताव पास करके उप-राज्यपाल को भेजा गया था। एलजी मनोज सिन्हा ने 19 अक्टूबर को प्रस्ताव मंजूर करने के बाद गृह मंत्रालय को भेज दिया था।

#### जम्मू-कश्मीर को राज्य के दर्जे की कानूनी प्रक्रिया... 2 पॉइंट

जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 के तहत जम्मू-कश्मीर राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में पुर्नगठित किया गया था। इसलिए पूर्ण राज्य के दर्जे के लिए संसद में एक कानून पारित कर पुनर्गठन अधिनियम में बदलाव करना होगा। यह बदलाव संविधान की धारा 3 और 4 के तहत होंगे।

राज्य का दर्जा देने के लिए लोकसभा और राज्यसभा में नए कानूनी बदलावों का अनुमोदन जरूरी होगा, यानी संसद से इस प्रस्ताव को मंजूरी मिलना जरूरी है। मंजूरी के बाद इसे राष्ट्रपति के पास भेजा जाएगा। उनकी मंजूरी के बाद जिस दिन राष्ट्रपति इस कानूनी बदलाव की अधिसूचना जारी करेंगे, उसी तारीख से जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा मिल जाएगा।

मन की बात का 115वां एपिसोड

## डिजिटल अरेस्ट पर पीएम बोले : फ्रॉड कॉल आने पर रुको, सोचो और फिर एक्शन लो

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मन की बात के रविवार को 115वें एपिसोड में पीएम नरेंद्र मोदी ने सरदार पटेल और बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती मनाने की बात कही। साथ ही उन्होंने डिजिटल अरेस्ट जैसे फ्रॉड से बचने के लिए तीन स्टेप रुको, सोचो और एक्शन लो अपनाने की बात कही। उन्होंने कहा- कॉल आते ही रुकें। घबराएं नहीं, शांत रहें, जल्दबाजी में कोई कदम न उठाएं, किसी को अपनी निजी जानकारी न दें। स्क्रीन शॉट लें और रिकॉर्डिंग जरूर करें।

दूसरा चरण है- सोचो। कोई भी सरकारी एजेंसी फोन पर धमकी नहीं देती, वीडियो कॉल पर पूछताछ नहीं करती, न पैसे मांगती है। अगर ऐसा है तो समझिए कुछ गड़बड़ है। इसके बाद तीसरा चरण एक्शन लो फॉलो करें। राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 डायल करें।

पिछले महीने इस प्रोग्राम के 10 साल पूरे हुए हैं। इससे पहले शनिवार को पीएम मोदी के मन की बात पर एक किताब मोदी संवाद का विमोचन भी किया गया।

### पीएम मोदी ने मन की बात में इन मुद्दों पर बात की

एनिमेशन और वर्चुअल टूरिज्म पर एनिमेशन सेक्टर आज ऐसी इंडस्ट्री बन चुका है कि जो दूसरी इंडस्ट्रीज को ताकत दे रहा है। इन दिनों VR टूरिज्म बहुत फेमस हो रहा है। वर्चुअल टूर के जरिए अजंता की गुफाएं देख सकते हैं। कोणार्क मंदिर के कॉरिडोर में टहल सकते हैं, या फिर, वाराणसी के घाटों का आनंद ले सकते हैं। टूरिस्ट डेस्टिनेशन का क्रूटूर लोगों के मन में जिज्ञासा पैदा करता है। आज इस सेक्टर में एनिमेटर्स, स्टोरी टेलर्स, राइटर्स, वॉइस ओवर एक्सपर्ट्स, म्यूजिशियन और गेम डेवलपर्स की मांग बढ़ती जा रही है। इसलिए, देश के युवाओं से कहूंगा कि अपनी क्रिएटिविटी को विस्तार दें। छोटा भीम की तरह दूसरी एनिमेटेड सीरीज कृष्णा, मोटू-पतलू, बाल हनुमान के भी दुनियाभर में प्रशंसक हैं। भारत के एनिमेटेड किरदार और फिल्में अपने कंटेंट और क्रिएटिविटी की वजह से पूरी दुनिया में पसंद की जा रही हैं। भारत एनिमेशन के क्षेत्र में क्रांति लाने की राह पर है। भारत का गेमिंग स्पेस भी तेजी से बढ़ रहा है। भारतीय खेल भी पूरी दुनिया में मशहूर हो रहे हैं।




### मुख्यमंत्री शर्मा ने सुना 'मन की बात' कार्यक्रम

### प्रधानमंत्री ने आत्मनिर्भर इनोवेशन, मेक फॉर द वर्ल्ड, डिजिटल सुरक्षा का दिया संदेश,



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को 'मन की बात' कार्यक्रम के 115वें संस्करण में देशवासियों को संबोधित किया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर प्रधानमंत्री के सम्बोधन का श्रवण किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ भी उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि देश ने बीते वर्षों में महान नायक-नायिकाओं की जन्म जयन्ती को नई ऊर्जा से मनाकर, नई पीढ़ी को नई प्रेरणा दी है। इसी कड़ी में देश की एकता का विजन साझा करने वाले सरदार पटेल और भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जन्म जयंती मनाने का निश्चय किया है। 31 अक्टूबर से सरदार पटेल का 150वीं जन्म जयंती का वर्ष एवं 15 नवंबर से भगवान बिरसा मुंडा का 150वीं जयंती का वर्ष शुरू होगा। उन्होंने इस उत्सव को भारत की अनेकता में एकता का उत्सव बनाने का आह्वान किया।

## बांद्रा टर्मिनस हादसे पर राहुल का केंद्र पर प्रहार, कहा- केवल प्रचार पर है ध्यान, रिबन काटते ही गिरने लगते हैं ढांचे

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन में भगदड़ मचने से कई लोगों के घायल होने की घटना पर राहुल गांधी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। रविवार की घटना के साथ राहुल ने और भी कई वाकयों का जिक्र करते हुए आरोप लगाया कि सार्वजनिक संपत्तियां नष्ट हो रही हैं और सरकार का ध्यान केवल प्रचार पर है। राहुल गांधी ने अपने एक्स प्रोफाइल पर पोस्ट करते हुए कहा, उद्घाटन और प्रचार तभी अच्छे हैं, जब उनके पीछे ऐसी बुनियाद हो, जो जनता की सेवा के लिए असल में काम करे। जब सार्वजनिक संपत्ति के रख-रखाव के अभाव और उपेक्षा के कारण लोगों की जान जाने लगे और पुल, प्लेटफॉर्म या मूर्तियां, रिबन काटने के साथ ही गिरने लगें तो यह गंभीर चिंता का विषय है।

#### बांद्रा टर्मिनस हादसे का दिया उदाहरण

राहुल गांधी ने कहा कि हाल ही में मुंबई के बांद्रा टर्मिनस स्टेशन पर हुई भगदड़, भारत के ढहते बुनियादी ढांचे की कड़ी में सबसे ताजा उदाहरण है। पिछले साल जून में बालासोर ट्रेन



हादसे में 300 लोगों की जान चली गई, लेकिन पीड़ितों को मुआवजा देने के बजाय भाजपा सरकार ने उन्हें लंबे कानूनी दांव-पेंच में उलझा दिया है। राहुल ने कहा, सोचिए जरा जब छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति तक मात्र 9 महीने में गिर जाती है, इसका साफ मतलब है इरादा सिर्फ प्रचार था। इसमें न ही शिवाजी महाराज का सम्मान था और न जनता की सुरक्षा का ध्यान।

#### देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के बुनियादी ढांचे की आवश्यकता

राहुल गांधी ने कहा कि आज देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर के बुनियादी ढांचे की आवश्यकता है, जो गरीबों की स्थानीय जरूरतों का भी ध्यान रखें। जो व्यापार को सरल, यात्रा को सुगम और लोगों को सुरक्षित रखे। भारत सक्षम है, समर्थ है। हमें बस जरूरत है प्रभावी और पारदर्शी सिस्टम की, जिसका लक्ष्य जनसेवा हो और फोकस देश के मजबूत भविष्य की बुनियाद।

#### बांद्रा टर्मिनस में मची थी भगदड़

गौरतलब है कि मुंबई के बांद्रा टर्मिनस रेलवे स्टेशन पर शनिवार को मध्य रात्रि के बाद भगदड़ मच गई, जिसमें 10 लोग घायल हो गए। हालांकि पश्चिम रेलवे ने दो ही लोगों के घायल होने की पुष्टि की है। घटना तब हुई जब दीपावली और छठ पर अपने गृहनगर जाने के लिए लोग सीट पर कब्जा करने के लिए गोरखपुर जाने वाली चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश कर रहे थे।

## जम्मू-कश्मीर के पुंछ में आतंकी ठिकाने का भंडाफोड़

### 2 ग्रेनेड बरामद, 3 बारूदी सुरंगों का चला पता

बढ़ता राजस्थान

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों ने संदिग्ध आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। साथ ही, कुछ ग्रेनेड और बारूदी सुरंगों का पता लगाया गया। सुरक्षा अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मेंढर उपविभाग के बलनोई सेक्टर में तलाशी अभियान के दौरान इस ठिकाने का पता चला। आतंकवादियों के इस ठिकाने से 2 हथगोले और 3 बारूदी सुरंगें जब्त की गईं। अभियान के दौरान कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि सेना के जवानों को मेंढर के मनकोट सेक्टर में जल बिंदु के पास गश्त के



दौरान जंग लगा मोर्टार का गोला मिला। बाद में विशेषज्ञों की ओर से नियंत्रित विस्फोट द्वारा गोले को सुरक्षित रूप से नष्ट कर दिया गया।

सीमावर्ती जिले राजौरी में आतंकी गतिविधियों को रोकने के लिए पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों ने रूपरेखा तैयार की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि राजौरी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रणदीप कुमार की अध्यक्षता में सब्सिडिएरी मल्टी एजेंसी सेंटर की बैठक के दौरान यह चर्चा हुई।

## प्रदुषण : दिल्लीवासियों को फिलहाल राहत नहीं, ग्रेप तीन की पाबंदियों के बीच ही मनेगा दीवाली का त्योहार

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में रहने वालों को जहरीली हवा से राहत मिलने की हाल फिलहाल कोई संभावना नहीं है। कम से कम दीवाली तक तो यही स्थिति बनी रहेगी। पूर्वाअनुमान तो यह है कि दीवाली के आसपास स्थिति और भयावह हो सकती है।

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अली वार्निंग सिस्टम ने भी तीन चार दिनों के दौरान वायु गुणवत्ता के स्तर लगातार गिरावट का अनुमान दिया है। ऐसे में एक दो दिन के भीतर ग्रेप के तीसरे चरण की पाबंदियां भी लागू कर दी जाएंगी।

### ज्यादातर इलाकों का एक्यूआई भी बहुत खराब

रविवार को दिल्ली का एक्यूआई 356 यानी बहुत खराब की श्रेणी में पहुंच गया। शनिवार को यह 255 था। चौबीस घंटे के भीतर इसमें 101 अंकों की बढ़ोतरी हो गई। दिल्ली के ज्यादातर इलाकों का एक्यूआई भी बहुत खराब और तीन इलाकों का गंभीर श्रेणी में रहा। दिल्ली के आसमान पर सुबह के समय स्मार्ग की चादर भी छाई रही, जिसके चलते दृश्यता का स्तर प्रभावित हुआ।



#### 14 प्रतिशत की हिस्सेदारी वाहनों के धुएं की रही

दरअसल, पिछले तीन दिनों से हवा की रफ्तार 16 से 18 किमी प्रति घंटे बनी हुई थी। इसीलिए प्रदूषण के स्तर में गिरावट दर्ज की गई, जबकि रविवार को यह आठ किमी प्रति घंटे तक रह गई। इसीलिए एक्यूआई फिर बढ़ गया। आइआइटीएम पुणे के डिसीजन सपोर्ट सिस्टम (डीएसएस) से सामने आया है कि रविवार को दिल्ली के वायु प्रदूषण में सबसे अधिक करीब 14 प्रतिशत की हिस्सेदारी वाहनों के धुएं की रही।

#### बुधवार को इसके गंभीर श्रेणी में चलने जाने का अनुमान

केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अधीन अर्ली वार्निंग सिस्टम का पूर्वानुमान है कि सोमवार एवं मंगलवार को वायु गुणवत्ता बहुत खराब श्रेणी में ही रहेगा। बुधवार को इसके गंभीर श्रेणी में चलने जाने का अनुमान है। कहने का मतलब यह कि दीवाली से पहले एक्यूआई 400 पार हो जाएगा।

#### पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही


पर्यावरणविदों का कहना है कि जिस तरह पराली जलाने की घटनाएं बढ़ रही हैं, हवा की रफ्तार मंद है, पश्चिमी विक्षोभों के अभाव में बरसात होने की संभावना भी नहीं है और वाहनों का धुआं व धूल वातावरण में तेजी से प्रदूषण फैला रही है, अगले सप्ताह तक प्रदूषण कम होने की कोई संभावना नहीं है।

#### रविवार को एनसीआर के शहरों का एक्यूआई

दिल्ली- 356
फरीदाबाद- 208
गाजियाबाद- 324
ग्रेटर नोएडा- 312
नोएडा- 239
गुरुग्राम- 304

दिल्ली के इन इलाकों की हवा रही गंभीर (शाम पांच बजे का एक्यूआई)

बवाना- 415
बुराड़ी क्रॉसिंग- 410
जहांगीरपुरी- 407
आनंद विहार- 396

# गायक दिलजीत दोसांझ के शो के फर्जी टिकट मामला

## ईडी ने जयपुर सहित तेरह ठिकानों पर मारा छापा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** गायक दिलजीत दोसांझ शो के फर्जी टिकट सामने आने के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कार्रवाई करते हुए ने जयपुर समेत देशभर में तेरह ठिकानों पर छापेमारी की। ईडी ने छापेमारी दिल्ली, चंडीगढ़, पंजाब, जयपुर, मुंबई और बेंगलुरु में की। छापेमारी में ईडी को फर्जी टिकटों से बड़े पैसे की हेरफेर की जानकारी मिली हैं। इसके साथ ही ईडी को बड़े खाते का ऑनलाइन ट्रांजैक्शन होने के संबंध में सबूत मिले हैं। ईडी ने कुछ लोगों को डिटेन किया। साथ ही मोबाइल, लैपटॉप जब्त किए हैं। ईडी की जांच जारी है। जानकारी के अनुसार गायक दिलजीत दोसांझ का म्यूजिक कॉन्सर्ट तीन नवंबर को जयपुर के जेईसीसी सीतापुरा में होना है। इसके साथ विदेशी बैंड कोल्डप्ले का कॉन्सर्ट भी इंडिया में होगा। इनके टिकट जोमैटो लाइव और बुक माय शो पर बेचे गए। बुक माय शो की तरफ से इसकी जांच कराई गई। इसमें पता चला की टिकट बाजार में अन्य प्लेटफार्म से बिक रही है,जो की फर्जी है। इस तरह से कुछ लोग निजी फायदे के लिए फर्जी टिकट बनाकर लोगों के साथ धोखाधड़ी-ठगी कर रहे हैं। जांच में पुष्टि होने पर चंडीगढ़, मुंबई, दिल्ली में एफआईआर दर्ज हुई। जांच में ईडी को बड़े पैसे के ऑनलाइन ट्रांजैक्शन की जानकारी मिली। गायक दिलजीत के शो के टिकट तीन हजार रुपए से पन्द्रह हजार रुपए तक के हैं, लेकिन बाजार में इसे बदमाशों ने पचास हजार रुपए से लेकर दो लाख रुपए तक बेचा है। इस पर ईडी ने अपनी ओर से छापेमारी की। ईडी ने इंस्टाग्राम, वॉट्सऐप और टेलीग्राम के आईपी एड्रेस निकालकर तेरह जगहों पर रेड की और कुछ लोगों को डिटेन किया। साथ ही मोबाइल, लैपटॉप जब्त किए हैं।

### जयपुर में दो जगहों पर सर्च कर की लोगों से पूछताछ

ईडी दिल्ली से मिली सूचना के बाद ईडी की जयपुर टीम ने दो जगहों पर सर्च किया। सर्च के दौरान मिले डिजिटल डिवाइस को सीज किया गया। इस दौरान मौके से मिले लोगों से ऐप के संबंध में पूछताछ की जा रही है। टिकट उनके पास कहां से आया था। कैसे टिकट तैयार किया गया। किस तरह से उसे सर्कुलेट किया गया। पैसा कहां और किस के खाते में गया। कितना पैसा गया। कितने टिकट बेचे गए, इसे लेकर आज भी पूछताछ की जा रही है।

**शो होगा या नहीं दर्शकों में संशय :** जयपुर में दिलजीत के शो के टिकट ले चुके दर्शकों में संशय है कि ईडी और पुलिस की कार्रवाई के बाद शो कैंसिल तो नहीं हो जाएगा। हालांकि अभी तक इस बारे में अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। साथ ही शो की बुकिंग भी आयोजकों ने कैंसिल नहीं की है।

शो तीन नवंबर को होना है। दिलजीत दोसांझ भारत में एक के बाद एक बारह जगहों पर बड़े कॉन्सर्ट करेंगे। इस टूर को दिल-लुमिनाटी नाम दिया गया है।

# रविवार को हुई विभिन्न प्रतिष्ठानों पर नमूनीकरण और नष्टीकरण की कार्यवाही

## चाकसू मे 50 किलो दूषित और पुराना मिल्क केक कराया नष्ट





बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर जिला कलेक्टर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी के द्वारा गठित विशेष खाद्य सुरक्षा टीम द्वारा डॉ. हंसराज भदालिया (मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय) के निर्देशन में आज दिनांक 27 अक्टूबर 2024 को चाकसू और जयपुर कस्बे में विभिन्न खाद्य निर्माता फर्म्स पर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण और नमूनीकरण की कार्यवाही की गई। चाकसू में खंडेलवाल मिष्ठान भंडार से मावा, मावा मिठाई, चॉकलेट बर्फी, पनीर, काजू कतली, श्री जोधपुर मिष्ठान भंडार फागी मोड चाकसू से कलाकंद, मावा मिठाई ,जोधपुर स्वीट्स कोटखावदा मोड से खीरमोहन, पनीर और कलाकंद मिठाई के नमूने लिए गए। यहां से लगभग 50 किलो दूषित और पुराना मिल्क केक नष्ट करवाया गया। यहां पर साफ सफाई व्यवस्था अत्यंत दयनीय थी, जगह-जगह मकड़ी के जाले लगे हुए थे, इसको साफ सफाई रखने हेतु पाबंद किया गया तथा इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। भगवती जोधपुर मिष्ठान भंडार मोड चाकसू से आटे के लड्डू, मिश्री मावा और फीका मावा तथा ओम सती जोधपुर मिष्ठान भंडार कोथून मोड से कलाकंद तथा मूंग के लड्डू का नमूना लिया गया। इस दुकान से भी लगभग 50 किलो सुखी एवं पुरानी मिठाइयां नष्ट करवाई गई। इसके साथ ही जयपुर शहर में श्री बीकानेर रसगुल्ला मदरामपुरा से रसगुल्ला, बीकानेर रसगुल्ला वाला से मावा, माधव जोधपुर मिष्ठान प्रताप नगर से मावा, माधव स्वीट्स एंड स्नैक्स गोनेर रोड से पनीर का नमूना लिया गया। उक्त सभी नमूनों को जांच हेतु खाद्य विश्लेषण प्रयोगशाला भिजवाया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात तदनुसार खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के अनुसार आगे की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान मिष्ठान कारोबारियो को मिठाईयो को ढककर रखने और साफ सफाई रखने और मिठाईयों में कृत्रिम रंगो के उपयोग नहीं करने की सख्त हिदायत दी गयी, जरुरी होने पर एफ एस एस आई द्वारा मान्यता प्राप्त फूड कलर निर्धारित मात्रा में ही उपयोग करने की सलाह दी गयी। अनवरत चलने वाले इस अभियान के तहत मिलावटख?री करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने एवं आमजन को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु दीपावली पर्व पर, विशेष तौर पर, रोज इस तरीके की कार्यवाही जारी रहेगी द्य इस समस्त कार्रवाई में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर द्वितीय के खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी, रमेश चंद यादव, अवधेश गुप्ता, नन्द किशोर कुमावत एवं राजेश कुमार नगर शामिल रहे ।

# पुलिस ने चलाया एरिया डोमिनेशन अभियान

## बदमाशों के 184 से अधिक जगहों पर मारी रेड



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** जयपुर ग्रामीण पुलिस ने रविवार को शातिर बदमाशों के खिलाफ एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। रविवार सुबह पांच बजे से शुरू हुआ अभियान दोपहर तक चला। इस दौरान पुलिस ने अवैध हथियार रखने वाले लोगों को चिन्हित कर दबिश दी। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि ग्रामीण जिले में फरार अपराधियों की गिरफतारी के लिए एरिया डोमिनेशन अभियान चला कर अधिक से अधिक कार्रवाई करने के आदेश दिये गए। जयपुर ग्रामीण के सभी थाना अधिकारियों को आदेश दिया कि इस कार्रवाई के दौरान बदमाशों की गिरफ्तारी अधिक से अधिक होनी चाहिए। साथ ही बदमाशों से अवैध हथियार बरामदगी के प्रयास होने चाहिए। इसी क्रम में पुलिस की 42 टीमें गठित कर 202 पुलिसकर्मियों ने 184 से अधिक जगहों पर रेड कर बदमाशों के घरों पर सर्च किया। इस दौरान पुलिस ने किछ लोगों को डिटेन और कुछ को गिरफ्तार भी किया। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा ने बताया कि आर्म्स एक्ट के तहत कुल 12 प्रकरण दर्ज कर कुल 11 बदमाश और 12 अवैध हथियार बरामद किये गए। वहीं आर्म्स एक्ट के तहत थाना कालाडेरा 2, सामोद 1, जमवारामगढ़ 2, नरेना 1, जोबनेर 1, रायसर 2, आंधी 2, फुलेरा 1कार्रवाई की गई। आबकारी अधिनियम में कुल तीन प्रकरण दर्ज कर दो बदमाशों को गिरफ्तार किया। 170 बीएनएस में कुल 14 व्यक्ति गिरफ्तार किए गए। आबकारी अधिनियम में दर्ज थाना वाइस प्रकरणों की संख्या इस प्रकार है- फुलेरा 01, आंधी 01, सांभरलेक 01 अभियान के दौरान कुल 34 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है।

## स्वस्थ व सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण-मीडिया की भूमिका



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी के अंतर्राष्ट्रीय हेडक्वार्टर माउंट आबू जहां हर वर्ग के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण के कार्यक्रम निरंतर चलते हैं । उसकी ही एक शाखा पीस पैलेस जयपुर में भी हर वर्ग की आध्यात्मिक उन्नति अर्थ ज्ञान चर्चा की श्रृंखला प्रारंभ की गई है । जिसके अंतर्गत युवा, मिलिट्री, धार्मिक प्रभाग के कार्यक्रम कर चुके हैं व अनेकों ने इनका लाभ उठाया है। इस श्रृंखला में रविवार को विशेष पत्रकारों की उन्नति अर्थ एक कार्यक्रम रखा गया । जिसमें चर्चा का विषय 卐स्वस्थ व सुखी समाज के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण में मीडिया की भूमिका卐 था। जिसमें सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी हेमा बहन ने स्पष्टीकरण देते हुए कहा कि तन,मन ,धन, संबंध से स्वस्थ होना ही सुखी बनना है । तन को स्वस्थ रखने के लिए व्यायाम आवश्यक है ,मन को स्वस्थ रखने के लिए ईश्वर का ध्यान प्रतिदिन आवश्यक है, धन कमाने के साथ-साथ यह देखें कि क्या हमने दुआ भी कमाई या सिर्फ धन । गलत तरीके से आया हुआ धन हमारे घर की सुख और शांति को छीन लेता है इसलिए तरीके से धन कमाए । जब मन और धन ठीक हो गया तो संबंध अपने आप ठीक हो जाएंगे । रामराज्य जिसकी कल्पना की जाती है, वह आना नहीं लाना होगा और हमें नहीं मुझे लाना है । उसके लिए नियमित कुछ समय मेडिटेशन व परमात्म ज्ञान सुन अपने मन को स्वस्थ और खुश रखें तो हमारा विवेक, निर्णय ,परख शक्ति सही कार्य करेगी और हम सफल व्यक्तित्व वाले बन समाज के अच्छे कार्यों में सहयोगी बन सकेंगे। साथ ही ब्र.कु कविता बहन ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं देते दीपावली का आध्यात्मिक रहस्य बताया और परमात्मा व स्वयं आत्मा का परिचय दे मेडिटेशन करा मन की सच्ची शांति व सकारात्मक प्रकम्पनो का अनुभव कराया ।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे डॉक्टर अमित वर्मा जर्नलिस्ट और वरिष्ठ संपादक ने कार्यक्रम को सराहते हुए कहा कि आज वैल्यू बेस्ड मीडिया की आवश्यकता है तथा हर एक के जीवन में एक केवट चाहिए । ब्रह्माकुमारी एक केवट की भांति हमारे जीवन नैया को इस पार से उस पार ले जा सकती है। ब्र.कु बसंत द्वारा व्यवस्थित मंच संचालन किया गया। अंत में ब्रह्माकुमारीज मीना बहन द्वारा आए हुए सभी मेहमानों को ब्रह्मा भोजन व ईश्वरीय सौगात दी गई।

## चालक का ध्यान बंटा कर मोबाइल ले गए बदमाश

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** बजाज नगर थाना इलाके में चालक का ध्यान बंटा कर कार से मोबाइल पार करने करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है। पुलिस के अनुसार केशव विहार जवाहर सर्किल के पास रहने वाले गौरी शंकर ने मामला दर्ज करवाया कि वह बाजार जा रहा था टोंक रोड पर रेश बुक डिपो के पास एक युवक ने कार रोकी। कार के रोकने पर युवक ने चोट लगने जैसा इशारा किया। इसी दौरान एक अन्य युवक ने खलासी साइड शीशा थपथपाया।

# रवि भटनागर मेमोरियल लेक्कर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** रवि भटनागर मेमोरियल लेक्कर 2024 का आयोजन अभ्येति फाउंडेशन द्वारा एस पी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट के मुंबई कैंपस में 'आज से अपनी विरासत बनाना शुरू करें' विषय पर किया गया। मुख्य संबोधन लक्ष्मणन एम टी,चीफ ह्यूमन रिसोर्सेज ऑफिसर और एल एंड टी टेक्नोलॉजी सर्विसेज लिमिटेड में ग्लोबल एचआर हेड ने दिया। लक्ष्मणन के पास मानव संसाधन विकास में 25 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव है, जिसमें वेतन और लाभ, प्रतिभा मूल्यांकन, प्रतिभा अधिग्रहण, इमिग्रेशन, ग्लोबल मोबिलिटी, एंटरप्राइज प्रोसेस सुधार और संचालन शामिल हैं। विषय ''आज से अपनी विरासत बनाना शुरू करें'' पर बोलते हुए लक्ष्मणन ने कहा कि हर व्यक्ति को सोचना चाहिए कि वे इस दुनिया में, उस संस्था में जहाँ वे पढ़ते हैं और उस संगठन में जहाँ वे काम करते हैं, क्या बदलाव ला रहे हैं। उन्होंने दर्शकों को सलाह दी कि वे हमेशा इस दृष्टिकोण से सोचें कि वे अपने आसपास के लोगों के जीवन में क्या फर्क ला रहे हैं। लक्ष्मणन ने जोर दिया कि हर संगठन अपने कर्मचारियों के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करता है, लेकिन व्यक्ति को अपने जीवन के बड़े लक्ष्यों से नहीं भटकना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन के ये बड़े उद्देश्य कठिन समय में आपको आसानी से आगे बढ़ने में मदद करेंगे। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करने के लिए वास्तविक जीवन की कहानी साझा की, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे यूएसए में चोबानी ग्रीक योगर्ट, जो कभी बंद होने वाला था, 2005 में हमदी द्वारा खरीदा गया और आज यह यूएसए और ऑस्ट्रेलिया में सबसे अधिक बिकने वाले योगर्ट में से एक है। एस पी जैन स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट, जो दुनिया भर में शाखाएँ रखता है, का एक बहुत मजबूत पूर्व छात्रों का नेटवर्क है जो विश्वभर में वरिष्ठ पदों पर नियुक्त हैं। रवि भटनागर उनमें से एक थे, और उनकी स्मृति में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। लक्ष्मणन एम टी को 'महर्षि गुरु वशिष्ठ अवार्ड 2024' से सम्मानित किया गया, जो अभ्येति फाउंडेशन द्वारा प्रदान किया गया। यह पुरस्कार उन्हें मानव संसाधन क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान और उपलब्धियों, जिनमें परिवर्तन प्रबंधन, प्रतिभा मूल्यांकन, प्रतिभा प्रबंधन, कुल पुरस्कार, वैश्विक मोबिलिटी और अनुपालन शामिल हैं, के लिए दिया गया। पूरे कार्यक्रम का समन्वय सिंगापुर से अनु मदान, उप निदेशक, एलुमनी इंगेजमेंट ने किया और इसमें अपूर्व देसाई, निदेशक कॉर्पोरेट रिलेशंस और नेहन बारोडावाला, कॉर्पोरेट आउटरीच और छात्र अनुभव ने भी भाग लिया।

# 1.57 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में एक आरोपित गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** मानसरोवर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1.57 करोड़ की धोखाधड़ी के मामले में एक व्यापारी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पीड़ित से 56550 कैरेट के 11 किलो 300 ग्राम रफ पन्ने लिये थे। इसके बाद आरोपी ने अपनी फर्म बंद कर फरार हो गया था। इस संबंध में पीड़ित ओर से थाने में मामला दर्ज करवाया था। थाानाधिकारी राजेन्द्र गोदारा ने बताया कि पीड़ित सचिन तांबी ने खुद के साथ हुई 1 करोड़ 57 लाख रुपए की धोखाधड़ी के मामले में मामला दर्ज करवाया था कि आरोपित हेमंत अजमानी और उसकी पत्नी मेघा ने राजापार्क में एक फर्म मैसर्स अमृत इमपैस के नाम से खोल रखी थी। आरोपी हेमंत ने मोबाइल पर पीड़ित से सम्पर्क किया। रफ पन्ने की डिमांड की। आरोपी ने पीड़ित को विश्नास में लेकर 1 करोड़ 57 लाख रुपए के 11 किलो 310 ग्राम पन्ने ले लिए। आरोपी ने कुछ समय तक पैसा नहीं दिया। पीड़ित ने उसे फोन पर सम्पर्क किया। पहले कुछ समय तक पीड़ित निरंतर पैसे जल्द देने की बात करता, लेकिन कुछ समय बाद आरोपी ने फोन कर लिया।

इस पर पीड़ित सचिन तांबी आरोपी के फर्म पहुंचा तो पता चला कि आरोपी ने कुछ समय पहले ही फर्म बंद कर दी है। इस पर सचिन तांबी की ओर से मार्च 2024 में हेमंत अजमानी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई। पुलिस ने उस की तलाश के लिए कई जगहों पर दबिश भी दी, लेकिन आरोपी का कोई सुराग नहीं लगा। पुलिस ने आज मुखबिर से मिली जानकारी के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में होगा एक दिवसीय विशाल निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** 9वें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जोरावर सिंह गेट स्थित राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सालय में आमजन के स्वास्थ्य के लिए एक दिवसीय विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। एकदिवसीय निशुल्क चिकित्सा शिविर 28 अक्टूबर सोमवार को राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ओपीडी चिकित्सालय परिसर के सामने खेल मैदान में आयोजित किया किया जाएगा। चिकित्सा शिविर में मधुमेह, उच्च रक्तचाप आर्थराइटिस, पेट संबंधी विकारों, स्त्री रोग, बच्चों के रोग, गुदा रोग, आंख, नाक, कान, मुंह से संबंधित रोग, अस्थि संबंधित रोग, एलर्जी संबंधी रोग, त्वचा रोग, कैंसर, मोटापा, थाईराइड, हदय रोग, श्वास संबंधित रोग, मनोविकार, ब्यूटी केयर ओर वृद्धावस्था जन्य विकारों के निदान, पंचकर्म उपचार हेतु परामर्श एवं नि:शुल्क परिक्षण एवं दवाएँ वितरित की जायेगी। शिविर में नशामुक्ति हेतु योग एवं प्राणायाम के लिये नि:शुल्क परामर्श दिया जायेगा।

## वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यार्थियों ने दिखाया टैलेंट



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (का.स.)।** एस.वी पब्लिक स्कूल आदर्श नगर का वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया । कार्यक्रम की थीम 'जिंदगी के रंग' पर आधारित थी । सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के अध्यक्ष कमल वासवानी,सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के सचिव वासुदेव थावानी, साधु वासवानी पब्लिक स्कूल के सचिव डॉ कमलेश कुमार खिलनानी , सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के फाइनेंस सचिव रमेश गुरसहानी, सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के जॉइंट सेक्रेटरी अशोक देवानी और तीनों संस्थानों की प्राचार्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया । एस.वी. पब्लिक स्कूल की प्राचार्या अल्पा मालविया द्वारा विद्यालय की प्रबंधन समिति के सदस्यों का स्वागत किया गया । विद्यालय सचिव डॉ कमलेश कुमार खिलनानी जी ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया । तत्पश्चात विद्यालय की वार्षिक पत्रिका ' माइलस्टोन ' का विमोचन किया गया। गत वर्ष में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र ,पदक और ट्रॉफी प्रदान किए गए । सेंट मीरा ब्रदरहुड सोसायटी के अध्यक्ष श्री कमल वासवानी जी ने छात्रों को मार्गदर्शित करते हुए अपने संबोधन में कहा कि वह पूर्ण आत्मविश्वास और निष्ठा से अपने जीवन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु प्रयास करें । उन्होंने छात्रों को सह- शैक्षणिक गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रेरित किया । विद्यालय प्राचार्य अल्पा मालविया द्वारा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की गई । एनसीसी कैडेट ने पधारे हुए सभी आगंतुकों को गार्ड ऑफ ऑनर दिया । विद्यालय के बैगपाइप बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी।सांस्कृतिक कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रार्थना ' इतनी शक्ति हमें देना दाता ' से किया गया। तत्पश्चात गणेश वंदना ' देवा श्री गणेशा ' ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। जहां ' मटरगश्ती ' और ' गोलमाल ' में बचपन की मस्ती दिखी वहीं मोटिवेशनल डांस ' आरंभ है प्रचंड' में जोश । फ्यूजन डांस , राजस्थानी नृत्य और क्लासिकल नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# सोजतिया ग्रुप ने सामाजिक सरोकार के तहत वंचितों को दी दीपावली की खुशियां

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** दीपावली पर्व हर व्यक्ति अपने अनुसार मनाता है ताकि वह इस पर्व की खुशियां वह खुद मनाते हुए दूसरों के साथ भी उन्हें बांट सकें। सोजतिया ज्वैलर्स स्वयं तो दीपावली की खुशियां मनाता ही है लेकिन इस बार उसने समाज के ऐसे वंचितों के साथ दीपावली की खुशियां बांटी,जो वर्षो से इस प्रकार की खुशियों से वंचित थे। कोर्ट चौराहा स्थित सोजतिया ज्वैलर्स के निदेशक डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने शहर के ऐसे अनेक स्थानों का चयन किया जहां वंचित मिल सकते है। वहां स्वयं जा कर उन वंचितों को अपने शोरूम पर आमंत्रित किया। शोरूम पर आज प्रात:7 बजे 400 से अधिक वंचित पंहुचे तो शोरूम का बाहरी दृश्य देखकर वे दंग रह गये। सोजतिया ज्वैलर्स के संस्थापक प्रो. रणजीतसिंह सोजतिया ने कहा कि समाज के इस वंचित वर्ग को भी दीपावली पर्व मनानें का पूरा अधिकार है लेकिन धनाभाव के कारण वे इस पर्व की खुशियों को नहीं मना सकते है। उनकी उसी सोच को खत्म करने के लिये सोजतिया ग्रुप ने आज यह बीड़ा उठाया। सोजतिया ज्वैलर्स ने उंच नीच का भेदभाव समाप्त कर वंचित वर्ग को दीपावली की खुशियां मनानें का अवसर प्रदान किया। डॉ. महेन्द्र सोजतिया ने सोजतिया चेरिटेबल ट्रस्ट की ओर से उनकी दीपावली को और अधिक सार्थक करनें व उन्हें अपार खुशियां देने के लिये उन वंचितों को सम्मान अपने यहां बिठाया और सोजतिया ग्रुप के सदस्यों रीना सोजतिया, डॉ.ध्रुव सोजतिया, साक्षी सोजतिया, नेहल सोजतिया के हाथों सभी वंचितों को नये वस्त्र, कम्बल,मिठाई एवं खाने के पैकेट दिये तो उनकी आखों में अलग सी चमक दिखायी दी। कुछ वंचितों ने बताया कि अपने जीवन में आज के दिन जैसी दीपावली कभी नहीं देखी। यह दीपावली उन्हें जीवन भर याद रहेगी कि शहर के लोगों ने हमें सम्मान के साथ इतनी सामग्री दी। इस प्रकार का आयोजन करने के पीछे मुख्य उद्देश्य समाज के इस वंचित वर्ग को भी सम्मान प्रदान करना एवं एकजुट करना है। डॉ. सोजतिया ने बताया कि पुरूषों के लिये पेन्ट शर्ट, एवं महिलाओं के लिये साड़ी प्रदान की गई। हाथीपोल, पहाड़ा सहित अनेक क्षेत्रों में कार्य करने वाले श्रमिक इस अवसर पर मौजूद थे। इस अवसर राउण्ड टेबल इंडिया उदयपुर के चेयरमैन डॉ. ध्रुव सोजतिया,प्रतीक नाहर, अक्षय बापना,डॉ. मुकेश श्रीमाली, अजय साबला, दीपा साबला भी मौजूद थे।



# रोटरी क्लब दृष्टि ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनायी दीपवाली




बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरी क्लब उदयपुर दृष्टि ने समिधा दृष्टि–दिव्यांग मिशन के प्रमुख चंद्रगुप्त चौहान और उनकी टीम के साथ मिलकर दिव्यांग बच्चों के साथ दिवाली की खुशियाँ बांटी।

क्लब संरक्षक डॉ.स्वीटी बताया ने बताया कि इस अवसर पर नेत्रहीन बच्चों को दीपक और आवश्यक वस्तुएं भेंट की गईं। कार्यक्रम में क्लब के सदस्यों ने बच्चों के चेहरों पर मुस्कान लाने का प्रयास किया, जिससे दिवाली की रोशनी उनकी ज़िंदगी में भी बिखरें। क्लब का यह सराहनीय कदम समाज सेवा की एक प्रेरणादायक मिसाल है, जो दूसरों को भी प्रेरित करेगा। कार्यक्रम में डॉ. स्वीटी छाबड़ा, रोहित सिंह छाबड़ा, डॉ. पूजा छाबड़ा, सुनीता सिंघवी, हंसिका चड्ढा आदि मौजूद थे।

# अवैध डोडा पोस्त जब्त कर दो तस्कर गिरफ्तार किया

## ब्यावर पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** ब्यावर एसपी श्याम सिंह चौधरी के निर्देशन में जिले के दो थानों की पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ करते हुए अवैध डोडा पोस्त जब्त कर तीन तस्करों को गिरफ्तार कर एक नाबालिग को निरुद्ध किया है। साथ ही तस्करी व रैकी में प्रयुक्त चार वाहनों को जब्त किया है।

एसपी भूपेन्द्र शर्मा व डीएसपी राजेश कसाना के सुपरविजन ने साकेत नगर थाना पुलिस व जिला स्पेशल टीम ने एक ही दिन में दो कार्रवाई की। और शनिवार को मसूदा से ब्यावर की ओर आ रही एक स्विफ्ट कार को रुकवा कर तलाशी लेने के दौरान चार प्लास्टिक कट्टो में भरा 80 किलो 570 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर दो तस्करों को गिरफ्तार किया व एक नाबालिग को भी निरुद्ध किया।

थाना प्रभारी बलभद्र सिंह ने बताया कि कार में अवैध डोडा पोस्त की तस्करी के लिए एक बुलेट बाइक पर कार की एस्कॉर्ट्स की जा रही थी। कार्रवाई के दौरान कार व बुलेट बाइक जब्त के साथ शाहपुरा भीलवाड़ा जिले के पदमपुरा गजेन्द्र रेबारी (24) पुत्र रायसिंह रेबारी देवासी (रेबारी) काछोला थाना क्षेत्र व शाहपुरा जिले के जहाजपुर थाना इलाके के घाटा रानी तरनिया खेड़ा निवासी उंकार रेबारी (26) पुत्र रामलाल रेबारी देवासी (रेबारी) को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# आरजेएस परीक्षा में एक बार फिर चूरू का परचम

## अदिति फगेड़िया, आकांक्षा शर्मा, पूनम अग्रवाल, सौरभ बंसल, वेदांत शर्मा बनेंगे न्यायिक मजिस्ट्रेट

बढ़ता राजस्थान









**चूरू( सुरेश शर्मा )।** विधि एवं कानून के क्षेत्र में बेहतर दखल रखने वाले चूरू के युवाओं ने एक बार फिर न्यायिक मजिस्ट्रेट परीक्षा में अपना परचम फहराया है। रविवार को हाईकोर्ट की ओर से घोषित आरजेएस–2024 परीक्षा परिणाम में चूरू के पांच युवाओं ने सफलता हासिल की है। अदिति फगेड़िया, आकांक्षा शर्मा, पूनम अग्रवाल, सौरभ बंसल, वेदांत शर्मा का चयन अंतिम रूप से आरजेएस–2024 में हुआ है। चयनित युवाओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता–पिता, गुरुजनों, विधि सत्संग परिवार के बेहतरीन माहौल के साथ–साथ स्व. महावीर सिंह यादव की प्रेरणा तथा आरजेएस चंद्रशेखर पारीक, एसएलओ महेंद्र सैनी के मार्गदर्शन को दिया है। आरजेएस चयनित अदिति फगेड़िया, चूरू के गांव बास जसवंतपुरा के ओमप्रकाश फगेड़िया एवं कल्पना फगेड़िया की पुत्री हैं। अदिति के माता–पिता दोनों शिक्षण सेवा से जुड़े हैं। अदिति ने बताया कि वह अपने प्रथम प्रयास में मात्रा डेढ़ अंक से चूक गई थी। इसके बाद निराश होने की बजाय पुनः पूरी एकाग्रता से तैयारी की और उन गलतियों पर काम किया, जिनके कारण असफलता मिली। सतत अध्ययन और कठोर परिश्रम से दूसरे प्रयास में सफलता मिली। अदिति ने अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता, छोटे भाई समीर के साथ–साथ आरजेएस चंद्रशेखर पारीक व एसएलओ महेंद्र सैनी के मार्गदर्शन को दिया है। युवाओं के लिए अपने संदेश में अदिति ने कहा कि वे अपनी गलतियों से निराश होने की बजाय उनसे सीखें और कोशिश करें कि गलतियां दोहराई नहीं जाए। अदिति ने वर्ष 2013 में 10वीं कक्षा में सीबीएसई टॉपर बनने पर आरजेएस बनने का सपना देखा था। आरजेएस चयनित सौरभ बंसल के पिता कैलाश बंसल एक व्यवसायी हैं तथा माता एक गृहिणी हैं। उन्होंने विधि सत्संग संस्था में अपनी तैयारी की तथा कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की। उन्होंने सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों, माता–पिता, मित्रों तथा विधि सत्संग परिवार संस्था में मिले कुशल मार्गदर्शन को दिया है। आरजेएस चयनित पूनम अग्रवाल के पिता ताराचंद अग्रवाल एक व्यवसायी हैं तथा माता सुनीता अग्रवाल एक गृहिणी हैं। पूनम ने भी अपनी सफलता का श्रेय माता–पिता के आशीर्वाद तथा मार्गदर्शक चंद्रशेखर पारीक व महेंद्र सैनी को दिया है। पूनम ने कहा कि यदि मन में कुछ करने की इच्छा हो तो निश्चित ही उस दिशा में कार्य कर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विधि सत्संग परिवार के महेंद्र सैनी ने बताया कि चूरू के युवाओं ने एक बार फिर आरजेएस में सफलता हासिल कर चूरू को गौरवान्वित किया है तथा रोजगार की दृष्टि से कमजोर चूरू में युवाओं को एक राह दिखाई है। उन्होंने बताया कि संस्था से मार्गदर्शन प्राप्त कर चयनित होने वाले कुल 18 सदस्य हैं। इसी प्रकार, चूरू के प्रतिभा नगर निवासी वेदांत शर्मा पुत्र मुरारी लाल शर्मा का प्रथम प्रयास में न्यायिक मजिस्ट्रेट के पद पर चयन हुआ है। वेदांत के पिता मुरारीलाल संयुक्त निदेशक (स्कूल शिक्षा) कार्यालय में प्रशासनिक अधिकारी के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी माताजी मंजू शर्मा गृहिणी है। वेदांत ने अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर की कृपा, माता–पिता के आशीर्वाद और विधि सत्संग के मार्गदर्शन को दिया है।

# हाड़ौती में शूटिंग करने वाली फिल्मी टीमों को होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन संपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराएगा : अशोक माहेश्वरी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** होटल फेडरेशन ऑफ राजस्थान कोटा डिवीजन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी एवं महासचिव संदीप पाडिया ने कोटा में शुट हो रही पहले त्रिभाषिय विदेशी फिल्म फ्रसफेदफ्र की माहेश्वरी रिसॉर्ट पर करीब 24 घंटे तक हुई की शूटिंग को संपूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराई । फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने बताया कि देशी विदेशी फिल्मों के लिए हाड़ौती में बेहतरीन लोकेशन है यहां पर तीन अभ्यारण रिवर फ्रंट सिटी पार्क शेरगढ , गागरोन ,रामगढ के किले चम्बल नदी सहित कई बेहतरीन पर्यटक स्थल मौजूद है अगर इस तरह की शूटिंग हाड़ौती में होती है तो पूरे देश विदेश में हाड़ौती के पर्यटन का भरपूर प्रचार प्रसार होगा और हाड़ौती पर्यटन देश–विदेश के मानचित्र पर आ सकेगा । माहेश्वरी ने कहा कि फेडरेशन ने निर्णय लिया है कि पर्यटन विभाग जिस भी फिल्म की शूटिंग हाड़ौती में करने की अनुमति देगा हाड़ौती में होने वाली उन फिल्मों की शूटिंग के लिए आने वाली टीम को समस्त हाड़ौती कोटा बूंदी बारा झालावाड़ में जिस भी लोकेशन पर शूटिंग होगी उसे क्षेत्र के होटल रिसोर्ट में ठहरने खाने–पीने की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाएगी माहेश्वरी ने कहा कि इस फिल्म का स्क्रीनिंग कोटा के पीवीआर में करवाया जाएगा जिसमें मुंबई से फिल्म सेलिब्रिटी कलाकारों को बुलाया जाएगा । माहेश्वरी रिसॉर्ट के निर्देशक राजकुमार माहेश्वरी का की माहेश्वरी परिवार की बहू शैव्या गौतम माहेश्वरी भी इस फिल्म में अदाकार के रूप में रोल कर रही है माहेश्वरी रिसॉर्ट पर हुई फिल्म की शूटिंग में कोटा के कपिल सिद्धार्थ, डॉ. विजय सरदाना, शैव्या गौतम माहेश्वरी, नंदिनी भारतीय,अजहर अली, अनुकृति दुबे, जीपी मेहरा,समीर मेहता, राजेश विलायत राय, शिवानी रघुवंशी, प्रिय गौड़, मीनाक्षी सुमन के साथ बाल कलाकारों में सृजन,स्पर्श, सिद्धार्थ, प्रिशा, मॉलीशा, वान्या, एंजेल, सुगंध, श्लोक, हरिका, दिव्यांश, प्रांजल, अनुभा, सुहावी, विहान, प्रभव, अथर्व आदि ने अभिनय किया है। वहीं इटली के कलाकारों में गिउसेप्पे रेंजो, बिआन्का डी एंजेलिस, जिओवानी ईरियो, सोनिया पेर्रोने, वलेरिआ एकस्कीओ, निकोलो डाल्फिनो, गाब्रियल साराप्पा आदि ने भी शुटिंग मे हिस्सा लिया । माहेश्वरी रिसॉर्ट पर करीब 24 घंटे चली इस फिल्म की शूटिंग के दौरान सभी कलाकारों के लिए लंच डिनर व अन्य व्यवस्थाएं माहेश्वरी रिसॉर्ट द्वारा उपलब्ध कराई गई एवं सभी कलाकारों का राजस्थानी परंपरा से आतिथ्य संस्कार किया गया फेडरेशन की अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी ने बताया कि हम हाड़ौती में पर्यटन विकास के लिए पूरी तरह कटिबद्ध है हाड़ौती में फिल्मो के लिए सभी तरह की बेहतरीन लोकेशन है जो फिल्मी शूटिंग के लिए चाहिए हमारा पूरा प्रयास हुआ कि हाड़ौती को वेडिंग डेस्टिनेशन फिल्म टूरिज्म डेस्टिनेशन एवं टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में देश में विश्व के मानचित्र पर लाया जाए इसके लिए फेडरेशन भरपूर प्रयास करेगी ।

# प्रखर बने मिस्टर फ्रेशर एवं महिमा मिस फ्रेशर



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** ऐश्वर्या कॉलेज में फ्रेशर्स पार्टी 2024 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत सामाजिक कार्यकर्ता एवं होटल व्यवसायी विजयलक्ष्मी गलुण्डिया एवं अन्य अतिथियो द्वारा दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वन्दना के साथ हुई। ऐश्वर्या पीजी कॉलेज की प्राचार्या डॉ रितु पालीवाल ने बताया कि विद्यार्थियों द्वारा सोलो डांस, ग्रुप डांस, ड्रामा, फैशन शो की प्रस्तुतियां दी गयी जिसमे विद्यार्थियों का उत्साह देखते ही बना था। विविध प्रतियोगिताओं में विजेता रहने पर प्रखर शाह मिस्टर फ्रेशर तथा महिमा चुंडावत मिस फ्रेशर चुनी गई। विशाल राठौर मिस्टर ऐश्वर्या तथा फ़ेबा जेकोब मिस ऐश्वर्या एवं मेहुल सुथार मिस्टर सीनियर तथा निशिका कुमावत मिस सीनियर चुने गए। साथ ही मिस्टर फ्रेशर में रनरअप अभिजीत सेवक तथा मिस फ्रेशर रनरअप रक्षिता जैन रहे, मिस्टर ऐश्वर्या रनरअप मोनीष तथा मिस ऐश्वर्या में रनरअप प्रियल जोशी चुने गए।

मिस्टर सीनियर रनरअप हर्षवर्धन सिंह राणावत तथा मिस सीनियर रनरअप सीमा चौहान चुने गए। बेस्ट ड्रेस मेल में हेमन्त पटेल तथा फीमेल में मानसी पेमावत रहे साथ ही बेस्ट परफॉर्मर का खिताब मनय वर्मा के नाम रहा। ऐश्वर्या टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ राशि माथुर ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी साथ ही छात्रों का मार्गदर्शन करते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन एवं समय प्रबन्धन पर बल देते हुए कहा कि ऐश्वर्या कॉलेज विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं अत्याधुनिक शिक्षण पद्धति के माध्यम से उनके उज्ज्वल भविष्य को बनाने हेतुअनवरत रूप से कार्यरत हैं और आगे भी करता रहेगा। ऐश्वर्या कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्राचार्य गजाराम सीरवी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विजेताओं को शुभकामनाएं दी तथा कड़ी मेहनत और प्रतिभा को आधार बना जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

# अज़ात कारणो से प्रवासी परिन्दो की मृत्यु, पशुपालन विभाग आया हरकत मे..

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा ( नि.स. )** । रविवार को सांभर क्षेत्र में कुछ प्रवासी मृत पक्षियों की सूचना मिलने पर संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग जयपुर डॉ. हनुमान सहाय मीणा, डॉ. राकेश कुमावत नोडल अधिकारी फुलेरा,डीएफओ केतन कुमार,एडीएम जयपुर, उपखंड अधिकारी संभर लेक, डॉ. धर्म सिंह बी. वी. एच. ओ.सांभर, प्यारेलाल बैरवा पशुधन प्रसार अधिकारी ने सांभर झील का दौरा करके स्थिति का मौका मुआयना किया।

सांभर झील में 3 मृत और 4 घायल पक्षी मिले। घायल पक्षियों को रेस्क्यू सेंटर का काचरोदा में स्थानांतरित कर वहां चिकित्सकों की टीम द्वारा उनका उपचार किया गया। डॉ.नरेंद्र चौधरी नरेना, सीताराम नागा पशुधन प्रसार अधिकारी फुलेरा, राम निवास भटेश्वर पशुधन निरीक्षक, पूरणमल वर्मा पशुधन निरीक्षक काचरोदा, विष्णु कुमार जाजोटर पशु परिचर की



टीम ने संयुक्त निदेशक डॉ. हनुमान सहाय मीणा व डॉ राकेश कुमावत की उपस्थिति में उचित उपचार दिया गया। डॉ हनुमान सहाय मीणा संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग ने डॉ.लेनिन को मृत पक्षियों के सैंपल लेने के लिए दिशा निर्देश दिए।

# 27वीं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस राजमेडिकॉन - 2024 उमंग आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के मंगरोप रोड स्थित एक निजी होटल में शनिवार रविवार को 27वीं राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस राजमेडिकॉन – 2024 उमंग आयोजित हुई। और इसमें प्रदेश और देश भर के डॉक्टर्स शामिल होने पहुंचे। और चिकित्सा पद्धतियों में होने वाले आधुनिक बदलावों के बारे में विशेषज्ञ चिकित्सकों ने जूनियर डॉक्टर्स और रेजीडेंट डॉक्टर्स के लिए सेशन रखे गए।

पहली बार भीलवाड़ा में हुई कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरवी असोकन ने कहा कि हेल्थ मेनिफेस्टो ही मेडिकल प्रोफेशनल्स की आवाज सरकार तक पहुंचाने का एक जरिया है। और यह आवाज हमारे लोगों और उनके स्वास्थ्य के लिए है। सरकारें चाहे राज्य की हो या केंद्र की सभी स्वास्थ्य के प्रति उदासीन है, यह एक तरह का अपराध है जो सरकार हेल्थ सेक्टर के साथ करती आ रही है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन ने हेल्थ सेक्टर, मेडिकल प्रोफेशनल्स और पब्लिक हेल्थ यानि मरीजों के हितों के लिए हेल्थ मेनिफेस्टो बनाया है। यह मेनिफेस्टो देश भर के करीब 200 मेडिकल प्रोफेशनल एक्सपर्ट्स ने मिलकर तैयार किया है। यह केवल एक राज्य या देश के स्वास्थ्य की बात नहीं है बल्कि पूरे विश्व के स्वास्थ्य की देखभाल का सवाल है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन खुद इस पर काम कर रहा है, लेकिन हमारी सरकारों की नीतियों से लोगों को स्वास्थ्य लाभ लेने में कई पेंच खड़े हो रहे हैं।

डॉ. असोकन ने देश की मेडिकल एजुकेशन में चली आ रही बॉन्ड पॉलिसी का पुरजोर विरोध करते हुए कहा कि हमारा ही देश है जहां मेडिकल कॉलेजेस में हमारे मेडिकल ग्रेजुएट्स गुलामों की तरह प्रतिबंधित किए जाते हैं। देश में ही यह बॉन्ड पॉलिसी है, ऐसी किसी दूसरे देश में नीति नहीं है। इस पॉलिसी के तहत हमारे देश के किसी भी मेडिकल कॉलेज में पढ़ने वाले मेडिकल ग्रेजुएट्स, पोस्ट ग्रेजुएट्स हो या सुपर स्पेशलिस्ट्स, ये सभी बॉन्ड पॉलिसी के तहत प्रतिबंधित किए जाते हैं।

यह हमारे मेडिकल एजुकेशन के लिए शर्मनाक स्थितियां हैं। ऐसे और भी कई मुद्दे हैं, जिन पर मेडिकल एसोसिएशन सरकार से अपनी बात रखेगा। आयोजन समिति चेयरमेन डॉ. दुष्यंत शर्मा एवं सचिव डॉ. फरियाद मोहम्मद ने बताया कि पहले दिन छह सत्र हुए।

पहले सत्र में डॉ. अशोक शारदा ने देश की स्वास्थ्य को इंप्रूव करने के लिए हेल्थ बजट पर चर्चा की। डॉ. रवि वानखेडकर ने मेडिकल एथिक्स के बारे में व्याख्यान दिया। और इसी के साथ अन्य सत्रों में डॉ. राहुल कट्टा, डॉ. आशीष जाखेटिया, डॉ. रोहित रेबेलो, डॉ. मनन सरुपरिया, डॉ. देवेंद्र सरीन, डॉ. योगेश कुमार शर्मा, डॉ. एमके गुप्ता, डॉ. संजय गांधी सहित अनेक चिकित्सकों ने अलग–अलग विषयों पर व्याख्यान दिए।

## सम्पादकीय

# भारत-जर्मनी दोस्ती

भारत और जर्मनी के बीच कूटनीतिक संबंधों की शुरूआत 73 वर्ष पहले हुई थी लेकिन सामाजिक, सांस्कृतिक स्तर पर दोनों के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत में जब अंग्रेजों का शासन था तब प्राकृतिक संसाधनों के इस्तेमाल के इरादे से जंगलों के वैज्ञानिक प्रबंधन की शुरूआत हुई थी और इस काम की शुरूआती जमीन तैयार करने के लिए जिस व्यक्ति को पहला भारतीय वन महानिरीक्षक नियुक्त किया गया था वो थे जर्मन के वनस्पति शास्त्री डिट्रिच ब्रैंडिस, जिन्होंने भारत के देहरादून शहर में इम्पीरियल फॉरेस्ट स्कूल की नींव रखी थी। अब यही स्कूल वन अनुसंधान संस्थान कहलाता है। लम्बे समय तक भारत और जर्मनी के संबंध ठंडे पड़े रहे लेकिन पिछले कुछ वर्षों से दोनों देशों ने संबंधों को लेकर अच्छा खासा ध्यान दिया। धीरे-धीरे मैत्री की मजबूत नींब पड़ती गई और दोनों देशों की सरकारों के मध्य बातचीत के माध्यम से दोनों देश ऊर्जा, दक्षता, आपसी व्यापार और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के विस्तार सहित बहुपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर सहमत हुए। 2019 में भारत जर्मनी की बहुपक्षवाद की गठबंधन की पहल में शामिल हो गया। भारत के साथ आर्थिक संबंध तेज हुए और भारतीय बाजार के खुलने से जर्मन निर्यात और विदेशी निवेश में लगातार बढ़ौतरी हुई। अब जर्मनी यूरोप में भारत का प्राथमिक व्यापारिक भागीदार बन गया है। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज भारत दौरे पर हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता के दौरान कई मोर्चों पर सहयोग का ऐलान किया। वार्ता से पहले व्यवसायियों के सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए शोल्ज ने बहुत सारी साकारात्मक बातें कहीं। कई संधियों पर हस्ताक्षर भी हुए।

जर्मनी ने भारत के कुशल प्रोफैशनल्स के लिए अपने दरवाजे खोल दिए। अब जर्मनी हर साल बीस हजार की बजाय 90 हजार कुशल वर्क फोर्स को वीजा देगा। इससे आईटी, इंजीनियरिंग, हैल्थकेयर जैसे कई क्षेत्रों के भारतीय पेशेवरों को जर्मनी में काम करने का मौका मिलेगा। भारतीय कुशल पेशेवरों को लम्बे समय से प्रौद्योगिकी मैडिसिन और इंजीनियरिंग के सैक्टर्स में एक्सपर्ट होने के लिए जाना जाता रहा है। ये वो सैक्टर्स हैं जो जर्मनी के हाईटेक इंडस्ट्री के लिए बहुत ही ज्यादा महत्वपूर्ण माने जाते हैं। जर्मनी को अब अपनी वर्क फोर्स में हायली क्वालिफाइड प्रोफेशनल्स को शामिल करने का मौका मिलेगा जिससे उसकी आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ स्किल वर्कर्स की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी। दरअसल, जर्मन इन दिनों बूढ़ी होती आबादी की वजह से कई सारे सैक्टर्स में कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है। भारत से आने वाले स्किल वर्कर्स के लिए वीजा की संख्या बढ़ाने से जर्मनी के पास अब इस कमी से निपटने का मौका है ताकि उसकी इंडस्ट्री तेजी से आगे बढ़ती रहे। भारतीय प्रोफेशनल्स के जर्मनी पहुंचने से आईटी, इंजीनियरिंग और हैल्थकेयर सैक्टर को सबसे ज्यादा फायदा मिलेगा जो देश को ग्लोबल इकोनॉमी में टॉप पॉजिशन पर पहुंचा सकते हैं। जर्मन कम्पनियां लम्बे समय से चीनी बाजार पर ध्यान केन्द्रित करती आई हैं लेकिन भू-राजनीतिक तनाव के बीच अब उनके लिए भारत का महत्व बढ़ चुका है। जर्मन कम्पनियां ऑटोमोटिव, मशीनरी, कैमिकल आदि क्षेत्रों में चीन के आर्डर पर निर्भर रही हैं।

# अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक बैठक वाशिंगटन में भारत का आगाज

**अगर हम वर्तमान हरितनौकारियों वआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के कारण विश्व के अनेक देशों कों बेरोजगारी से बचाने कौशलता विकास रोजगार सृजन को समझने की करें तो,वित्तमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्सपर अपने आधिकारिक खाते पर इस बात पर जोर दिया कि निरंतर आर्थिक चुनौतियों और तेजी से हो रहे प्रौद्योगिकी बदलावों को देखते हुए नौकरियां सबसे बड़ी वैश्विक समस्या बनी हैं, जो युवाओं के लिए नौकरी बाजार में प्रवेश करने के वास्ते आवश्यक कौशल को पुनर्परिभाषित कर रही हैं।**

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र





वैश्विक स्तरपर बदलते परिपेश में हर क्षेत्र में डिजिटाइजेशन व प्रौद्योगिकी विकास में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तथा प्रौद्योगिकी तकनीक के तेजी से विकास के कारण अब ऑफिस स्टाफ को संकुचित करना व्यापार उद्योग सेवा वाणिज्य क्षेत्रके लिए ज़रूरी हो गयाहै,क्योंकि इस वैश्विक कंपटीशन ऑनलाइन युग में कम कीमतें अधिक सेवा वाला फंडा चल रहा है, जो एआई के बिना संभव नहीं हो सकता, जिसका सीधा प्रभाव नौकरियों पर पड़ रहा है वैश्विक स्तरपर बड़ी तादाद में नौकरियां रिमूव हो रही है, बेरोजगारी अत्यधिक बढ़ रही है जिसका उपाय पूरी दुनियाँ के लिए करना ज़रूरी है, जिसमें विश्व बैंक व अंतरराष्ट्रीय मॉनेटरी फंड की भूमिका अहम हो जाती है क्योंकि अब ट्रेंड कौशलता विकास की ओर बढ़ रहा है जिसके लिए अब आईएमएफ डब्लूबी का रोल अहम हो गया है। इस विषय पर आज हम बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि केंद्रीय वित्तमंत्री 20 से 26 अक्टूबर 2024 तक अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों, चौथी जी20 वित्त मंत्रियों और सेंट्रल बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) बैठकों के अलावा एफएमसीबीजी पर्यावरण मंत्रियों और विदेश मंत्रियों की जी 20 संयुक्त बैठक और जी 7-अफ्रीका मंत्रिस्तरीय गोलमेज सम्मेलन में भाग लिया, और उन्होंने आईएमएफ तथा डब्ल्यूबी व अनेक संस्थाओं से चर्चा कर उपरोक्त विषय पर विचार विमर्श किया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक क़ी वार्षिक बैठक वाशिंगटन में भारत का आगाज़।

विश्व बैंक ने इससे पहले क्षेत्रीय रुझानों तथा रोजगार पर उनके संभावित प्रभाव पर कई अध्ययन किए हैं। इनमें हरित नौकरियां, कृत्रिम मेधा के चलन में आने के बाद नौकरियां और बदलती जनसांख्यिकी के कारण बदलाव जैसे क्षेत्र आदि विषयों पर अध्ययन किए गए।हालांकि, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि समय की मांग है कि अधिक व्यापक, बहु-क्षेत्रीय विश्लेषण किया जाए। इसमें इस बात पर गौर किया जाए कि उभरते रुझान किस प्रकार परस्पर क्रिया करते हैं और कैसे नौकरी छूटने तथा नौकरी सृजन दोनों को प्रभावित करते हैं।वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में विश्व बैंक से आग्रह किया कि वह डेटा, विश्लेषण तथा ज्ञान कार्य के आधार पर उच्च प्राथमिकता वाले कौशल क्षेत्रों की पहचान करने में देशों के साथ सहयोग करे, जिसमें रोजगार सृजन, कौशल मिलान और श्रम बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित किया जाए। साथियों बात अगर हम केंद्रीय वित्तमंत्री के अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक सभा में व्यक्ति किए गए विचारों की करें तो,उन्होंने मझोले इनकम वाले देशों के लिए विश्व बैंक से किफ़ायती लोन की मांग की,वित्त मंत्री ने वैश्विक इंडेक्स और देश की तुलना करने में विश्व बैंक के डेटा-संचालित, साक्ष्य-आधारित नजरिया अपनाने की जरूरत पर जोर दिया। वित्तमंत्री ने आईएमएफ के साथ अपनी सालाना बैठक के दौरान विश्व बैंक से और अधिक किफ़ायती और सस्ते लोन की मांग की है शुक्रवार को वाशिंगटन, डी.सी. में विश्व बैंक की 2024 की वार्षिक बैठकों में भविष्यके लिए तैयार विश्व बैंक समूहपरविकास समिति के पूर्ण सत्र में बोलते हुए ये बातें कही, वित्त मंत्रालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा केंद्रीय वित्त मंत्री ने व्यापक भागीदारी को बढ़ावा देने, मध्यम आय वाले देशों को अधिक उधार लेने के लिए प्रोत्साहित करने और विकास प्रभाव को गहरा करने के लिए अधिक प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण मॉडल के साथ एक अधिक किफ़ायती विश्व बैंक की मांग की,उन्होंने भारत की इस स्थिति की पुष्टि की कि विश्वव्यापी गवर्नेंस इंडिकेटर और नए प्रस्तावित बी-रेडी इंडेक्स जैसे ऑब्जेक्टिव डेटा पर आधारित होने चाहिए।

साथियों बात अगर हम केंद्रीय वित्तमंत्री द्वारा आईएमएफ डब्ल्यूबी बैठक में दिए गए सुझावों की करें तो,उन्होंने विश्व बैंक से अपने ऋण मॉडल को और अधिक किफायती बनाने और मध्यम आय वाले देशों से व्यापक भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिस्पर्धी मूल्य निर्धारण की अपील की,उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस तरह का नजरिया इन देशों को विश्व बैंक के साथ अधिक जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है, जिससे अंततः बैंक के कार्यक्रमों के विकास प्रभाव में वृद्धि होगी।बहुपक्षीय विकास बैंकों के इतिहास पर विचार करते हुए, उन्होंने 1944 के ब्रेटन वुड्स सम्मेलन में इन संस्थानों की नींव को आकार देने में ग्लोबल साउथ की अहम भूमिका का जिक्र किया। उन्होंने समावेशी, वैश्विक विकास ढांचे की स्थापना के लिए विश्व बैंक की निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में अलग-अलग नजरिए को शामिल करने के महत्व पर जोर दिया।

अपनी सिफारिशों के हिस्से के रूप में, सीतारमण ने विश्व बैंक को डिजिटल समावेशन और सतत ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में ग्लोबल साउथ के परिवर्तनकारी अनुभवों से इनोवेशन्स के दो-तरफ़ा आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया. उन्होंने सुझाव दिया कि ये योगदान समान चुनौतियों का सामना कर रहे बाकी देशों के लिए मूल्यवान आंतरिक नजरिया और समाधान प्रदान कर सकते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन का इसका विशेषण करें तो हम पाएंगे कि अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष व विश्व बैंक की वार्षिक बैठक वाशिंगटन में भारत का आगाज़।विश्व बैंक उच्च प्राथमिकता वाले कौशल क्षेत्र की पहचान कर रोजगार व कौशल प्लान व श्रम बनाए रखने में देशों के साथ सहयोग की सलाह।हरित नौकरियों व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस चालन के बाद, उभरते रुझानों से नौकरी छूटने तथा नौकरी सृजन पर प्रभाव का संज्ञान लेना ज़रूरी है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



श्री एन.के.जैन
(पूर्व डिप्टी कमिश्नर जीएसटी)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं जीएसटी के पूर्व डिप्टी कमिश्नर श्री एन के जैन। बेहद सुलझे हुए व सरल इंसान के रूप में लोगों में उनकी पहचान बनी हुई है। इनका जन्म 31 दिसम्बर सन 1959 में हरियाणा के धारूहेड़ा में हुआ। इनका जन्म पर इनके परिवार में ही खुशियां नहीं मनाई गई बल्कि पूरे विश्व ने खुशियां मनाई क्योंकि 31 दिसम्बर को पूरे विश्व में नये साल का जश्न मनाया जाता है। इनकी शिक्षा एम.कॉम राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर से पीएचडी के रूप में हुई इसके साथ ही हरियाणा बोर्ड और एम.कॉम की मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। अकाउंटेंसी में सरकारी कॉलेजों में लेक्चरर के रूप में काम किया। 1997 में राजस्थान वाणिज्यिक कर सेवाओं में चयनित होकर अलवर भिवाड़ी जयपुर बयाना करौली में विभिन्न पदों पर कार्य किया। अपने समय में जब जीएसटी की परिभाषा अधिकारियों व विभाग के पल्ले नहीं पड़ती थी तब इन्होंने जीएसटी पर गहन अध्यन कर लोगों को जीएसटी के लिए जागरूक किया जिसका परिणाम सरकार में रिकॉर्ड तोड़ राजस्व की प्राप्ति हुई। विभाग में रहे तो अपने अधिकारियों व अपने अधिनस्थ कर्मचारियों के मध्य भाईचारे व मित्रवत व्यवहार के कारण आज भी इन्हे जाना जाता है वरना सीट से हटने के बाद व्यक्ति ही हैसियत क्या रह जाती है ये किसी से छिपा हुआ नहीं है। अपने बेहतरीन कार्यशैली के बाद जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर के पद से सेवानिवृत्त हुए और अब समाज सेवा में हैं। आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान के सदस्य प्रबंधन समिति के सदस्य, महावीर इंटरनेशनल के सदस्य, अपना घर आश्रम के आजीवन सदस्य के रूप में काम किया। टीचिंग सीए छात्रों को बिना किसी शुल्क के जीएसटी के लिए परामर्श दे रहे हैं। एक प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता सरला जैन से विवाह हुआ। अपने दाम्पत्य जीवन को खुशी पूर्वक निभाकर समाज को एक बेहतरीन संदेश भी दे रहे हैं। इसके साथ ही युवाओं को शेयर बाजार में काम करने वाले लोगों को प्रशिक्षित व प्रेरित कर उन्हे जौखिम से लड़ने की अभूतपूर्व शक्तियां प्रदान कर रहे हैं। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 28 अक्टूबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- क्रिस्टोफर कोलम्बस ने क्यूबा के पूर्वी तट की खोज 1492 में की, जिसके पश्चात स्पेन की सेनाएं इस क्षेत्र में पहुँचीं थी।
- बंगाल मे ब्रिटिश इंडियन एसोशिएसन की स्थापना 1851 में हुई
- जिनेवा मे हुए कांफ्रेंस के तहत अंतराष्ट्रीय रेड क्रास समिति का गठन 1863 में किया गया।
- अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति ग्रोवर क्लीवलैंड ने 1886 में दोस्ती के प्रतीक के तौर पर फ्रांस से उपहार में मिली 'स्टैच्यु ऑफ लिबर्टी' का औपचारिक अनावरण किया।
- जापान में 1891 को आए भूकंप से 7300 लोगों की मौत।
- जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा की स्थापना 1913 में हुई
- ऑस्ट्रिया और हंगरी के 1918 में अलग होने के बाद चेकोस्लोवाकिया स्वतंत्र हुआ।
- इटली में रोम मार्च के द्वारा फासिस्ट शक्तियों ने 1922 में सत्ता पर अधिकार कर लिया और मुसोलनी वहाँ का प्रधानमंत्री बना।
- लाल सेना ने 1922 में व्लादिवोस्तोक का अधिग्रहण किया।
- अमेरिकी शेयर बाजार 1929 में वॉल स्ट्रीट धराशायी हुआ। जिससे कारोबार बाजार 24 फीसदी गिर गया। इसे अमेरिकी इतिहास की सबसे बड़ी गिरावट कहा जाता है।
- इटली की फ़ासीवादी सरकार के अध्यक्ष मोसोलीनी के नेतृत्व में इस देश की दो लाख की सेना ने 1940 में यूनान पर आक्रमण किया।
- दूसरे विश्व युद्ध में जर्मनी के घटक बुलगारिया ने 1944 में बिना शर्त सोवियत संघ के सामने समर्पण कर दिया।
- अर्नेस्ट हेमिंग्वे को 1954 में साहित्य का नोबल पुरस्कार मिला।
- मिस्त्र और सऊदी अरब ने 1955 में रक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए।
- सोवियत संघ के नेता निकिता ख्रुश्चेव ने 1962 में घोषणा की, की उनका देश अमरीका के निशाने पर सधी, क्यूबा में तैनात परमाणु मिसायलें हटा लेगा।
- इंटरपोल की 67वीं आमसभा अत्याधुनिक तकनीक आतंकवाद और अन्य आधुनिक संगठित अपराधों से निपटने की एक नयी रणनीति के साथ 1998 में समाप्त।
- जर्मनी के चांसलर गेरहार्ड श्रोडर 2001 में भारत की यात्रा पर आये, जापान के प्रधानमंत्री जुनीशिरो कोअजुमी के विशेष दूत योसितो मोरी भारत दौरे पर आये।
- बीजिंग में 4000 वर्ष पुराने मकबरों का पता 2004 में लगा। परमाणु मसले पर ईराक के साथ यूरोपीय संघ की वार्ता विफल।
- चेकोस्लोवाकिया देश ने 2005 में अपनी स्वतंत्रता की घोषणा की।
- पाकिस्तान के पेशावर में 2009 को बम धमाके से 117 मरे, 213 घायल।
- सीरिया में 2012 को संघर्ष विराम का उल्लंघन, 128 लोग मारे गये।
- जर्मनी के सेबेस्टियन वेटेल ने वर्ष 2012 का फार्मूला वन इंडियन ग्रां प्री खिताब जीता।

## विशेष आलेख

# उत्तरप्रदेश के 9 सीटों के उपचुनाव से मालूम हो जाएगा कि प्रदेश में किस पार्टी में है कितना दम ?

अशोक भाटिया



उत्तरप्रदेश में कभी कांग्रेस के रहे वर्चस्व के बाद बारी-बारी से बसपा , सपा और भाजपा का वर्चस्व रहा है। इस समय वहां भाजपा के योगी जी का शासन कायम है पर पिछले 2024 लोकसभा चुनाव में सपा द्वारा 37 सीट जीत लेने के बाद उसका बर्गिन पॉवर बढ़ गया है। आगामी 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में सपा पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक (पीडीए) फार्मूले के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन करने वाली सपा उपचुनाव को 2027 का सेमीफाइनल मान रही है। यही कारण है कि सपा ने कांग्रेस के दबाव में आए बिना हर सीट पर अपने प्रत्याशियों को पहले ही उतारने की घोषणा कर दी थी । शिवपाल सिंह यादव सहित कई बड़े नेताओं को चुनाव प्रभारी बनाया गया। अब सपा के सामने जहां वर्ष 2022 की जीती हुई सीटों पर अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है, वहीं, भाजपा के हिस्से वाली सीटों पर सपा को अपने पिछले प्रदर्शन को सुधारने की चिंता भी।

इस चुनाव में इंडिया गठबंधन की मुख्य पार्टी कांग्रेस उत्तरप्रदेश के इस उपचुनाव में लगभग बाहर हो गई है ,बाकी अब सपा और भाजपा में ही मुख्य मुकाबला होना था पर मायावती की बसपा ने भी इंट्री करली है । वैसे तो बसपा हमेशा उपचुनावों से दूर रहती है पर इस चुनाव वह भी 9 सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ रही है । अब मुकाबला त्रिकोणीय होना तय है ।इस चुनाव में बात करे सपा की तो सपा की चिंता इसलिए भी बढ़ी है, क्योंकि पश्चिमी यूपी में पिछली बार उसको रालोद का साथ मिला था। इस बार रालोद भाजपा के साथ है। वहीं, सपा आईएनडीआई गठबंधन में जिस कांग्रेस के साथ लड़ने की सोच रही थी उसका पिछले विधानसभा का प्रदर्शन निराशाजनक था इसी कारण शायद सपा उससे दूर हो गई । जिन नौ सीटों पर उपचुनाव होने जा रहा है उसमें भाजपा ने वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में गाजियाबाद, खैर और फूलपुर जीती थी। मझवां सीट एनडीए गठबंधन की निषाद पार्टी ने जीता था। वहीं, सपा गठबंधन में रहते हुए मीरापुर सीट पर राष्ट्रीय लोकदल ने जीत दर्ज की थी। इस बार राष्ट्रीय लोकदल भाजपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। सपा ने अपने चुनाव चिन्ह पर सीसामऊ, करहल, कटेहरी और कुंदरकी सीट जीती थी। करहल सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के कन्नौज से सांसद बनने के बाद रिक्त हुई है ।करहल जहां सपा के लिए नाक का सवाल बन गई है, वहीं, सीसामऊ, फूलपुर, कुंदरकी और कटेहरी की हार- जीत उनके वरिष्ठ नेताओं का कद भी तय करेगी। सपा महासचिव शिवपाल सिंह यादव कटेहरी के चुनाव प्रभारी हैं। इस सीट की जिम्मेदारी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ली है। इसी तरह वीरेंद्र सिंह को मझवां, चंद्रदेव यादव को करहल, इंद्रजीत सरोज को फूलपुर और राजेंद्र कुमार को सीसामऊ सीट का प्रभारी बनाया गया है। फूलपुर सीट वर्ष 2012 में सपा जीती थी। हालांकि, वर्ष 2017 में इसे भाजपा ने सपा से छीन लिया था। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में फूलपुर सीट पर भाजपा और सपा के बीच कांटे की टक्कर हुई थी। भाजपा के प्रवीण सिंह पटेल से सपा के मो . मुज्तबा सिद्दीकी केवल 2732 वोटों से हार गए थे। बसपा ने 33 हजार वोट पाकर सपा का खेल बिगाड़ दिया था। कुर्मी बहुल इस सीट पर भाजपा ने फिर से इसी समाज के दीपक पटेल को टिकट दिया है। सपा ने भी पिछले विधानसभा चुनाव लड़ने वाले अपने प्रत्याशी मो . मुज्तबा सिद्दीकी को फिर मैदान में उतारा है। मीरजापुर की मझवां सीट पर पिछले चुनाव में एनडीए में शामिल निषाद पार्टी के डॉ . विनोद कुमार बिंद को 1,03,235 वोट मिले थे, वहीं, सपा को 69,648 मत प्राप्त हुए थे। इस बार सपा ने बिंद समाज से ही पूर्व सांसद रमेश बिंद की बेटी डॉ . ज्योति बिंद पर दांव लगाया है ।पिछले चुनाव में भाजपा से 33587 वोटों से पिछड़ने वाली सपा के लिए यह सीट किसी चुनौती से कम नहीं है। इसी तरह सपा के लिए गाजियाबाद और खैर सीट पर अपना प्रदर्शन बेहतर करने की चिंता सबसे अधिक है। सपा 2004 के बाद गाजियाबाद सीट पर कभी जीत दर्ज नहीं करा सकी है। 2007 से यह सीट भाजपा का मजबूत किला है। 2022 के चुनाव में भाजपा को इस सीट पर कुल 61 .37 प्रतिशत वोट मिले थे, वहीं, सपा को केवल 18 .25 और कांग्रेस को 4 .81 प्रतिशत वोट प्राप्त हुए थे। करहल विधानसभा सीट से 2022 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रमुख अखिलेश यादव को जीत मिली थी। तब उन्होंने भाजपा के उम्मीदवार एसपी सिंह बघेल को हराया था। एसपी सिंह बघेल इस बार आगरा संसदीय सीट से चुनाव जीते हैं। करहल समाजवादी पार्टी का गढ़ है और सपा यहां कई बार चुनाव जीत चुकी है ।2022 के विधानसभा चुनाव में अखिलेश यादव को 1,47,237 वोट मिले थे जबकि एसपी सिंह बघेल को 80,455 और बसपा उम्मीदवार कुलदीप नारायण को 15,643 वोट मिले थे। सपा को पूरी उम्मीद है कि वह इस सीट पर फिर से जीत हासिल करेगी। इस बार सपा ने तेज प्रताप यादव, बीजेपी ने अनुजेश यादव और बसपा ने अविनाश कुमार शाक्य को टिकट दिया है। खैर विधानसभा सीट अलीगढ़ जिले में है और यह अनूप प्रधान वाल्मीकि के हाथरस सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। अनूप प्रधान वाल्मीकि यहां से दो बार विधायक रहे और योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री थे। भाजपा के अलावा आरएलडी और बसपा की भी इस सीट पर अच्छी मौजूदगी है। 2022 के विधानसभा चुनाव में अनूप प्रधान वाल्मीकि को 1,38,517, बसपा उम्मीदवार डॉ . चारू कैन को 64,996 और आरएलडी के उम्मीदवार भगवती प्रसाद को 41,154 वोट मिले थे ।खैर में बीजेपी मजबूत है लेकिन बसपा उम्मीदवार के इस बार सपा के टिकट पर चुनाव लड़ने की वजह से पार्टी के सामने चुनौती खड़ी हुई है। हालांकि भाजपा को भी यहां आरएलडी के कार्यकर्ताओं का समर्थन मिलेगा। खैर में इस बार सपा ने डॉ . चारू कैन, भाजपा ने सुरेंद्र दिलेर और बसपा ने डॉ . पहल सिंह को टिकट दिया है। मीरापुर विधानसभा सीट मुजफ्फरनगर जिले में है। 2022 के विधानसभा चुनाव में यहां से आरएलडी के टिकट पर लड़े चंदन चौहान चुनाव जीते थे। तब आरएलडी का सपा के साथ गठबंधन था। 2022 के चुनाव में चंदन चौहान को 1,07,124, बीजेपी के उम्मीदवार प्रशांत चौधरी को 79,693 और बसपा के उम्मीदवार मोहम्मद सालिम को 23,733 वोट मिले थे। लोकसभा चुनाव से पहले आरएलडी ने बीजेपी के साथ हाथ मिला लिया था। इस सीट पर निश्चित रूप से कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा ।मीरापुर सीट पर आरएलडी की ओर से मिथलेश पाल, सपा ने सुम्बुल राणा और बसपा ने शाह नजर को उम्मीदवार बनाया है। सीसामऊ सीट पर सपा की ओर से नसीम सोलंकी, भाजपा ने सुरेश अवस्थी और बसपा ने वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया है। कुंदरकी विधानसभा सीट मुरादाबाद जिले में है। यह सीट जिया उर रहमान के लोकसभा चुनाव में संभल सीट से सांसद चुने जाने की वजह से खाली हुई है। इस सीट पर 62त्न मुस्लिम मतदाता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में कुंदरकी सीट पर सपा उम्मीदवार जिया उर रहमान को 1,25,465, बीजेपी उम्मीदवार कमल कुमार को 82,467 और बसपा प्रत्याशी मोहम्मद रिजवान को 42,645 वोट मिले थे।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज आपका दिन बहुत खुशी और आनंद में गुजरेगा। आप व्यापार के काम में ज्यादा व्यस्त रहेंगे तथा उससे आर्थिक लाभ भी होगा। अधिक लोगों का साथ आज मिलने से किसी राजनीतिक या सामाजिक चर्चा के प्रसंग बनेंगे।

**वृष**

दांपत्य जीवन में सुख और संतोष का अनुभव होगा। दोपहर और शाम के समय आप अपनी वाणी और व्यवहार पर संयम रखें। यात्रा टालना आपके लिए हितकर रहेगा। आज आध्यात्मिक सिद्धि मिलने के योग हैं।

**मिथुन**

सर्दी-खांसी, कफ या बुखार की समस्या हो सकती है। धार्मिक कामों के पीछे भी धन खर्च हो सकता है। स्वजनों से वियोग होगा। परंतु दोपहर के बाद कुछ अनुकूलता रह सकती है। काम करने से उत्साह में वृद्धि हो सकती है।

**कर्क**

परिश्रम की तुलना में परिणाम कम मिलेंगे। दोपहर के बाद आप शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता का अनुभव करेंगे। मित्रों, स्वजनों के साथ आनंदपूर्वक समय बीतेगा। आज आप धार्मिक या पुण्य के काम में लगे रहेंगे। पारिवारिक वातावरण आनंदप्रद रहेगा।

**सिंह**

आप आज शारीरिक तथा मानसिक रूप से व्याकुलता और अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। क्रोध की मात्रा अधिक रहने से किसी के साथ विवाद भी हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आप की शारीरिक स्थिति में सुधार होगा।

**कन्या**

खान-पान में संयम रखें। बातचीत करते समय किसी के साथ उग्रतापूर्ण भाषा का प्रयोग न हो जाए, इसके लिए जुबां पर संयम रखें। घर-परिवार और मित्रों के साथ समय अच्छा गुजरेगा। आज आप किसी बात की दुविधा में रह सकते हैं। आर्थिक लाभ होने की संभावना है।

**तुला**

शारीरिक तथा मानसिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों के साथ मेल-मिलाप होगा, परंतु दोपहर के बाद स्वास्थ्य में परिवर्तन हो सकता है। परिजनों के साथ मन दुख के प्रसंग भी बन सकते है।

**वृश्चिक**

सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। धर्म, कर्म करने में अरुचि हो सकती है। इस समय किसी के झगड़े में आप ना पड़ें। दोनों जगहों पर जरूरी चर्चाओं में समय निकलेगा। काम का बोझ बढ़ने से स्वास्थ्य में कुछ शिथिलता रहेगी।

**धनु**

सामाजिक क्षेत्र में आप के काम की प्रशंसा होगी। वाहन सुख मिलेगा। आज दिन की शुरुआत में आप शारीरिक तथा मानसिक रूप से थोड़ी शिथिलता का अनुभव करेंगे। काम के लिए कुछ अधिक भागदौड़ मची रहेगी।

**मकर**

आज सोच-समझकर बोलिएगा, जिससे किसी के साथ विवाद न हो। धार्मिक तथा मांगलिक आयोजनों में जाने का कार्यक्रम बनेगा। आज आप सामाजिक कार्यक्रमों में प्रशंसा प्राप्त कर सकेंगे। प्रियपात्र मिलने से आपका मन खुश रहेगा।

**कुंभ**

व्यापार और नौकरी में पार्टनर या अधिकारी के साथ सार्थक चर्चा होगी। नए मित्र बन सकते हैं, जो कि भविष्य में आपके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकते हैं। प्रवास या पर्यटन का आयोजन हो सकता है।

**मीन**

प्रिय मित्र के मिलने से दिन आनंद में गुजरेगा। सामाजिक कामों में भाग लेने की इच्छा पूरी हो सकती है। आज आप किसी बात का गहरा विचार करेंगे। ज्योतिष या आध्यात्म के विषय के प्रति आपका ध्यान आकर्षित होगा। स्वास्थ्य नरम रहेगा। अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# प्रदेश की सातो विधानसभा उपचुनावो में भाजपा भारी बहुमत से जीत हासिल करेगी : राजेन्द्र राठौड़

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने दावा किया है कि प्रदेश में 13 नवम्बर को होने वाले उपचुनावो में भाजपा सभी सातो सीटो पर भारी मतो से जीत हासिल कर रिकार्ड कायम करेगी।

राठौड़ रविवार को मालपुरा प्रवास के दौरान समारोह में भाग लेने के बाद अविकानगर केविश्राम गृह में पत्रकारो से रूबरू होकर बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश की भाजपा सरकार दस माह के अल्प कार्यकाल में हासिल उपलब्धियो के दम पर जनता का एक बार फिर विश्वास प्राप्त करेगी। राठौड़ ने दावा करते हुए कहा कि उप चुनावो में भाजपा कांग्रेस से छ सीटे छीन कर जनता का विश्वास बनाए रखने में सफल होने के कगार पर खड़ी है। प्रदेश के युवा कांग्रेस शासन काल में हुई प्रतियोगी परीक्षाओं की धांधलीओ को लेकर काफी परेशान थे। कांग्रेस शासनकाल में प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होना एक आम बात हो गई थी।लेकिन भाजपा



सरकार ने जब से प्रदेश की सत्ता संभाली है तब से लेकर अब तक हुई सभी प्रतियोगी परीक्षाऐं पारदर्शिता के साथ पूर्ण हुई है। जिसके चलते प्रदेश की भाजपा सरकार के प्रति प्रदेश के युवाओं का विश्वास बढ़ा है जो भविष्य के लिए शुभ संकेत माना जा रहा है। राठोड़ ने एक बार फिर कठोर और कड़े शब्दो में कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार पेपर लीक करने वालो पर लगातार शिकंजा कस रही हे और वह दिन दूर नहीं जब पेपर लीक करने वाले व युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जेलो में होगें।

**भाजपा नेताओं ने राठौड़ के सम्मान में बिछाए पलक पावड़े :** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ के मालपुरा प्रवास के दौरान दूदू रोड स्थित एक होटल में भाजपा नेताओं ने राठोड़ के स्वागत में पलक पावड़े बिछाए। इस दौरान भाजपा उद्योग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक नरेन्द्र कुमार जैन नीटू, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जेन, कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर, युवा समाजसेवी जिनेन्द्र कुमार मेन्दवास्या, सुशील जेन, रमेश शर्मा राजपुरा, भूपेन्द्र नामा , चेतन पाराशर, सुरेन्द्र जैन, सत्यनारायण विजय सहित अन्य कई भाजपाई मौजुद रहे।

**रोटरी क्लब सिटी ने किया स्वागत :** इससे पहले विश्राम गृह में मौजुद रोटरी क्लब मालपुरा के अध्यक्ष डॉ. राकेश जेन, सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, शेरसिंह राजावत, रघुवीर सिंह आखतड़ी, लक्ष्मण सिंह, जगदीश सिंह कड़ीला, सुरेन्द्र सिंह, नारायण सिंह आमली, हनुमान प्रसाद विजय, कृष्णगोपाल गुर्जर, रामचन्द्र नामा सहित अन्य मौजुद लोगो ने राठौड़ सहित उनके साथ आए श्री राजपूत सभा के प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह चंदलाई की अगवानी कर जोरदार स्वागत किया।

**व्यास सर्किल पर कड़ीला सरपंच नरेन्द्र सिंह ने किया स्वागत :** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, राजपूत सभा के प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह चंदलाई का व्यास सर्किल पर कड़ीला सरपंच नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में मौजुद समाजबंधुओं ने अगवानी कर स्वागत किया।

**अभिभाषक संघ ने किया स्वागत :-** पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र सिंह राठौड़ के मालपुरा प्रवास पर आने के दौरान अभिभाषक संघ मालपुरा के अध्यक्ष एडवोकेट रविकुमार जैन के नेतृत्व में संघ के प्रतिनिधिमंडल ने राठौड़ का जोरदार स्वागत किया।

### मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना
## ई-मित्र पर निःशुल्क करवाएं पंजीकरण एक नवंबर से मिल सकेगा लाभ

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का नवंबर माह से लाभ लेने के लिए पंजीयन करवाने के लिए अब कुछ ही दिन शेष हैं। इस माह 31 अक्टूबर तक पंजीकरण नहीं करवाने वाले परिवारों को योजना का लाभ लेने के लिए तीन माह का इंतजार करना पड़ेगा। योजना में जिले के सभी वंचित परिवार स्वयं की एसएसओ आईडी या ई–मित्र के माध्यम से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं, ताकि एक अगस्त 2024 से योजना का लाभ मिल सके। सीएमएचओ डॉ. धर्मसिह मीना ने बताया कि सरकार की मंशा है कि अधिकाधिक आमजन इस योजना में पंजीयन करवा कर आगामी दिनों में इलाज के भारी–भरकम खर्च और चिंताओं से मुक्त हों। पंजीयन करवाने के बाद उन्हें व परिवारजनों को 25 लाख रूपए तक का निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। साथ ही 10 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा भी निःशुल्क मिलेगा। उन्होंने बताया कि योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना–2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड–19 अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है। उन्होंने बताया कि कई बार परिवार का पंजीकरण नहीं होने और बीमारी या दुर्घटना होने की स्थिति से परिवार निशुल्क उपचार से वंचित हो जाते हैं और बड़ा आर्थिक नुकसान होता है, इसलिए जरूरी है कि पंजीकरण करवाया जाए।

## आयुर्वेद विभाग का मामला- सूचना के अधिकार में हुआ खुलासा सिर्फ 2 रू. में ही होता है उपचार, वर्षों से नहीं है बढ़ा बजट

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** आज के समय में जब 2 रू. में हरा धनिया भी नहीं आता, तब ऐसे समय में आयुर्वेद विभाग में चिकित्सा आने वाले लोगों का उपचार मात्र 2 रू. में ही करते हैं। सुनने में भले ही अजीबोगरीब लगे लेकिन यह बा इसकी बानगी आयुर्वेद विभाग में बहुत ही अच्छी तरीके से देखी और समझी जा सकती है। हास्यास्पद बात यह है कि ब्लॉक स्तर पर ब्लॉक अधिकारी का कोई नियमित पद सृजित ही नहीं है , फिर भी राठौड़ी के दम पर चिकित्सा अधिकारियों से ब्लॉक अधिकारी का काम लिया जा रहा है। है कि वह सूचना के अधिकार के अंतर्गत विभाग से मांगी गई सूचना में आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक एवं राज्य लोक सूचना अधिकारी डॉ मोहन सिंह मीणा ने स्पष्ट किया है कि राज्य में किसी भी जिले में ब्लॉक अधिकारी का नाटक कोई पद सृजित है ना ही कोई कार्यालय इसके लिए आकबवंटित किया गया है! उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि जब कोई कार्यालय या पदनाम ही सृजित नहीं है तो बजट की बात करना ही उचित नहीं है। ऐसे में स्पष्ट है कि राज्य के हर जिले में आयुर्वेद विभाग में ब्लॉक अधिकारी के नाम पर चिकित्सकों से राठौड़ी के रूप में काम लिया जा रहा है। आयुर्वेद विभाग के एक चिकित्सक ने नाम नहीं प्रकाशित करने की शर्त पर बताया कि उन्हें अपने विभागीय मूल कार्य जो कि चिकित्सा पेशा है एक अन्य आयुर्वेदिक चिकित्सक ने बताया कि विभाग में प्रति रोगी 2 रू. का बजट स्वीकृत किया गया है। 28– 29 साल पहले संशोधित हुआ था; जिसमें एक रुपए में इलाज करना शामिल था तथा लेकिन बाद में इसे 2 रु. कर दिया गया। चौंकाने वाली बात यह भी है कि राज्य सरकार एवं भारत सरकार अन्य पद्धति जैसे एलोपैथी पर भारी भरकम बजट स्वीकृत करती है बावजूद इसके अधिकांश रोगियों को आयोजित चिकित्सा पर ही पूर्ण भरोसा है। बावजूद इसके ना तो भारत सरकार ही जागी ना ही राज्य सरकार इसका सबसे बड़ा नुकसान निकले एवं मध्य वर्ग को हो रहा है क्योंकि आयुर्वेद दवाइयां काफी महंगी आती है ।

## जांगिड़ समाज की बैठक में निर्माण कार्य को लेकर हुई चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** भगवान श्री विश्वकर्मा मंदिर में अखिल भारतीय जांगिड़ समाज तहसील सभा एवं विकास समिति की संयुक्त बैठक नारायणलाल जांगिड़ भूरटिया एवं रामेश्वरप्रसाद जांगिड़ की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रवक्ता मनीष जांगिड बहकवा ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से देवउठनी एकादशी के बाद छात्रावास निर्माण को पुनः प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया एवं ठेकेदार पुरुषोत्तम कुमावत को निर्माण संबंधी कार्य का भुगतान किया। उन्होंने बताया कि आगामी बैठक में दुकानों को किराए पर देने को लेकर विचार किया जाएगा जिसमें इच्छुक किराएदार 1 लाख रूपए अमानत राशि एवं लिखित प्रार्थना पत्र समिति के सम्मुख प्रस्तुत कर भाग ले सकते है। किराया बोली लगाकर तय किया जाएगा। दकानों को किराया पर देने में समाज के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष दिनेश जांगिड, हनुमान जांगिड, सुरेश जांगिड, रामविलास जांगिड, राकेश जांगिड, मुकेश जांगिड व पुरुषोत्तम जांगिड सहित कई लोग मौजूद थे।

### आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों पर खाद्य सुरक्षा टीम की कार्यवाही
## 150 लीटर तेल व 50 किलो सोन पपडी की सीज



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** दीपावली के त्योहार के मद्देनजर राज्य सरकार के फ्लैगशिप कार्यक्रम शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग द्वारा सवाई माधोपुर में रविवार को कार्यवाही की गई।

सीएमएचओ डॉ धर्मसिंह मीना ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेद्र सिंह, वेद प्रकाश पुर्वीया, बाबू लाल तागया व टीम द्वारा शेरपुर में सलीम किराना स्टोर से 150 लीटर कच्ची घानी सरसों तेल व शिवाड़ में हर्षित मिष्ठान्न भंडार से 50 किलो सोन पपडी मिलावट के संदेह में सीज की गई। इसके साथ ही शिवाड़ में नामा मिष्ठान्न भंडार से मावा मिठाई का सेम्पल, हरियाण मिष्ठान्न भण्डार से मावा बर्फी, जैन मिष्ठान्न भंडार से मावा मिठाई, बौली में महारानी मिष्ठान्न भंडार से मावा बर्फी, अग्रवाल मिष्ठान्न भंडार से मावा मिठाई, मुकेश कचौरी भंडार से मावा मिठाई, बोंली में अग्रवाल मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई, मुकेश कचौरी भंडार से मावा मिठाई, देव दूध डेयरी से मावा का सैंपल, श्री श्याम मावा भंडार से मावा एवं दूध का सैंपल, मंगल किराना स्टोर से हल्दी पाउडर, जोधपुर मिष्ठान भंडार से मावा बर्फी का सैंपल, श्री श्याम बेकरी से रसगुल्ला का सैंपल लिया गया। पिपलाई में प्रिंस किराना स्टोर से घी, बामनवास में जिंदल मिष्ठान्न भंडार से खीरमोहन, जैन किराना व जनरल स्टोर से बेसन लूज, गंगापुरसिटी में अग्रवाल सरसों तेल मिल से सरसों तेल, संगम मिल से सरसों के तेल के सेम्पल लिए गए।

### बरोनी पुलिस की कार्रवाई
## अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर-ट्रॉलियां जब्त

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर–ट्रॉलियां को जब्त की है। बरोनी थानाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि अवैध बजरी खनन व परिवहन के तहत चलाए गए अभियान को लेकर शनिवार को डींग का पेडा बनास नदी तन सोहेला से पुलिस टीम ने अवैध बजरी से भरे हुए 5 ट्रैक्टर–ट्रॉलियां को जब्त किया है। सभी ट्रैक्टर–ट्रॉलियों को एमडी एक्ट में मामला दर्ज किया है।

## राजपूत समाज की 133 प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** श्री राजपूत सभा मालपुरा के तत्वावधान में अजमेर रोड स्थित राजपूत सभा भवन में आयोजित तहसील स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में समाज की 133 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। रविवार को आयोजित समारोह में उमड़े राजपूत सरदारो को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए विधानसभा में पूर्व प्रतिपक्ष नेता एवं भाजपा नेता राजेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि प्रतिभाओं का सम्मान करने से समाज की अन्य प्रतिभाओं को आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। उन्होंने कहा कि कोई भी समाज जब तक विकास नहीं कर सकता जब तक समाज में एकजुटता न हो। राठौड़ नें कहा कि राजपूत समाज एक सक्षम एवं



अन्य समाजो को दिशा देने वाले समाजो सहित मजबूत समाज की श्रेणी में माना जाता है। इसलिए समाज के सभी सरदारो को इस पर गौर कर समाज में एकजुटता बनाकर समाज के सभी लोगो को साथ लेकर चल अन्य समाजो को भी सही दिशा देने का काम करना चाहिए। समारोह की अध्यक्षता करते हुए श्री राजपूत सभा के प्रदेशाध्यक्ष रामसिंह चंदलाई ने कहा कि प्रदेश का राजपूत समाज एकजुट है और आगे भी एकजुट रहेगा। ऐसा प्रयास किया जा रहा है कि प्रदेश का राजपूत समाज एकजुट रहकर काम करे। उन्होंने कहा कि राजपूत समाज के लोगो में शक्ति है साथ ही नेतृत्व करने की क्षमता है। उन्होंने समाज के लोगो से आव्हान करते हुए कहा कि राजपूत समाज के लोग अपने में नीहित शक्ति को पहचाने और राजपूत समाज में पूर्व से चली आ रही नेतृत्व की क्षमता को पहचान कर उसी अनुरूप काम करें। साथ ही प्रदेशध्यक्ष चंदलाई ने आव्हान करते हुए कहा कि समाज की युवा शक्ति को समाज विकास के साथ देश के विकास में भी भागीदार बनने के लिए तैयार करने की आवश्यकता है। श्री राजपूत सभा मालपुरा के तहसील अध्यक्ष धनसिंह राजावत ने बताया कि समारोह में समाज की 133 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। इससे पहले समारोह के सभी अतिथियो के समारोह स्थल पहुंचने पर राजपूत सरदारो, श्री राजपूत सभा मालपुरा के पदाधिकारियो सहित युवाओ व महिलाओं ने अगवानी की। साथ ही समारोह के सभी अतिथियो का मालपुरा इकाई की ओर से स्वागत सम्मान किया गया।

### शुद्ध आहार मिलावट पर वार, स्वास्थ्य विभाग की कार्यवाही
## झिलाय में 200 किलो मिलावटी मिल्क केक को करवाया नष्ट

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा व औषधि नियंत्रण इकबाल खॉन के निर्देशानुसार आमजन को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु विशेष अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के तहत निवाई उपखण्ड क्षेत्र में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने कार्यवाही की। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोककुमार यादव ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने झिलाय में संचालित फर्मो का औचक निरीक्षण कर जय भवानी जोधपुर मिष्ठान भण्डार से मिल्क केक व मावा का नमूना लेकर लगभग 200 किलो मिल्क केक बदबुदार व स्पॉट टेस्ट में मिलावटी पाए जाने पर मौके पर ही नष्ट कराया। इसी प्रकार साहु मिष्ठान भण्डार से मावा, बिसम्भर मिष्ठान भण्डार से मावा बर्फी, जय गुरूदेव मिष्ठान भण्डार से मावा बर्फी का नमूना लिया गया। उन्होंने बताया कि निवाई शहर से महारानी बिकानेर मिष्ठान भण्डार से मिश्री मावा व श्याम मिष्ठान भण्डार से मावा का नमूना लिया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर ने बताया कि मिलवाटी खाद्य तेल, मिलावटी घी, मिलावटी दूध एवं दूध से निर्मित खाद्य पदार्थ



मावा व पनीर इत्यादि मिलावटी मसाले, अन्य मिलावटी खाद्य सामग्री, पेय पदार्थ, आटा, बेसन इत्यादि तथा खुले में खाद्य पदार्थों की बिक्री पर रोकथाम विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। मिलावट पाये जाने पर नियमानुसार मिलावट खोरों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। उक्त कार्यवाही में खाद्य सुरक्षा अधिकारी सत्यनारायण गुर्जर, सुरेश शर्मा, अविनाश साहू, राजेन्द्र सैनी व रामेश्वर प्रसाद मौजूद थे।

# पुलिस प्रशासन ने निकाला पैदल मार्च

मालपुरा (बढ़ता राजस्थान)

**कृष्णचन्द्र विजय।** मालपुरा पुलिस प्रशासन की ओर से दिपावली त्यौंहार पर लोगो को शांति का संदेश सहित सुरक्षा व कानून की दृष्टि से सम्पूर्ण मालपुरा शहर की सड़को पर पैदल मार्च किया। रविवार को वृताधिकारी आशिष प्रजापत के नेतृत्व में तथा थानाधिकारी चेनाराम की अगुवाई में पुलिस व आरएसी के अधिकारियो व जवानो ने पुलिस थाना मालपुरा से पैदल मार्च शुरू किया। पुलिस का यह पैदल मार्च सम्पूर्ण मालपुरा शहर की सभी मुख्य सडको, बाजारो व मार्गो से होकर गुजरा।

**शांति से त्यौंहार मनाने की अपील :-** पुलिस वृताधिकारी आशिष प्रजापत व



थानाधिकारी मालपुरा चेनाराम ने मालपुरा शहर की जनता के नाम जारी एक संदेश में बताया कि दिपावली का खुशियों का त्यौंहार है। इसे सभी को मिलकर जुलकर शांति के साथ मनाना चाहिए। प्रजापत ने बताया कि आतिशबाजी का समय निर्धारित है इसलिए आतिशबाजी निर्धारित समय पर ही करें। वहीं उन्होंने बताया कि आतिशबाजी के दौरान किसी को भी किसी तरह का नुकसान नहीं हो इस तरह आतिशबाजी कर दिपोत्सव को सुरक्षित एवं शांति के साथ मनाऐं।

साथ ही प्रजापत ने चेतावनी देते हुए बताया कि पुलिस प्रजापत सुरक्षा एवं कानून बनाऐं रखने के लिए हर प्रकार से तैयार है। किसी को कानून के उल्लंघंन की अनुमति नहीं होगी। किसी भी तरह से कानून का उल्लंघन करने, असामाजिक गतिविधियो में शामिल होना पाए जाने वालो के विरूद्ध पुलिस सख्त कदम उठाएगी जिसके लिए सम्बन्धित स्वयं जिम्मेदार होगा।

## निवाई की बेटी साक्षी व आशा शर्मा बनी जज प्रथम प्रयास में ही प्राप्त की सफलता

बढ़ता राजस्थान

**निवाई( का.स. )।** निवाई की दो बेटियों का राजस्थान न्यायिक सेवा में चयन हुआ है। ज्ञानचन्द जैन चंवरिया व कांति देवी जैन की पौत्री व विरेन्द्रकुमार जैन एवं अर्चना देवी की पुत्री सुश्री साक्षी जैन ने प्रथम प्रयास में ही राजस्थान न्यायिक सेवा में सफलता प्राप्त की है। साक्षी जैन का बचपन से ही सपना था कि वह जज बने। इस सपने को उसने साकार कर दिखाया। साक्षी जैन ने दसवीं तक की पढाई इमानुअल मिशन स्कूल निवाई से की। इसके बाद उसने 11वीं व 12वीं वाणिज्य विषय से वनस्थली विद्यापीठ से पढाई कर बीबीए व एलएलबी की डिग्रीयां प्राप्त की। इसके बाद साक्षी ने एलएलएम अमीठी विश्व विद्यालय जयपुर से की। साक्षी ने राजस्थान न्यायिक सेवा में 107वीं रैंक प्राप्त की है। साक्षी ने बताया कि वह जयपुर में रहकर पढाई कर रही थी। उसी मकान में एक जज रहते थे। उनकी प्रेरणा से उसने ठान लिया था की उसे भी जज बनना है। उसने बताया कि वह लगातार 2 साल से आरजेएस की तैयारी कर रही थी। साक्षी ने आरजेएस का परिणाम देखकर सफलता प्राप्त करने के बाद उसने अपने दादा ज्ञानचन्द चंवरिया एवं माता–पिता सहित परिवारजनों का चरण छू कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान परिवारजनों व जैन समाज के लोगों सहित



पडौसियों ने घर पहुंचकर साक्षी का मुंह मीठा करवाया और सफलता के लिए बधाई दी। साक्षी का भाई रोहित जैन चार्टर्ड अकाउंटेंट है।

साक्षी के जज बनने पर जैन समाज सहित निवाई क्षेत्र में खुशी की लहर दौड गई। इसी प्रकार एडवोकेट रमेश शर्मा एवं भौतिक शास्त्र कोटा विश्वविद्यालय कोटा के प्रोफेसर डॉ. घनश्याम शर्मा निवासी अलियाबाद तहसील निवाई जिला टोंक की भतीजी आशा शर्मा पुत्री स्व. मोहनलालजी शर्मा व शिवचरण शर्मा की भतीजी का भी राजस्थान न्यायिक सेवा में चयन होने पर ग्रामवासियों व शहरवासियों में खुशी की लहर दौड गई।

## चतुर्भुजपुरा विद्यालय की छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हुआ चयन
### शाहपुरा में आयोजित राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में टोंक जिले का करेंगी प्रतिनिधित्व

बढ़ता राजस्थान

**निवाई(का.स.)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय चतुर्भुजपुरा की दो होनहार छात्राओं ने 68वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स में परचम लहराया है। संस्था प्रधान डॉ. विनोदकुमार तिवारी ने बताया कि 68वीं जिला स्तरीय एथलेटिक्स में तस्तरी फेक 19 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता में निशा चौधरी पुत्री रामलाल चौधरी व नीतू चौधरी पुत्री हनुमान चौधरी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया जिस पर दोनों छात्राओं का राज्य स्तर पर चयन हुआ है। इसके अलावा स्थानीय विद्यालय के छात्र अजयसिंह नाथावत पुत्र छीतर सिंह नाथावत ने राज्य स्तरीय तीरंदाजी आयु वर्ग 17 वर्ष में अपना बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 40 मी डिस्टेंस में तीसरा स्थान प्राप्त कर अपने गांव व जिले का नाम रोशन किया है। विद्यालय के वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक व कोच सिकंदर खान ने बताया कि दोनों छात्राएं जिला शाहपुरा में होने वाली राज्य स्तरीय एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में टोंक जिले की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगी। इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार ने दोनों छात्राओं व अजयसिंह नाथावत का माला पहनाकर सम्मान किया।

# भीलवाड़ा में आयोजित 27वीं राज.स्टेट आई.एम.ए.कांफ्रेंस 'उमंग' में अलवर

## अध्यक्ष डॉ.एस.सी.मित्तल को बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड से सम्मानित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राजमेडिकोन 2024 – इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की 27वीं राज. स्टेट आई.एम.ए. कांफ्रेंस उमंग का आयोजन 26,27 अक्टूबर 2024 भीलवाडा में आयोजित किया गया । आई.एम.ए. अलवर के सचिव डॉ. विजय सिंह चौधरी ने बताया कि समस्त राजस्थान में कुल 72 आई.एम.ए. की छोटी – बड़ी इकाइयाँ कार्यरत है 2 दिवसीय कार्यक्रम में बहुत बड़ी संख्या में चिकित्सको ने बढ़–चढ़कर भाग लिया पहले दिन 26 अक्टूबर की शाम को कार्यक्रम के दौरान अवार्ड सेरेमनी रखी गयी थी । सभी पदों के लिए अवार्ड्स की घोषणा की गयी जिसमे आई.एम.ए. ब्रांच एवं चिकित्सा जगत को विशिष्ट सेवाये देने , बेहतरीन कार्यो , मेम्बरशिप ग्रोथ इत्यादि सभी पैरामीटर्स को मिलकर ओवर आल बेस्ट परफॉरमेंस देखते हुए आई.एम.ए. अलवर ब्रांच के अध्यक्ष एवं मित्तल हॉस्पिटल के निदेशक सीनियर फिजिशियन डॉ.एस.सी.मित्तल को पूरे राजस्थान आई.एम.ए. अध्यक्षों में से बेस्ट प्रेसिडेंट अवार्ड से नवाजा गया है डॉ. एस. सी. मित्तल पूर्व में भी आई. एम. ए. अलवर के अध्यक्ष रह चुके है कार्यक्रम में राज. स्टेट वाईस प्रेसिडेंट डॉ. रूप सिंह ( निदेशक – सिटी हॉस्पिटल भिवाड़ी ) एवं अलवर आई. एम. ए. कोषाध्यक्ष डॉ. दीपक श्रीवास्तव भी भीलवाडा साथ गए थे । डॉ. एस. सी. मित्तल को यह अवार्ड नेशनल प्रेसिडेंट डॉ. आर. वी. अशोकन , नेशनल पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. रवि वानखेड़े , स्टेट पास्ट प्रेसिडेंट डॉ. एम. एन. थरेजा , नेशनल वाईस प्रेसिडेंट डॉ. अशोक शारदा , ओर्गानिज़िंग चेयरमैन डॉ. दुष्यंत शर्मा, ओर्गानिज़िंग सेक्रेटरी डॉ. फ़रियाद मोहम्मद, राज. स्टेट प्रेसिडेंट डॉ. रजनीश शर्मा , राज. स्टेट पूर्व अध्यक्ष डॉ. सुनील चुघ, राज. स्टेट सेक्रेटरी डॉ. पी. सी. गर्ग, राज. स्टेट ट्रेजरार डॉ. एन. के. अग्रवाल, भीलवाडा आई. एम. ए. अध्यक्ष डॉ. आर. एस. सोमानी ने प्रदान किया ।




## बौद्ध जाग्रति मंच सेवा संस्थान का प्रतिभावान सम्मान समारोह आयोजित

# बच्चे लक्ष्य निर्धारित कर जज्बे के साथ पढ़-लिखकर योग्य बनें : डॉ. गर्ग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर( नि.स. )।** बौद्ध जाग्रति मंच सेवा संस्थान का प्रतिभावान सम्मान समारोह का आयोजन मुरली प्लाजा में आयोजित हुआ। समारोह की अध्यक्षता पूर्व मंत्री व वर्तमान विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सांसद संजना जाटव रही तो वहीं विशिष्ठ अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री रतनलाल अहिरवार, सीताराम स्वरूप, विजय सिंघल, चतुर्भुज खींची, सुनील बैरवा, किशोर पटेल आदि उपस्थित रहे। इस दौरान प्रतिभावान विद्यार्थियों और सामाजिक क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली प्रतिभाओं को प्रशास्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, प्रोत्साहन राशि एवं दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये पूर्व मंत्री व भरतपुर विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने कहा कि शिक्षा का सर्वोपरि महत्व होता है। नॉलेज युग है ऐसे में बच्चों को सही दिशा देने की आवश्यकता है। डॉ. गर्ग ने कहा कि बच्चों में नया कुछ करने की जिज्ञासा होती है। बच्चों की जिज्ञासाओं की पूर्ति करना हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पढाई का कोई विकल्प नहीं होता है। बच्चों को अपना लक्ष्य निर्धारित कर जज्बे के साथ आगे बढना चाहिए और अभिभावकों को भी अपने बच्चों को पढा लिखा कर योग्य बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने शिक्षकों से भी आव्हान किया कि समाज के गरीब व प्रतिभावन बच्चों की शिक्षा में सहयोग दे तथा भामाशाह भी आगे आकर मदद करें। डॉ. गर्ग ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिये वह पहले की तरह की समर्पित हैं और उनके द्वार हमेशा खुले हैं। उन्होंने भरतपुर एज्युकेशन हब बनाने की दिशा में सहयोग करने की आवश्यकता प्रतिपादित करते हुये कहा कि वह हमेशा समाज के लिए हर संभव सहायता करने के लिये प्रयासरित रहेंगे। समारोह को सांसद संजना जाटव ने भी सम्बोधित करते हुये बेटियों को पढाने का आव्हान करते हुये कहा कि अब बालिकाऐं पढ लिखकर आगे बढ रही हैं जिससे उन्हें खुशी मिलती है। उन्होंने सविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर के पद चिन्हों पर चलने का आव्हान करते हुये कहा कि बच्चों का पढा लिखा कर योग्य बनाये। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थान के अध्यक्ष रमेश वर्मा ने स्वागत सत्कार किया। समारोह का संचालन संस्थान के महासचिव मनोज विमल ने किया। कार्यक्रम में भरतपुर के अलावा राजस्थान के विभिन्न जिलों के गणमान्य नागरिक शामिल हुये।



# बदमाशों के बाल कटवाकर पुलिस ने बाजारों में निकाला जुलूस, पैसों के लेनदेन के विवाद में दोस्त के घर की थी फायरिंग

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव दमदमा में पैसों के लेनदेन के विवाद को लेकर 10 दिन पहले दोस्त के घर ताबड़तोड़ फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दोनों मुख्य बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों बदमाशों के बाल कटवा कर उनका बयाना कस्बे के मुख्य बाजारों में होकर जुलूस निकाला। बदमाशों के जुलूस को देखने के लिए बाजारों में दुकानदारों और राहगीरों की भीड़ जुट गई। पुलिस ने बदमाशों की निशानदेही पर वारदात में काम ली गई पिस्टल और अवैध कट्टे को भी बरामद किया है। इसके साथ ही उनकी बाइक को भी जब्त किया गया है। गिरफ्तार बदमाश वैर थाना इलाके के गांव उमरैंड निवासी देवेंद्र उर्फ देवा गुर्जर और उच्चैन थाना इलाके के गांव नगला बीजा निवासी नेत्रपाल जाट है। दोनों बदमाश आदतन अपराधी हैं। जिनके खिलाफ भरतपुर जिले के कई थानों में मामले दर्ज हैं। मामले के तीसरे आरोपी गढ़ी बाजना थाना क्षेत्र के गांव तुरतीपुरा निवासी अजीत गुर्जर को दो दिन पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। एएसपी हरिराम कुमावत ने बताया कि गांव दमदमा में 16 अक्टूबर की रात करीब 11ः30 बजे शिवहरि गुर्जर के घर पर उसके बदमाश दोस्तों देवेंद्र उर्फ देवा गुर्जर, नेत्रपाल जाट और अजीत गुर्जर ने पैसों के लेनदेन के विवाद को लेकर फायरिंग कर दी थी। घटना को लेकर शिवहरि की ओर से कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था।

मामले का अनुसंधान करते हुए एएसआई जितेंद्र शर्मा ने शनिवार रात दोनों मुख्य आरोपियों देवेंद्र उर्फ देवा और नेत्रपाल जाट को बयाना कस्बे के सरकारी कॉलेज के पास से दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों की इत्तिला पर फायरिंग में काम लिए गए पिस्तौल और अवैध कट्टे को भी जब्त किया गया है। दोनों बदमाशों को कोर्ट में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। इन दोनों आरोपियों ने ही फायरिंग की थी। गिरफ्तार बदमाशों ने पूर्व में कस्बे के गुरुद्वारा मार्केट में एक दुकान को भी जबरन खाली कराया था। घटनास्थल का मौका देखने के लिए दोनों बदमाशों को बाजारों में पैदल ले जाया गया।



# मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ गिरिजा चिल्ड्रंस एकडेमी में पंच-दीपोत्सव



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर / बयाना ।** मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ गिरजा चिल्ड्रंस अकैडमी में धूमधाम से पंच दीपोत्सव मनाया गया। छात्र–छात्राओं ने विभिन्न गानों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ अध्यापक देवकीनंदन शर्मा, प्रधानाचार्य रेणु मिश्रा एवं नरेश शर्मा के द्वारा किया गया। कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्रों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं कराई गईं जिसमें क्विज,रैंप वॉक आदि शामिल है। स्कूल प्रधानाचार्य रेणु मिश्रा ने पंच–दीपोत्सव के मानने का कारण बताते हुए सभी को बधाई दी एवं सभी की आकर्षक प्रस्तुतियों के लिए सराहना की तथा सावधानी से आतिशबाजी करने की सलाह दी। कार्यक्रम का समापन छात्र–छात्राओं को लड्डू और खील बतासे का प्रसाद देकर किया गया।

इस कार्यक्रम में त्रिलोक मिश्रा, अक्षत मिश्रा, अमित सैनी, शालू, नंदिनी, प्रियंका, अंजली, शिवानी, मनीषा एवं अभिभावकगण मौजूद रहे तथा मंच संचालन हेमंत कुमार व लवी मिश्रा के द्वारा किया गया।

# मेहनाज़ पटेल दौसा उपचुनाव में सहप्रभारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान विधानसभा क्षेत्र की सात सीटों पर हो रहे उपचुनाव को लेकर भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से प्रभारी एवं सहप्रभारीयों की नियुक्ति की गई है! दौसा विधानसभा चुनाव के लिए अल्पसंख्यक मोर्चा से दौसा सह प्रभारी के पद पर श्रीमती मेहनाज पटेल को नियुक्त किया गया है। मेहनाज पटेल पूर्व प्रदेश सह प्रभारी सोश्यल मीडिया के पद पर जिम्मेदारी संभाल चुकी हैं। भाजपा के विभिन्न पदों पर कार्य कर रहे, डॉ, मुकुल भारद्वाज ने बताया कि मेहनाज पटैल की नियुक्ति से अल्प संख्यक वर्ग के मतदाताओं का जुड़ाव होगा।

# मादक पदार्थो के खिलाफ कार्यवाही में 2 हजार लीटर वाश नष्ट

## हरसौरा थाना पुलिस की बड़ी कार्यवाही



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** हरसौरा थाना क्षेत्र के गाँव बबेड़ी की कंजर बस्ती में पुलिस द्वारा बड़ी कार्यवाही की गई। थानाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अपराध शाखा राजस्थान जयपुर के द्वारा चलाए जा रहे वांछित अपराधियों, कच्ची शराब के उत्पादन व विक्रय एवं मादक पदार्थों के विरुद्ध में बड़ी कामयाबी मिली है।

उन्होंने बताया कि इस अभियान में मुखवीर से मिली सूचना पर करीब 2हजार लीटर वाश नष्ट किया गया है। जिसकी अनुमानित कीमत करीब 1लाख 20हजार रूपये है। थानाधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में 13सदस्यीय एक टीम का गठन किया गया था। टीम में थानाधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक उपनिरीक्षक रामजस, हैडकांस्टेबल ईश्वरसिंह, अजीतसिंह, कांस्टेबल रविकुमार, कंवरसिंह,ओमवीर,लक्ष्मणसिंह,राजेश कुमार, रूपचंद, अमरचन्द, महिला कांस्टेबल मुनेश यादव,दिनेश कुमार चालक शामिल रहे।

# नि:शुल्क मधुमेह जाँच एवं ब्लड प्रेशर जाँच शिविर एवं सफाई अभियान का आयोजन एवं धूमधाम से मनाया स्थापना दिवस

बढ़ता राजस्थान

अलवर (का.स.)। माह के अंतिम रविवार को स्थानीय संघ कार्यालय कंपनी बाग, अलवर में प्रात: भ्रमण के लिए आने वालों के लिए नि:शुल्क बी. पी. एवम् शुगर जांच शिविर का आयोजन किया गया। आज का शिविर श्री बी.आर. निमेश के सौजन्य से लगा गया ! यह शिविर राजस्थान स्काउट एंड गाइड कोऑर्डिनेटर एवं अलवर जिला अध्यक्ष गिरीश गुप्ता , स्थानीय संघ संरक्षक मधुसूदन शर्मा, संरक्षक हरीश कालरा की उपस्तिथि में आयोजित किया गया ।

ईश वंदना कर शिविर की शुरुआत की गई शिविर में लगभग 87 महिला, पुरूषों ने बी. पी. एवम् शुगर की जांच करवा कर तथा वजन जांच कर कैंप का लाभ उठाया जिसमे 3 नए मधुमेह के मरीज चिन्हित किये गए कई मरीज जिनको पता था कि वो मधुमेह से ग्रसित है पर दवा नहीं लेने के कारण उनकी शुगर काफी बढ़ी पायी गयी जिनको समझाइश करके दवा लेने को तैयार किया गया ! शिविर के साथ साथ सदस्यों ने स्थानीय संघ कार्यालय कंपनी बाग के आसपास के एरिया में सफाई करी तथा पास में खेल रहे बच्चो को भी हर रविवार करीब 30 मिनट श्रमदान करके सफाई करने को प्रेरित किया !

शिविर के पश्चात् स्थापना दिवस कार्यक्रम में संरक्षक मधुसूदन शर्मा, संरक्षक हरीश कालरा ने स्काउट एंड गाइड फ़ेलोशिप के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए सदन को अवगत कराया । इस मौके पर सदस्य गोविन्द गोयल ने पचमढ़ी गए सदस्यों में से बेहतरीन कार्यो हेतु 5 सदस्यों को खुद की तरफ से सम्मानित किया जिसमे संरक्षक हरीश कालरा, जिला अध्यक्ष गिरीश गुप्ता, अलवर जिला सचिव ताराचन्द अग्रवाल , अलवर जिला संयुक्त सचिव प्रमिला गुप्ता, अलवर जिला पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता को सम्मानित किया गया ।

अलवर जिला स्काउट एण्ड गाइड फ़ेलोशिप जिला अध्यक्ष गिरीश गुप्ता ने अपने उद्बोधन में सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाये प्रेषित करते हुए बताया कि अलवर जिला स्काउट एंड गाइड शाखा एक बहुत मजबूत शाखा है जिसमे एक से बढ़कर एक सदस्यगण अपनी सेवा कार्यो से प्रसिद्ध है इसलिए हमारा नैतिक दायित्व बनता है कि ज्यादा से ज्यादा सेवा कार्य इस सन्स्थ द्वारा किये जाए इसी कारण हर रविवार को सेवा कार्य करने का निर्णय लिया गया था ।

कार्यक्रम में संरक्षक मधुसूदन शर्मा, संरक्षक हरीश कालरा , जिला अध्यक्ष एवं राज. स्टेट कोऑर्डिनेटर गिरीश गुप्ता, जिला सचिव ताराचंद अग्रवाल, संयुक्त सचिव प्रमिला गुप्ता ,जिला पूर्व सचिव रामप्रकाश गुप्ता, उपाध्यक्ष जितेन्द्र कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष बी.आर.निमेश, उपाध्यक्ष लता रानी शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेश शर्मा, कोऑर्डिनेटर शंभू शर्मा, ओमप्रकाश गुप्ता, आशा कालरा, सुरेश अवस्थी , गोविन्द गोयल, मंजू शर्मा, सतीश अग्रवाल सहित एस.जी.एफ. सदस्यों ने भाग लिया।




## धन्वंतरि जयंती समारोह आयोजित

# आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन कार्यकारणी ने ली शपथ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन अलवर एवं जय गणपत जन कल्याण ट्रस्ट अलवर के सयुक्त तत्वावधान में धन्वंतरि जयंती समारोह आयोजित किया गया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेद चिकित्सालय डॉ ओम प्रकाश बड़ाया, विशिष्ठ अतिथि सेवानिवृत्त जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ हर्ष कुमार शर्मा, वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ मुरारी लाल भारद्वाज रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन के प्रदेश संयोजक डॉ पवन सिंह शेखावत ने की। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ मुकेश साहू ने जलोका चिकित्सा, डॉ उमेंद्र मीना ने अग्निकर्म , डॉ शिवचरण शर्मा ने वैश्विक स्वास्थ्य में आयुर्वेद नवाचार विषय पर व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में आयुर्वेद मेडिकल एसोसिएशन की नवीन जिला इकाई का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। प्रदेश संयोजक डॉ पवन सिंह शेखावत ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाकर सभी इकाई सदस्यों को आयुर्वेद विज्ञान एवं चिकित्सको के हित तथा आमजन को आयुर्वेद से अधिकाधिक लाभान्वित करने का आव्हान किया। कार्यक्रम अतिथि डॉ ओम प्रकाश बड़ाया ने कहा आमजन आयुर्वेद के प्रति आशान्वित है, हम सभी को कड़ी मेहनत करते हुए आमजन की समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रयासरत रहना चाहिए। कार्यक्रम में जिले भर से संगठन से जुड़े चिकित्सा अधिकारियों ने भाग लिया।





# गायत्री परिवार ने अन्नदान में एक ट्रक बाजरा भेजा

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे रविवार को गायत्री परिवार अलवर के द्वारा गायत्री परिजनों ने गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्धार के लिए अन्नदान के रूप में एक ट्रक गेंहू व बाजरा भेजा गया। इस ट्रक को शाम 3.00 बजे अलवर उपज़ोन समन्वयक दिनेश गुप्ता व गायत्री परिवार अलवर की मुख्य प्रबंधक ट्रस्टी डॉ सरोज गुप्ता व अलवर ज़िला समन्वयक सतीश बड़ाया ने हनुमान चौराहे से हरी झंडी दिखाकर हरिद्वार के लिए रवाना किया। इस दौरान कई वरिष्ठ गायत्री परिजन व युवा टीम के सदस्य वहां मौजूद रहे।

# छोटी चोरियां थानों में दब रहीं, बड़ी घटनाओं के खुलासे नहीं हो रहे

## अंता क्षेत्र मै जुआ सट्टा शराब स्मैक क्रिकेट सट्टा के अवैध कारोबार के चल रहे ट्रेनिंग सेंटर इन पर लगे अंकुश

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** ग्राम पलायथा में शुक्रवार को दिनदहाड़े अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम देते हुए मकान से लाखों रुपए के सोने के आभूषण सहित करीब दो लाख की नकदी चुरा फरार हो गए है । चोरी की वारदात के समय परिवार के लोग भी घर पर ही थे और चोरी की वारदात होने वाले मकान मालिक की दुकान भी मकान के सामने ही स्थित है। लोगों में चर्चा है कि इस तरह की घटना को आखिर अंजाम किसने दिया आपको बता दे पलायथा सहित अंता क्षेत्र में जुआ सट्टा शराब स्मैक क्रिकेट सट्टा के अवैध कारोबार के ट्रेनिंग सेंटर चल रहे है। ऐसा नहीं पुलिस को इन सेंटर की जानकारी नहीं हो यह अवैध कारोबार गांव गांव कस्बे कस्बे कई गली मोहल्ला तक पसरा हुआ है और इसी कारोबार से बर्बाद होकर युवा अपराध की दुनिया में कदम रख रहे हैं आए दिन हो रही चोरियों के खुलासे नहीं होने के कई कारण हो सकते हैं पुलिस की कमी या असमर्थता जांच में लापरवाही।

### साक्ष्य की कमी अपराधियों का प्रभाव

स्मैक जुआ सट्टे के नशे की लत यहां से कई युवाओं का जीवन बर्बाद करने में लगी है।






स्मैक पीने के आदी युवक इस महंगे नशे को खरीदने के लिए अपराध करने से भी नहीं चूकते।क्षेत्र में चोरों का आतंक अपने चरम पर है। बीते एक साल में चोरी की जितनी घटनाएं हुई हैं उन्हें सुलझाने में पुलिस पूरी तरह फेल साबित हुई है। बाइक से लेकर अन्य छोटी-मोटी चोरियों के प्रकरण पुलिस के रिकॉर्ड में आते ही नहीं। बड़ी घटनाओं को अंजाम देने कई बदमाशों के फोटो सहित उनकी पूरी कुंडली पुलिस के पास है लेकिन, अंता पुलिस के लंबे हाथ इतने कांप रहे हैं कि, इन शातिर बदमाशों को पकड़ ही नहीं पा रही। सीधे शब्दों में सच्चाई यह है कि इससे पहले अंता पुलिस को इतना बेबस कभी नहीं देखा गया।बड़े मामलों को पुलिस किस तरह भूल रही है इसका उदाहरण ऐसे समझिए कि बड़गांव पलायथा अधिकांश बदमाश का फोटो व नाम-पता पुलिस के पास है लेकिन,अंता क्षेत्र के इन बदमाशों को पकड़ने में पुलिस के हाथ कंपकंपा रहे हैं। छोटे मामले किस तरह दबाएं जा रहे हैं और साईकिल की दर्जनों मामले थाने में ही दबा दिए जाते है बाइक चोरी के पुलिस दर्जनों प्रकरण दर्ज है कस्बे में बाइक चोरी की घटनाएं तेजी से बढ़ती जा रही हैं लेकिन, पुलिस चोरी गई बाइक को तलाशना तो दूर ऐसी घटनाओं पर रोक भी नहीं लगा पा रही। बाइकों को जब्त करने में पुलिस फिसड्डी साबित हुई। कस्बे स्मैक के नशे की लत यहां कई युवाओं का जीवन बर्बाद करने में लगी है।

### जो मिला वह नशे के हवाले

स्मैक का नशा करने वाले इसके इतने आदी हो जाते हैं कि किसी भी घर में प्रवेश कर नगद राशि पार करने सहित मोबाइल, विद्युत मोटरें, पानी की टोटियां, प्लास्टिक एवं लोहे के सामान, वाहनों के कलपुर्जे आदि छुटपुट चोरियां करना इनकी मजबूरी बन जाता है।

# नेता प्रतिपक्ष की कपासन में त्यौंहारों पर प्रतिष्ठानों की सजावट संबंधी मांग को जनता ने हाशिए पर रखा

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** त्यौंहारी सीजन में प्रतिष्ठानों की सजावट को लेकर नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष द्वारा पत्र के माध्यम से की गई मांग को जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ का सहयोग नहीं मिलने से उक्त मामला सोशल मीडिया पर हाशिए पर जाता दिखाई दिया।जिसमें कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त जनप्रतिनिधि को विगत समय से अटके विकास कार्यों का हवाला देकर उन्हें पूर्ण करने में ध्यान केंद्रित करने की नसीहत दी जाती रही।

गौरतलब है कि नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष के निर्वाचन वार्ड नं. 6 में तत्कालीन कांग्रेस की अशोक गहलोत सरकार के कार्यकाल से ही विकास कार्य अटके पड़े है।जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है। बहरहाल नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष कन्या देवी सोनी द्वारा पत्र के माध्यम से सनातन संस्कृति का हवाला देते हुवे त्यौंहारी सीजन में आमजन एवं व्यापारी वर्ग साज-सजावट करे एवं प्रतिष्ठानों को सजावे तथा नगर पालिका उनमें से श्रेष्ठ का चयन कर उन्हें पुरस्कृत करें।अब क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा चर्चाओं में हास्य प्रकट करते हुवे उक्त कार्यक्रम का सफल आयोजन कैसे हो उस पर गपशप शुरू हो गई।जिसमे विजेताओं का चयन कैसे करे,कितनो को पुरस्कृत करे इत्यादि चर्चाओं के साथ ठहाके लगते रहे।यहां पूर्व में ऐसा कोई कार्यक्रम होता था मगर नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष कन्या देवी सोनी एवं नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद राजीव सोनी के उक्त विचार को फिलहाल जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ का समर्थन दूर-दूर तक मिलता नहीं दिखाई दे रहा।

जिससे आमजन में नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष के उक्त औपचारिक प्रयास को लगातार अपने राजनीतिक स्तर में गिरावट की बौखलाहट समझा जा रहा है।विगत समय से नगर क्षैत्र कपासन के राजनीतिक गलियारों में विकास कार्यों को लेकर उदासीनता धारण किए नगर पालिका कपासन नेता प्रतिपक्ष एवं पूर्व पार्षद की किरकिरी बनी हुई है।जिसके तहत जनता जनार्दन एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओ द्वारा सोशल मीडिया पर आए दिन खरी खोटी सुनाते देखा जा सकता हैं।

# नकली नोट कब्जे में रखकर परिवहन करते चार लोग गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** जिले की कारोई थाना पुलिस ने नकली नोट कब्जे में रखकर परिवहन करते चार लोगों को गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। पुलिस ने इन लोगों से एक कार व 5400 रुपये के नकली, जबकि 2150 रुपये के असली नोट भी बरामद किये है।

कारोई थाना प्रभारी लक्ष्मीनारायण गुर्जर ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के आदेश से आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए एएसपी सहाड़ा रोशन पटेल व डीएसपी गंगापुर रविंद्र प्रताप सिंह के सुपरविजन में विशेष टीम थाना प्रभारी गुर्जर के नेतृत्व में गठित की गई। इस टीम ने बीती रात 10 बजे कारोई उप तहसील कार्यालय के सामने नेशनल हाइवे 758 पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू की। इस दौरान कांस्टेबल सुरेंद्र सिंह व विक्रम को मुखबिर से सूचना मिली कि गंगापुर की ओर से एक ऑल्टो कार कारोई की ओर आ रही है। कार में पांच लोग सवार है। ये लोग नकली नोटों को असली के रूप में बाजार में चलाने वाले हैं। पुलिस को रात करीब 11 बजे सूचना के मुताबिक अल्टो कार आती दिखाई दी। थाना प्रभारी ने मय टीम ऑल्टो कार चालक को रुकने का इशारा दिया। इस पर ऑल्टो को चालक तेजी से भगाने की कोशिश करने लगा। पुलिस टीम ने घेराबंदी कर कार को रोका। कार सवार सभी पांच लोगों से पुलिस ने पूछताछ की तो इन लोगों ने खुद को रवि निगम, प्रधुमन सिह, गौतम सिह व हर्षवर्धन सिहं बताया, जबकि एक नाबालिग था। पुलिस ने इनकी तलाशी ली तो इनके कब्जे में 200-200 रुपये के 27 नकली नोट यानि 5400 रुपये मिले, जबकि 2150 रूपये के असली नोट मिले। पुलिस ने नकली नोट व कार जब्त कर चार आरोपितों को गिरफ्तार व नाबालिग को निरुद्ध कर लिया। इनके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर अग्रिम पूछताछ शुरु की है। पकड़े गये आरोपितों में न्यू बापूनगर भीलवाड़ा निवासी हर्षवर्धन सिंह (20) पुत्र गजराजसिंह, रवि निगम (37) पुत्र ओमप्रकाश निगम, करोली जिले के भोपुर थाना बालघाट निवासी प्रद्युमन सिंह (19) पुत्र विक्रम सिंह व गौतम सिंह पुत्र विक्रम सिंह शामिल हैं।

# चाकूबाजी और पथराव मामले में 11 ओर आरोपित गिरफ्तार, शहर में शांति, गश्त जारी



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( नि.स. )।** शहर के भीमगंज थाना इलाके में गुरुवार की रात चाय की दुकान के बाहर पटाखे चलाने को लेकर उपजे विवाद के बाद हुई चाकूबाजी और पथराव मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर गठित टीमों ने चाकूबाजी के दो और पथराव के मामले में नौ और आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस लगातार गश्त कर स्थिति पर निगाह बनाये हुये हैं। इस मामले में अब तक 15 आरोपियों की गिरफ्तारी और 31 से ज्यादा आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा चुकी है। भीमगंज थाना पुलिस ने बताया कि माणिक्य नगर रोड पर पार्षद पति देवेंद्रसिंह हाड़ा पर गुरुवार रात कुछ लोगों ने चाकू से हमला कर दिया। बबलु व आनंद को भी चोटें आई।

हमले के बाद उपद्रवियों ने मकानों पर पथराव कर जान से मारने व मोहल्ला छोडक़र जाने की भी धमकियां दी। इसे लेकर पुलिस ने तीन प्रकरण दर्ज किए थे । इनमें से चाकूबाजी के मामले में पुलिस ने शनिवार को 2, जबकि पथराव के मामले में 9 और आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार को पुलिस चाकूबाजी के एक और पथराव के तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने मोहम्मद ऐजाज पिता मोहम्मद आरीफ लोहार व ताहीर मोहम्मद पिता आमीर मोहम्मद पठान निवासी गुलजार नगर बग्ता बाबा रोड़ को चाकू बाजी के मामले में, जबकि पत्थर बाजी के मामले में मंगला चौक निवासी रबुल पिता शेख याकुब,शेख समीरूल इस्लाम पिता शेख मुरुतियार अली,शेख मुनीरूल पिता शेख मुख्तियार अली ,मुबारिक अंसारी पिता काजल अंसारी , शेख ज्वैल पिता शेख रोशन अली , मुसाहिद अहमद पिता अब्दुल करीम मंसुरी , मोहम्मद युनुस पिता मोहम्मद हनीफ अंसारी, इमरान मंसुरी पिता अलाउदीन मंसुरी ओर आदिल पिता मोहम्मद सलीम अंसारी को गिरफ्तार किया है।

# अपराधियों में भय आमजन में विश्वास के स्लोगन पर काम कर रही भीलवाड़ा पुलिस

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( नि.स. ) ।** एसपी धर्मेंद्र सिहं के नेतृत्व में लगातार शहर की शांति खराब करने वाले आरोपियों को हवालात की हवा खिला रही है। पुलिस ने साम्प्रदायिक विवाद में सुभाष नगर थाना क्षेत्र में एक कार पर पेट्रोल डालकर आग लगाने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं गिरफ्तार इन आरोपियों ने अपने इस कृत्य को लेकर कान पकड़कर आमजन से माफी भी मांगी है। सुभाष नगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि 26 अक्टुबर को थाने पर मोहम्मद मुख्तार ने रिपोर्ट दी कि उसकी कार में रात्री में अज्ञात 7 से 8 लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी है। हमने इस मामले में सीसीटीवी के आधार पर 2 युवक भवानी नगर निवासी विनोद गाडरी और संजय कॉलोनी निवासी सुनिल माली को गिरफ्तार किया है। हम इन आरोपियों से पुछताछ करके जल्द ही अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लेगें। आरोपी युवक विनोद गाडरी और सुनिल माली ने कान पकड़कर माफी मांगते हुए कहा कि हमने एक कार में आग लगाई थी। जिसके लिए हम माफी चाहते है और आगे से ऐसी कोई भी गलती नहीं करेगें। इसके लिए हमें माफ कर दो। आरोपियों के माफी मांगते हुए का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना पंजीयन में केवल चार दिन शेष

## 31 अक्टूबर तक पंजीयन करने पर 1 नवंबर से मिलने लगेगा योजना का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ (नि.स.)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ प्रदेश के शहरों से लेकर गांव तक हर जरूरतमंद को मिल रहा है । आयुष्मान योजना के अंतर्गत 25 लाख रूपये तक का इलाज योजना में अधिकृत निजी अस्पतालों एवं राजकीय चिकित्सालय में निशुल्क मिल पा रहा है । जिले में कुल 4 .78 लाख जनाधार परिवार है, जिनमें से 3 .55 लाख परिवार योजना में पजीकृत है। सीएमएचओ डॉ ताराचंद गुप्ता ने समस्त वंचित परिवारो से अपील की है कि योजना अंतर्गत लाभ प्राप्त करने हेतु 31 अक्टूबर 2024 तक पंजीकरण करवाने पर 1 नवंबर 2024 से योजना का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। जिले में योजना के अंतर्गत कुल 34 अस्पताल अधिकृत है, जिसमें 27 राजकीय चिकित्सालय एवम् 6 निजी चिकित्सालय शामिल है । योजना में जिले में अब तक 02 लाख से अधिक मरीजों को लगभग 58 करोड़ रुपए की लागत का निशुल्क इलाज प्राप्त कर चुके है। आयुष्मान योजना के जिला समन्वयक डॉ मुनेश कुमार बैरवा ने बताया की योजना के अंतर्गत प्रदेश में योजनान्तर्गत अधिकृत 1600 से अधिक अस्पतालों में प्रत्येक को अस्पताल में भर्ती होने पर कैशलेस इलाज के लिए 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा के साथ साथ 10 लाख रूपये तक का दुर्घटना बीमा भी कवर है। योजनान्तर्गत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम, सामाजिक आर्थिक जनगणना के पात्र परिवार, लघु व सीमांत कृषको, संविदा कर्मियों व कोविड-19 के दौरान अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों का पूरा बीमा प्रीमयम राज्य सरकार दे रही है।

# पहली बार सुन्दलक मालगोदाम से फूड ग्रेन लोडिंग कर मालगाड़ी रैक रवाना किया गया

बढ़ता राजस्थान



**कोटा ( का.स. )।** मंडल में गुड्स लोडिंग को बढ़ावा एवं छोटे व्यापारियों की सुविधा हेतु सुन्दलक में नए मालगोदाम को विकसित किया गया। जिससे बारां के जगह सुन्दलक से ही फूड ग्रेन की सुविधाजनक लोडिंग एवं कम से कम गुड्स रैक का डिटेंशन हो। जिसके मद्देनजर दिनाँक 27 अक्टूबर को सुन्दलक गुड्स साइडिंग से पहली बार 42 बीसीएन (कवर वैगन) का गेहूँ(फूड ग्रेन) से भरा एक मालगाड़ी रैक सुन्दलक से पलक्कड़ के लिए लोडिंग कर रवाना किया गया। वर्तमान में अबतक बारां से गुड्स फूड ग्रेन की लोडिंग की जाती थी। सुन्दलक में इंडस्ट्रियल कॉरिडोर होने के कारण व्यापारियों एवं रेलवे के दृष्टिकोण से लोडिंग अत्यंत ही सुविधाजनक होगी। इस गुड्स शेड से देश के किसी कोने में सभी प्रकार की कमोडिटी को भेजा जा सकता है। रेलवे द्वारा सुन्दलक मालगोदाम से गुड्स लोडिंग की अभूतपूर्व पहल की गई हैं। जिसमे छोटे-बड़े व्यापारियों ने अपनी रूचि दिखाई है। सुन्दलक से फूड ग्रेन भेजने के लिए अबतक 17 इंडेन्ट प्राप्त हुए है। मंडल में माल यातायात बढ़ाने के लिए फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) के तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। माल व्यापारियों के साथ निरंतर बैठकें, गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।

नए माल गोदामों को विकसित करके उन्नयन कार्य किया जा रहा है। मंडल द्वारा फ्रेट लोडिंग वृद्धि के लिए निरंतर प्रयास किये जा रहे हैं।

# अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा के साथ बाइक सवार तस्कर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**चौमहला( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के मिश्रोली में पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी पर कार्यवाही करते हुए एक बाइक सवार तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी नरेंद्र सुनेरीवाल ने बताया कि अवैध कार्यों की रोकथाम हेतु लगातार चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा की तस्करी करते बाइक सवार धूम सिंह पिता भवानी सिंह जाति सौंधिया राजपूत उम्र 42 वर्ष निवासी भैंसाली थाना मिश्रोली को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 13 किलो 250 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चूरा जप्त कर परिवहन में प्रयुक्त एक बाइक जप्त की है। वही आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया।




## थाना सदर पुलिस टीम की प्रभावी कार्यवाही

# तीन आरोपी रमेश यादव, रमेश उर्फ सत्यनारायण माली एवं धनराज गुर्जर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी राजेन्द्र कुमार मीणा ने बताया की थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के नेतृत्व मे गठित पुलिस टीम द्वारा सम्पती संबंधी अपराधो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए तीन आरोपी रमेश यादव, रमेश उर्फ सत्यनारायण माली एवं धनराज गुर्जर को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की 5 ट्रोलिया बरामद करने मे सफलता प्राप्त की है ।

चोरी की गई ट्रोलियो की अनुमानत कीमत लगभग 11 लाख रुपये है । दिनांक 23.10.2024 को परिवादी मोहन लाल राठौर आत्मज हांबु जाति तैली निवासी ने अपने टैक्ट्रर की ट्रोली चोरी होने की एक रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उस पर थाना हाजा पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरु किया गया । कार्यवाही पुलिस में जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी ने सम्पती संबंधी अपराधो की रोकथाम कर आरोपियो को शीघ्र गिरफ्तार कर प्रकरण का निस्तारण करने हेतु सभी थानाधिकारीयो को निर्देशित कर रखा है । उक्त निर्देशो की पालना मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी उमा शर्मा के मार्गदर्शन मे थानाधिकारी पुलिस थाना सदर के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन किया गया । पुलिस टीम द्वारा बून्दी शहर के सीसीटीवी फुटेज व गांव मंगाल व आस पास के गांव तथा सदिग्ध स्थानो पर तकनीकी साक्ष्य जुटाये जिससे मुलजिमानो को चिन्हित किया गया व उसके संभावित स्थानो धाबाईयो का नयागांव, रघुनाथपुरा, धनावा, दबलाना में दबिश दी गई । मुलजिमान रमेश यादव, रमेश उर्फ सत्यनारायण माली, धनराज गुर्जर को दिनांक 27.10.2024 को गिरफ्तार कर चोरी किये गये माल मशरुका 5 ट्रोलियो को बरामद किया गया जिनकी अनुमान किमत 11 लाख रुपये है ।

मुलजिमानो से अब तक की पुछताछ से जिला बून्दी मे धाबाईयो का नयागांव से पुलिस थाना दबलाना से पिछले साल एक ट्रोली चुराई थी दुसरी ट्रोली धनावा पुलिस थाना दबलाना जो ईट्ट भट्टे पर खड़ी थी तीसरे ट्रोली धनावा पुलिस थाना दबलना से 4,5 महीने पर चुराई थी, चोथी ट्रोली रामगंजबालाजी के पास पुलिस थाना सदर से 2-3 महीने पहले चुराई थी पाचंवी ट्रोली मगांल पुलिस थाना सदर बून्दी कुछ दिन पहले चुराई उनकी एफआईआर अलग अलग थानो मे दर्ज है मुलजिमानो से पुछताछ जारी है। मुलजिमानो ने दिपावली के पर्व पर बेचने का प्लान बना रखा था जिससे दीपावली अच्छी मन सके। जिले में हुई चोरियो के बारे मे ओर खुलासा किया जावेगा। प्रकरण में मुलजिमान को गिरफ्तार कर अलग-अलग थाना क्षेत्र से हुई चोरीयो मे पाँच (5) ट्रोलिया बरामद की गई। जिनकी कीमत लगभग 11 लाख रुपये है उक्त मुलजिमानो मे रमेश यादव शातिर चोर है गिरोह का मुखिया है रमेश यादव खुद के टेक्ट्रर को चोरी के ट्रोलिया उठाने मे काम लेता था।

लगता है अपना मुकद्दर ही सो गया, पीएम बनने का मेरा ख्वाब फिर से खो गया है.....

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से कवि सम्मेलन का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से ओर से कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात कवियों की महफ़िल सजी जिसमें हास्य व्यंग्य ओज की रचनाओं से कवियों ने दर्शकों को खूब हंसाया गुदगुदाया । जैन धर्मशाला में आयोजित कवि सम्मेलन की शुरूआत कवि मदन लाल शर्मा धाकड़ की वंदना से हुई । देश के प्रख्यात कवि एवं पैरोडी कार रामबाबू सिकरवार ने अपनी पैरोडियों व कविताओं से शिक्षकों को हंसी से लौट पोट कर दिया । उन्होंने अपनी कविता जो वतन की खातिर मिटे उनको सलाम है जाबांज सैनिकों को कोटिश: प्रणाम है, आतंक वादियों को घर में घुसके मारकर दुनियां को बता दिया ये हिन्दोस्तान है ये हिंदुस्तान पर खूब बाहबाही लूटी। सिकरवार ने गधो अब झूल सिलवाओ जमाना खूब आया है, जमाना खूब आया है। बिन पढ़े डिग्रियां पाओ जमाना खूब आया है जमाना खूब आया है के माध्यम से वर्तमान व्यवस्था पर चोट कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया । कवि रामबाबू सिकरवार ने श्रोताओं की मांग पर अपनी प्रसिद्ध पेरोडी लगता है अपना मुकद्दर ही सो गया,पीएम बनने का मेरा ख्वाब फिर से खो गया.....चिंता ता चिता चिता चिंता ता ता.. सुनाकर दर्शको को भाव विभोर कर दिया ।वीररस के कवि राजवीर क्रांति ने देश के वर्तमान हालातों पर अपनी रचनाओं से श्रोताओं के खून में गर्मी लादी उन्होंने अपनी रचना हमें आज फिर से भगत सिंह चाहिए, देश के लिए जीने का वही ढंग चाहिए, हर एक चोले का बसंती रंग चाहिये प्रस्तुत कर दर्शकों की वाहवाही लूटी । बरिष्ठ कवि गोविंद प्रसाद शर्मा पटवारी ने हास्य व्यंग्य की फुलझड़ियों के माध्यम अपने अंदाज में कटाक्ष कर दर्शकों को खूब गुदगुदाया। गोविंद गुरु ने अपने अंदाज में अपनी चिर परिचित कविता सुना है जलेबिययों की फैक्ट्रियाँ चलेंगी अब बीबीयों हजार लोग काम करवाएंगे ।खटाखट खटाखट खातों में ना आय नोट, फटाफट बताओ कि कब डलवाएंगे । पटवारी की शान कलेक्टर की पत्नी की आंखिन में खटकी । मैं पटवारी को क्यों ना विहाय दई,कलेक्टर के घर क्यों पटकी के माध्यम से दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कवि सम्मेलन का संचालन कर रहे प्रसिद्ध कवि मदनलाल शर्मा धाकड़ ने गंगा यमुना पावन जल से धुल जाती काया। दीप चमन की ज्योति में मिल जाती फिर काया ।और पुराणों की वाणी हमको सिखलाती है ।गुरु से मिलता ज्ञान कपट बाती जल जाती है रचनाओं एवं मुक्तकों के माध्यम से समा बांधा दिया । आरंभ में संघ के प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा, जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर ने कवियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर साल उड़ाकर स्वागत किया । इस दौरान संगठन प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हरि सिंह रघुराज सिंह परमार जिलामंत्री चंद्रशेखर शर्मा, सैंपऊ ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र परमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिका मौजूद रहे।



# माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता प्रबंधन तथा एनीमिया पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनान्तर्गत माहवारी स्वास्थ्य, स्वच्छता प्रबंधन तथा एनीमिया पर जिला स्तर पर गुरूवार को एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उपनिदेशक महिला अधिकारिता राजेश कुमार द्वारा अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यशाला आयोजन के उद्देश्यों के बारे में बताया। उन्होंने उड़ान योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में 60 किशोरी बालिकाओं ने भाग लिया जिन्हें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ0 संगीता अग्रवाल के द्वारा किशोरी बालिकाओं को माहवारी स्वास्थ्य एवं एनीमिया की जानकारी प्रदान की गई तत्पश्चात आर.डी. गर्ल्स कॉलेज की सहआचार्य साधना शर्मा द्वारा किशोरी बालिकाओं को स्वस्थ रहने एवं पोषक आहार लेने हेतु चर्चा की गई जिससे कि बालिकाओं में एनीमिया से होने वाले रोगों से बचाया जा सके तथा दिशा फाउण्डेशन से शालो हैम्ब्रोम के द्वारा सेनेटरी नैपकिन के उपयोग एवं मेन्सट्रुअल कप, कपडे के सेनेटरी नेपकिन के विषय में जानकारी प्रदान की। आरसीएचओ डॉ. अमर सिंह सैनी ने सेनेटरी नेपकिन की निस्तारण विधि एवं उपयोग में ली गई सामग्री के बारे में जानकारी प्रदान की। पीसीपीएनडीटी कॉर्डिनेटर प्रवीण कुमार द्वारा एनीमिया के उपचार एवं रोकथाम हेतु आयरन युक्त आहार, हरी सब्जियों, फल, आयरन की गोलियों, पूरक आहार एवं बालिकाओं के नियमित स्वास्थ्य जाँच के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन बाल विकास परियोजना अधिकारी महेन्द्र अवस्थी द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीएचईडब्ल्यू की पूजा वासुमति, ज्योति एवं सुपरवाईजर साधना कार्यशाला में उपस्थित रहे।

# महिला टीचर ने बेरहमी से बच्चों को पीटा, एक मासूम को मारे 27 डंडे, पीठ पर चोट के निशान, 3 दिन से हॉस्पिटल में भर्ती

बढ़ता राजस्थान





**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर में महिला टीचर ने मासूम बच्चों की बेरहमी से पिटाई की। टीचर ने किसी स्टूडेंट को 27 डंडे मारे तो किसी को 21 डंडे मारे। पिटाई के बाद घर पहुंचे बच्चों के शरीर पर चोट के निशान थे। यहां तक कि एक बच्चे को बुखार आ गया। उसे इलाज के लिए निजी क्लिनिक में भर्ती कराना पड़ा।

मामला गुरुवार (24 अक्टूबर) का बताया जा रहा है। इसका वीडियो अब सामने आया है। वीडियो में नजर आ रहा है कि सैंपऊ थाना क्षेत्र के बालाजी स्कूल के क्लास रूम में टीचर छोटे बच्चों पर बेरहमी से डंडे बरसा रही है। गुस्साए परिजनों ने स्कूल के सीसीटीवी कैमरे से फुटेज कलेक्ट किए। स्कूल प्रबंधन को बच्चों के साथ बेरहमी से की गई मारपीट की पुलिस में रिपोर्ट करने की चेतावनी दी है। मारपीट के सीसीटीवी फुटेज सामने आने के बाद भी स्कूल प्रबंधन पूरे मामले को दबाने में लगा हुआ है। शिक्षा विभाग को सीसीटीवी फुटेज दिए टीचर की पिटाई से घायल एक बच्चे के पिता ने बताया- घटना को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारियों को शिकायत की है। सीसीटीवी फुटेज भी उपलब्ध कराया है। वीडियो में दिख रही महिला टीचर ने किसी बच्चे को 27 डंडे मारे हैं, तो किसी को 21 डंडे मारे हैं। इस तरह से एक के बाद क्लास के सभी बच्चों की पिटाई की गई। पिटाई के कारण 3 दिन से मेरा बेटा अस्पताल में भर्ती है। उसकी पीठ पर डंडे से की गई पिटाई के निशान साफ दिख रहे हैं। दो प्रिंसिपल और एक लेक्चरर की टीम करेगी जांच कार्यवाहक जिला शिक्षा अधिकारी प्रारंभिक और ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेश शर्मा ने बताया- स्कूल में बच्चों के साथ मारपीट का मामला मेरे संज्ञान में है। इसकी जांच के लिए दो प्रिंसिपल और एक लेक्चरर की तीन सदस्यीय टीम गठित की है। जो 3 दिन में अपनी रिपोर्ट देगी। जांच रिपोर्ट आने के बाद अगली कार्रवाई की जाएगी ।मामला दर्ज हान क बाद होगा कारवाइ सैंपऊ थाना प्रभारी गंभीर सिंह ने बताया कि परिजन ने पुलिस को रिपोर्ट नहीं दी है। रिपोर्ट मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच की जाएगी। जांच के बाद कानूनी कार्रवाई करेंगे।

# कीड़ी मोहल्ले में 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की संदिग्ध स्थितियों में हुई मौत

## चारपाई पर हाथ बंधा मिला शव, शरीर पर कई जगह चोटों के निशान, परिजनों को हत्या की आशंका, बुजुर्ग विधवा महिला अकेली रहती थी छप्परपोश घर में

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र के कीड़ी मोहल्ले में एक बुजुर्ग महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। महिला घर में अकेली रहती थी। जिसके परिवार में कोई नहीं था। ऐसे में देर रात जब महिला घर में अपनी चारपाई पर सोई तो सुबह उसका शव मिला है। परिजनों का कहना है कि महिला के हाथ उसके पेट पर कपड़े से बंधे हुए मिले है और गले पर भी हमले के निशान हैं। इसके अलावा एक हाथ की हथेली पर घाव बना हुआ है। ऐसे में किसी ने उसकी हत्या की है। घटना के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी रखवाया है। मामले की जांच की जा रही है। 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला लच्छो पत्नी रामपाल कोली की देवरानी लालो पत्नी भोरु कोली ने बताया कि उसकी जेठानी लच्छो घर में अकेली रहती थी। उसकी जेठ की मौत करीब 15 वर्ष पहले हो गई। लच्छो के कोई संतान भी नहीं थी। ऐसे में लच्छो की देवरानी और उसके बच्चे ही उसकी देखभाल करते थे पर लच्छो उनके साथ नहीं रहती थी। वह खुद के छप्परपोश मकान में रहती थी। सुबह शाम वे उससे मिलने आ जाते थे। शनिवार की रात भी लच्छो से लालो की बात हुई थी और उसके बाद वह अपने घर चली गई। सुबह करीब 7 बजे लालो को पड़ोसियों द्वारा सूचना मिली कि लच्छो की मौत हो गई है। उसका शव चारपाई पर बंधा पड़ा है। इस पर वह अपने बेटे लोकेंद्र के साथ आई तो देखा कि लच्छो का शव चारपाई पर पड़ा था। हाथ पेट से कपड़े द्वारा बंधे हुए थे। एक हाथ में घाव का निशान था। दोनों पैरों की पाजेब गायब थी। गले पर भी कुछ निशान बने हुए हैं। तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव मोर्चरी रखवाया। उन्हें किसी अज्ञात पर हत्या की आशंका है। जिसको लेकर लालो के पुत्र लोकेंद्र पुत्र भोरु कोली ने पुलिस में रिपोर्ट दी है।

**पुलिस जुटी मामले की जांच में :** घटना को लेकर कोतवाली थाना अधिकारी शिवलहरी मीणा ने बताया कि 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला की संदिग्ध मौत का मामला आया है। मौके से साक्ष्य जुटाने के लिए भरतपुर से एफएसएल टीम को बुलाया गया। जिसने घटनास्थल के साक्ष्य लिए हैं। घटना में महिला की मौत कैसे हुई।

इसको लेकर मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है। मामले की जांच की जा रही है। अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। मामला संदिग्ध है। बुजुर्ग महिला की हत्या हुई है या मौत का अन्य कोई कारण रहा। यह जांच के बाद ही पता लगेगा। फिलहाल शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है।

# ट्रेन में छूटा यात्री का बैग, आरपीएफ ने लौटाया, पंजाब मेल ट्रेन में बैग भूल गया था यात्री, सामान के साथ थे 12 हजार रूपए

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** आरपीएफ पुलिस ने ईमानदारी का परिचय देते हुए एक यात्री को उसका बैग लौटा दिया। यात्री के बैग में 12 हजार 600 के साथ आर्मी कार्ड और उसका जरूरी सामान था। जो पंजाब मेल ट्रेन में छूट गया था। बैग मिलने के बाद यात्री ने आरपीएफ पुलिस आभार व्यक्त किया। आरपीएफ थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि हेल्पलाइन आगरा से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 12138, पंजाब मेल एक्सप्रेस के कोच नंबर क्क की सीट नंबर 27 पर एक यात्री का एक नीले रंग का पिट्ठू बैग छूट गया है। जिस सूचना पर स्टेशन ड्यूटी पर तैनात कॉन्स्टेबल रमेश चंद मीणा ने गाड़ी के आने पर समय 09¬17 बजे गाड़ी को अटेंड किया। यहां से कॉन्स्टेबल ने सीट नंबर 27 पर छूटे एक नीले रंग के पिट्ठू बैग को उतार कर आरपीएफ पोस्ट धौलपुर पर जमा किया। ट्रेन में बैग मिल जाने की सूचना आरपीएफ ने यात्री विशाल सिंह को दी। सूचना मिलने के तुरंत बाद यात्री धौलपुर स्टेशन पहुंचा। जहां उसे बैग सुपुर्द कर दिया गया। यात्री विशाल सिंह (25) पुत्र सुरेश सिंह निवासी डिपिया, जिला कन्नौज ने स्टेशन पहुंचने के बाद बैग में रखी सामान की जांच की। जिसमें उसे 12 हजार 600 रूपए नगद, एक आर्मी का आई कार्ड, लिक्विड कार्ड व अन्य सामान सुरक्षित मिल गया। जिसके बाद यात्री ने आरपीएफ पुलिसकर्मियों की जमकर तारीफ की।

# फर्जी आधार कार्ड से कमरा लेकर ठहरे प्रेमी युगल को पकड़ा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विश्वकर्मा थाना पुलिस ने फर्जी आधार कार्ड से एक होटल में कमरा लेकर रुके प्रेमी युगल को पकड़ा है। पहचान छिपाने के लिए दोनों ने फर्जी आधार कार्ड का यूज किया। पुलिस ने दोनों युवक-युवती के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि विश्वकर्मा थाने में पिछले दिनों एक होटल में महिला से दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था। जहां पुलिस टीम होटल में नक्शा-मौका बनाने के लिए पहुंची। होटल रूम का नक्शा-मौका बनाने पहुंचने पर वह अंदर से बंद मिला। पुलिस ने रूम खुलवाने के लिए खटखटाया। रूम के अंदर एक प्रेमी युगल ठहरे हुए मिले। उनकी गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हें पुलिस निगरानी में बैठाया गया। पुलिस ने होटल रुम का नक्शा-मौका तैयार कर अपनी कार्रवाई पूरी की। कमरे में मिले प्रेमी युगल से उनके नाम-पता पूछा गया। जहां उन्होंने दौलतपुरा के रहने वाले बताकर अपना-अपना नाम पुलिस को बताया। होटल मे रुकने के कारण के बारे में पूछने पर जवाब नहीं दे सके।

# हाईवे पर बिजौली के पास मृत गोवंश से टकराई बाइक शादी के कार्ड देकर लौट रहे दो सगे भाई घायल

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड से गुजर रहे नेशनल हाइवे 11 बी पर रोड बिजौली गांव के पास शनिवार की शाम सड़क पर पड़े मृत गोवंश से शादी के कार्ड बताकर लौट रहे दो सगे भाईक्योंकि बाइक जा भिड़ी। सड़क पर पड़ी मृत गाय के नहीं देखने से हुई दुर्घटना की सूचना पर बिजौली चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच दोनों घायलों को एंबुलेंस से बाड़ी अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। अस्पताल में भर्ती बसेड़ी के पिपरोंन गांव निवासी 23 वर्षीय राहुल पुत्र मुकेश जोशी ने बताया कि वह शनिवार को सुबह अपने छोटे भाई 19 वर्षीय विकास के साथ अपनी शादी के कार्ड बांटने एमपी के खोरी गांव गए थे। जहां उनकी मौसी रहती है। कार्ड देकर वह धौलपुर आए। जहां से करीब शाम 6 बजे जब अपने गांव के लिए निकले तो बिजौली के पास सड़क पर काले रंग की मृत गाय पड़ी थी। जो उन्हें दिखाई नहीं दी। ऐसे में बाइक सीधी मृत गाय से जा टकराई और दोनों उछलकर सड़क पर का जा गिरे और घायल हो गए। घटना की सूचना पर बिजौली चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंच एंबुलेंस बुलाकर उन्हें बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया। जहां से चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार के बाद धौलपुर रेफर किया है। राहुल के पैर में फैक्चर हुआ है वहीं विकास के हाथ में हड्डी टूटी है।

**बिजौली चौकी पुलिस ने तुरंत किया रेस्क्यू :** बिजौली चौकी प्रभारी अवधेश शर्मा ने बताया कि घटना की सूचना पर वे तुरंत जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। जहां बाइक सवार सड़क पर गिरे पड़े थे। दुर्घटना में बाइक भी क्षतिग्रस्त हुई है। दोनों घायलों की हालत गंभीर थी ऐसे में उनको तुरंत एंबुलेंस बुलाकर बाड़ी अस्पताल भर्ती कराया है और सड़क पर पड़ी मृत गोवंश को हटाने के लिए एनएचएआई के अधिकारियों को सूचना दी है।

**मेगा हाईवे पर नियमों की नहीं पालना, आए दिन दुर्घटनाएं :** धौलपुर-करौली मेगा हाईवे पर नियमों की कोई पालन नहीं हो रही है। कई-कई दिन तक मृत आवारा जानवर सड़क पर पड़े रहते हैं। वहीं संकेतक और डिवाइडर नहीं होने से लगातार दुर्घटनाओं का ग्राफ बढ़ रहा है।

# मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में 31 अक्टूबर तक पंजीयन कराने पर नवंबर से मिलने लगेगा स्वास्थ्य बीमा का लाभ

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( नि.स. )।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ प्रदेश के बड़े शहरों से लेकर गांव तक हर जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है। आयुष्मान योजना का अंतर्गत पंजीकृत परिवार को 25 लाख रुपए तक का स्वास्थ्य बीमा एवं 10 लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा कवर का लाभ मिल रहा है। योजना में पंजीकृत परिवार प्रदेश के समस्त अधिकृत निजी एवं राजकीय चिकित्सालयों में नि:शुल्क इलाज का लाभ प्राप्त कर सकतें है। योजना में पंजीयन से वंचित परिवारों को 31 अक्टूबर, 2024 तक पंजीयन कराने पर 1 नवम्बर से योजना का लाभ मिल सकेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 जयंती लाल मीणा ने बताया कि योजना में पंजीकरण से वंचित पात्र लाभार्थियों को 31 अक्टूबर 2024 तक पंजीकरण करवा लेना चाहिए ताकि एक नवम्बर से योजना का लाभ मिल सके, क्योंकि इसके बाद नियमानुसार तीन माह बाद यानी एक फरवरी, 2025 से लाभ मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि कई बार परिवार का पंजीकरण नही होने और बीमारी या दुर्घटना होने की स्थिति से परिवार निशुल्क उपचार से वंचित होना पडता है और बड़ा आर्थिक नुकसान उठाना पडता है। योजना में पंजीयन करवाने के बाद लाभार्थी को 25 लाख रूपए तक का निशुल्क इलाज मिल सकेगा साथ ही 10 लाख रूपए तक का दुर्घटना बीमा भी निशुल्क मिलेगा। योजना के नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमएचओ डॉ चेतराम मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की इस योजना में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, सामाजिक-आर्थिक जनगणना-2011, लघु एवं सीमांत किसान, संविदा कर्मियों तथा कोविड-19 की अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले निराश्रित एवं असहाय परिवारों के लिए बीमा का प्रीमियम सरकार वहन कर रही है, ऐसे परिवारों का पंजीकरण स्वत: ही हो रहा है। अन्य सभी परिवार मात्र 850 रूपए प्रीमियम जमा करवाकर इस योजना का लाभ ले सकते हैं। योजना के अंतर्गत अपने परिवार का पंजीकरण करवाने हेतु जन आधार कार्ड/आधार कार्ड/जन आधार पंजीयन रसीद के द्वारा अपने नजदीकी ई-मित्र के माध्यम से एवं स्वयं की एसएसओ आईडी से अपना पंजीकरण करा सकते है।

# रेलवे स्टेशन पर बम होने की सूचना पर हुआ मॉकड्रिल : आरपीएफ ने खाली कराया स्टेशन, आपातकालीन स्थिति निपटने की रिहर्सल की

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर (नि.स.)।** दीपावली के त्योहार को लेकर रेलवे यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलवे पूरी तरह से मुस्तैद है। सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए रविवार को आगरा रेल मंडल के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर धौलपुर स्टेशन पर आरपीएफ की टीम ने मॉकड्रिल करते हुए बम होने की सूचना पर मचने वाली भगदड़ को लेकर रिहर्सल की। आरपीएफ थाना प्रभारी राजीव कुमार ने बताया कि रेलवे का मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षा देना हैं। उन्होंने बताया कि दीपावली के त्योहार पर ट्रेनों में अत्यधिक भीड़ रहती हैं। ऐसे में अफवाहों के चलते होने वाली भगदड़ से निपटने के लिए आरपीएफ की टीम के कामकाज को लेकर रविवार को धौलपुर रेलवे स्टेशन पर मॉकड्रिल की गई। थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार को मॉक ड्रिल के दौरान स्टेशन पर बम होने की सूचना सामने आने के बाद यात्रियों के बीच होने वाली भगदड़ में घायलों को अस्पताल पहुंचने को लेकर रिहर्सल की गई। रेलवे स्टेशन पर हुई मॉक ड्रिल के दौरान आरपीएफ थाना प्रभारी के साथ एक एएसआई और 10 पुलिस के जवान मौजूद रहें। जिन्होंने मॉकड्रिल के दौरान चयनित स्थान की घेराबंदी करते हुए घायलों को अस्पताल ले जाने तक की रिहर्सल की।

# शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान : चिकित्सा विभाग की टीम ने छापा मार कर नष्ट करवाई 200 किलोग्राम दूषित मिठाई

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** आमजन को शुद्ध खाद्य सामग्री मिले इसके प्रदेश भर में लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग सतर्क है। मिलावट खोरो के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। राज्य सरकार की मंशा अनुरूप शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा त्योहारी सीजन में खाद्य पदार्थों के लगातार नमूने भी लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा आयुक्त और जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयंती लाल मीणा द्वारा गठित टीम रीको औधोगिक क्षेत्र धौलपुर में श्री कृष्ण फूड प्रोडक्ट्स के यहां छापा मार कार्यवाही करते हुए 200 किलोग्राम दूषित मिठाई को मौके पर नष्ट करवाया साथ ही स्किम्ड मिल्क पाउडर, सोन पपड़ी तथा मैदा के तीन नमूने भी लिए गए खाद्य पदार्थो के नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जा रहा है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी पदम सिंह परमार ने बताया की जांच रिपोर्ट में मिलावट पाएं जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 को तहत कठोर कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया की दीपावली के त्यौहार तक लगातार मिलावट के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# इंसानियत और मानवता की जिंदा मिसाल बना रामगंजमंडी युवादल

बढ़ता राजस्थान

**सारथल ( नि.स. )।** अक्टुबर रामगंजमंडी के राजकीय अस्पताल में 6 दिन से भर्ती आनंदीबाई को छुट्टी होने के बाद उनको घर पहुंचाने के लिए शनिवार को दोपहर में रामगंज मंडी युवादल के सचिव राजकुमार पारख अस्पताल पहुंचे तो वहां ड्यूटी पर उपस्थित डॉ गोविंद यादव, अस्पताल में पुलिस चौकी के इंचार्ज बृजमोहन एवं स्टाफ के कई कर्मचारियों ने अस्पताल की चौकी के बाहर बेंच पर पिछले चार माह से लेटे हुए एक आदमी की मदद करने को कहा।

रविवार को सुबह युवादल सचिव राजकुमार पारख अस्पताल पहुंचे और बेंच पर लेटे मरीज और चौकी इंचार्ज बृजमोहन से पूरी जानकारी ली जानकारी में निकल कर आया कि मरीज का नाम जगदीशसिंह पिता शंभूसिंह जाति राजपूत उम्र 57 वर्ष जो जाखडी ग्राम जिला डूंगरपुर का रहने वाला है इस व्यक्ति ने शादी नहीं की और 20 वर्ष पहले जाखडी गांव को छोड़ दिया था। 15 वर्ष मुंबई में चाय बनाने की नौकरी की और पिछले 5 वर्षों से कुदायला इंडस्ट्रियल एरिया में सिंगल धार कटिंग मशीन चलाने का कार्य किया चार माह पूर्व अस्पताल में बीमार होकर आया चिकित्सको ने भर्ती कर इलाज किया । गले का कैंसर होने के कारण झालावाड़ भी रेफर किया रामगंजमंडी के अस्पताल में ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने गले में छोटी सी गठान को देखकर जगदीशसिंह को झालावाड़ भी रेफर किया झालावाड़ में इलाज हुआ थोड़ा आराम होने पर मरीज फिर रामगंजमंडी आ गया एक माह बाद गले की गठान ने उग्र रूप ले लिया। तभी चौकी के सामने लगी बेंच पर इसने अपना आसरा बना लिया। गले की गठान की वजह से दलिया एवं दूध अस्पताल की भोजनशाला वाले देने लगे। चाय अस्पताल के बाहर लगी होटल वाला देने लगा। दवाई गोली अस्पताल से मिलने लगी। और देखरेख चौकी इंचार्ज बृजमोहन करने लगे। शनिवार को डॉक्टर गोविंद यादव एवं चौकी इंचार्ज बृजमोहन ने शहर की प्रमुख सामाजिक संस्था रामगंजमंडी युवादल के सचिव राजकुमार पारख से मरीज जगदीश सिंह को उनके गांव भिजवाने की व्यवस्था करने को कहा। राजकुमार पारख ने गाँव जाखड़ी में रह रहे इनके भाई दशरथ सिंह एवम भाभी उषा और ताऊ लक्ष्मणसिंह से फोन पर बात की । जाखड़ी गांव रामगंजमंडी से लगभग 350 किलोमीटर दूर है वहा तक की एक टैक्सी अर्टिका करके जगदीशसिंह को रवाना किया। समाजसेवी राजकुमार पारख ने रास्ते का खर्च भी दिया।

**दीपावली का त्योहार अपनों के संग मना पाएगा :** रामगंजमंडी युवादल के विनोद अग्रवाल, बाबू पोरवाल, चैरी सलूजा, टीकम मित्तल, गोकुल गुप्ता, शरद जैन, अंतिम अग्रवाल, संजय मित्तल, शैलेंद्र विनायका, पृथ्वीचंद कुमावत, अमित उपाध्याय, मुकेश गर्ग ने कहा रामगंजमंडी युवादल के इस निर्णय से मरीज जगदीशसिंह को दीपावली का त्यौहार अपने रिश्तेदार एवम अपने गांव में मनाने का मौका मिल गया। सचमुच वह कहावत आज यथार्थ सत्य को परिलक्षित कर रही है

### ना रसूल आयेगे

इस दुनिया में ना राम आएंगे सिर्फ इंसान ही इंसान के काम आयेगे।



## अवैध शराब जब्त कर आरोपी को धर दबोचा, ब्यावर जिला पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरु की

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** ब्यावर एसपी श्याम सिंह चौधरी के निर्देशन में जिले की पुलिस ने अवैध नशीले पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए डीएसटी एवं पुलिस थाना साकेत नगर द्वारा लोकल एवं स्पेशल एक्ट की कार्रवाई के दौरान नाकाबंदी में एक कार को रुकने का इशारा किया तो चालक द्वारा भगाने का प्रयास किया गया । पुलिस ने घेरा देकर रोककर तलाशी ली तो 3 प्लास्टिक कट्टो में भरा 47 किलो 790 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद कर विश्नोईयों की ढाणी बिसलपुर, पुलिस थाना डांगीयावास,जिला जोधपुर निवासी भीकाराम विश्नोई (23) पुत्र ओपाराम विश्नोई को गिरफ्तार किया है। जवाजा थाना पुलिस ने भी कार्रवाई कर अशोक लिलेंड टेम्पो नंबर को रूकवाकर चैकिंग कर टेम्पो में पंजाब चंडीगढ निर्मित अवैध अंग्रेजी शराब के कुल 80 कार्टून जब्त किए। अवैध शराब के साथ पुलिस ने टेंपो सवार हरियाणा के खरखोदा मटिण्ड निवासी विकास (38) पुत्र बलवीर जाट को गिरफ्तार कर जांच शुरू की है। पुलिस के अनुसार जब्त की गई अवैध अंग्रेजी शराब की अनुमानित बाजार कीमत लगभग आठ लाख रूपए है।

## बीमारियों की जांच कर 35 मरीजों को परामर्श प्रदान किया, विशाल निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** महावीर इंटरनेशनल त्रिशला वीरा केंद्र ब्यावर के तत्वाधान में महावीर चिकित्सा सेवा केंद्र के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं जांच शिविर रविवार को आयोजित हुआ। इस शिविर में ब्यावर के वरिष्ठ फिजिशियन डॉक्टर सी एल परिहार द्वारा सभी बीमारियों की जांच कर 35 मरीजों को परामर्श प्रदान किया। शिविर में 20 मरीजों की बी प, 25 मरीजों की सुगर जांच, 10 मरीजों की हीमोग्लोबिन जांच व 5 मरीजों की वजन जांच एवं 5 मरीजों की ई सी जी की जांच की गई। सचिव मोनिका सकलेचा ने आम जन से अनुरोध किया है कि हर रविवार को लगने वाले इस निशुल्क शिविर की सुविधा का आवश्यकता अनुसार लाभ ले।

## रक्षा क्षेत्र के समीप एक नर पैंथर को पकडा, वन विभाग सेंदडा की टीम पिंजरे में ट्रैप कर वन्य क्षैत्र में छोडा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** शहर के समीपवर्ती ग्राम रूप नगर के पास चढावटा की ढाणी क्षैत्र में स्थित भारतीय सेना के रक्षा क्षेत्र के समीप एक नर पैंथर को वन विभाग सेंदडा की टीम पिंजरे में ट्रैप कर वन्य क्षैत्र में छोडा गया। जानकारी के अनुसार । शहर के समीपवर्ती ग्राम रूप नगर के पास चढावटा की ढाणी क्षैत्र में स्थित भारतीय सेना के रक्षा क्षेत्र के समीप एक नर पैंथर को टहलते हुए देखा गया। नर पेंथर के रक्षा क्षैत्र में होने की सुचना क्षेत्रीय वन अधिकारी सेंदडा को दी गई। सुचना पाकर क्षेत्रीय वन अधिकारी के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुच कर पेंथर को में ट्रेप किया गया। वन विभाग की टीम ने पेंथर को सुरक्षित रेस्क्यू कर बगडी कला के वन्य क्षेत्र मे छोड़ा।

## संयुक्त महासंघ के नागर बने जिलाध्यक्ष



बढ़ता राजस्थान

**सारथल ( नि.स. )।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के चुनाव आज मानस मण्डल सेवा सदन मे पर्यवेक्षक अर्जुन शर्मा एवं निर्वाचन अधिकारी सतीश गौतम की देखरेख मे संपन्न हुये जिसमे निर्विरोध रूप से राम प्रसाद नागर दूसरी बार जिलाध्यक्ष के पद पर निर्वाचित हुए चुनाव प्रक्रिया मे जिले के 24 कर्मचारी संघठनों के पदाधिकारीयों ने भाग लेकर एक मत से पुन: राम प्रसाद नागर को दूसरी बार जिलाध्यक्ष पद पर चुना गया भूपेंद्र माथोड़िया ने जानकारी देते हुए कहा की इस चुनाव मे राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के जिलाध्यक्ष चंद्र भान मीणा,अखिल राजस्थान राज्य कृषि पर्यवेक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कमल प्रकाश मीणा, राजस्थान पशु चिकित्सा कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष विजय सोनी व जिला मंत्री लाखन मीणा,धनराज मालव, हेमराज सेन विजेंद्र चौधरी, हेमराज मीणा,राजस्थान अधीनस्थ वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष राजुलाल मीणा, राधाकिशन नागर, राजस्थान वन श्रमिक संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार अहेड़ी, देवीसिंह, राजस्थान पटवार संघ के जिलाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, राजस्थान ग्राम विकास अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष ऋषि राज मीणा, जिलामंत्री जगदीश सहरिया, संभाग अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद गौतम, राजस्थान कानूनगो संघ के जिलाध्यक्ष महेश गौतम, राजस्थान सहायक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाश पाठक,राजस्थान आयुर्वेद नर्सज ए सोशियन संघ जिलाध्यक्ष विष्णु गौतम, राजस्थान आयुर्वेद परिचारक संघ के जिलाध्यक्ष राजकुमार मीणा,राजस्थान ए एन एम /एल एच वी संघ की जिलाध्यक्ष कोमल खींची सहित विभिन्न कर्मचारी संघो के पदाधिकारीयों ने निर्वाचन प्रक्रिया मे हिस्सा लिया ।

## थाना पगारिया की बड़ी कार्यवाही : थाना पगारिया में दर्ज प्रकरण में वांछित ईनामी मुलजिम को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की

बढ़ता राजस्थान




**झालावाड़ ( नि.स. )।** पुलिस थाना पगारिया: जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि थाना पगारिया जिला झालावाड द्वारा सगंठित अपराधो की रोकथाम व वांछित अपराधियो की धरपकड अभियान के तहत् प्रकरण संख्या 106/2024 धारा,376,420,406,463,464,465,468, 471,120 बी आईपीसी में वांछित ईनामी मुलजिम मेहरबान सिंह पुत्र सौदान सिंह जाति सो राजपुत उम्र 35 साल निवासी खोखरिया खुर्द द्वारा फरियादीया के साथ खोटा काम (बलात्कार) किया तथा धोखे से फरियादीया के ट्रेक्टर को खुर्द बुर्द किया गया था जो काफी समय से फरार चल रहा था जिसको 26.10.2024 को भवानीमण्डी में महिन्द्रा देक्टर शोरूम से गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही पुलिस पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि जिले में बांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व धरपकड हेतु पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार अभियान चलाया हुआ है अभियान के तहत् वांछित अपराधियों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है तथा प्रभावी कार्यवाही करने के लिऐ जिले के सभी थानाधिकारीयो को टास्क दिये गये है जिसके तहत् पुलिस थाना पगारिया की टीम द्वारा वांछित अपराधियों पर निगरानी की जा रही थी इसी दोरान 26.10.2024 को पगारिया पुलिस टीम को वांछित ईनामी मुलजिम के बारे में भवानीमण्डी डेक्टर शोरूम में होने के इनपुट मिले अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजीलाल मीना के निर्देशन व प्रेम कुमार वृताधिकारी वृत भवानीमण्डी जिला झालावाड के सुपरविजन में थानाधिकारी थाना पगारिया,राजपाल सिंह यादव उप निरीक्षक द्वारा इनपुटस के आधार पर मय टीम के रवाना होकर भवानीमण्डी पहुंचे जहा पर प्रकरण में वांछित ईनामी अपराधी मेहरबान सिंह पुत्र सोदान सिंह जाति सो राजपुत उम्र 35 साल निवासी खोखरिया खुर्द थाना पगारिया की महिन्द्रा देक्टर शोरूम मे जाकर तलाश की जो मोजुद मिला जिसे प्रकरण में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

## मिठाई की दुकानो पर कार्रवाई कर मावा मिठाई के सेंपल लिए

### फूड सेफ्टी टीम द्वारा शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत कार्यवाही जारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, ( नि.स. )।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं ड्रग कंट्रोल राजस्थान श्री इकबाल खान, अतिरिक्त आयुक्त श्री पंकज ओझा एवं जिला कलेक्टर ब्यावर डॉ श्री महेंद्र खडग़ावत के निर्देशानुसार प्रदेश में चलाए जा रहे अभियान शुद्ध आहार मिलावट पर वार के अंतर्गत दीपावली के त्यौहार पर खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को फूड सेफ्टी टीम ने कार्यवाही करते हुए मावा मिठाई,घी और दूध के नमूने लिया गया। अभिहित अधिकारी (खाद्य सुरक्षा) एवम् मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ज्योत्सना रंगा तथा सीएमएचओ डॉ संजय गहलोत ने बताया कि आज टीम द्वारा बांदनवाड़ा और बिजयनगर कस्बे में कार्यवाही की गई। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा बांदनवाड़ा पर ब्यावर रोड मेसर्स जोधपुर मिष्ठान भंडार के कारखाने का निरीक्षण किया गया और मिल्क केक का एक नमूना लिया गया ब्यावर रोड से ही शिव मिष्ठान भंडार से मावा मिठाई का नमूना लिया। दल द्वारा चापानेरी में मेहसाणा डेयरी और जेके मिल्क प्रोडक्ट्स से दूध और घी का नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा दल द्वारा बिजयनगर रेलवे स्टेशन के सामने संदीप ट्रेडर्स से मूंगफली तेल का नमूना जांच वास्ते लिया एक अन्य कार्यवाही में श्री गोविंदम स्वीट्स से मावा मिठाई के नमूने लिए गए। खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय मोयल और केसरी नंदन शर्मा ने बताया कि सभी नमूनों को जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला भेजा जाएगा और रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवम् मानक अधिनियम के तहत कार्यवाही की जावेगी।

## भवानीमंडी पुलिस की कार्यवाही : आरोपी उम्मेद राम उर्फ अम्मेदाराम को बीकानेर से किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** पुलिस थाना भवानीमंडी:- जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर ने बताया कि जिले के सभी,थानाधिकारीयो को फरार स्थायी वांरटी,भगोड़ें, 299 दप्रस, गिरफ्तारी वारंटीयान, की धरपकड हेतु विशेष निर्देश दिये गये थे इन्ही निर्देशो की पालना में थानाधिकारी थाना भवानीमंडी में 02 साल से धारा 299 दप्रस में फरार 2500 रूपये का ईनामी आरोपी उम्मेद राम उर्फ उम्मेद बन्ना उर्फ अम्मेदाराम उर्फ बन्ना पुत्र सतुराम भाम्भु जाति जाट उम्र 38 साल निवासी तेलिया की नाडी गांव भादला थाना पांचु जिला बीकानेर से गिरफ्तार करने में महत्वपुर्ण सफलता 27 अक्टूबर को अर्जित की गई । जिला पुलिस अधीक्षक ऋचा तोमर व चिंरजीलाल मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड, के निर्देशन एवं प्रेमकुमार आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमंडी के निकटतम सुपर. विजन में रमेशचंद मीणा पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमंडी के नेतृत्व में थाना हाजा पर पेंडिंग स्थायी वांरटी, भगोड़ें, 299 दप्रस, गिरफ्तारी वारंटी की धरपकड हेतु विशेष टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा धारा 299 दप्रस में फरार 2500 रूपये का ईनामी आरोपी उम्मेद राम उर्फ उम्मेद बन्ना उर्फ अम्मेदाराम उर्फ बन्ना पुत्र सतुराम भाम्भु जाति जाट उम्र 38 साल निवासी तेलिया की नाडी गांव भादला थाना पांचु जिला बीकानेर को गिरफ्तार किया गया,घटना विवरण:- दिनांक 22.09.2022 को तत्कालिन थानाधिकारी भवानीमंडी महेश सिह पु.नि.मय जाप्ता द्वारा पुलिस चौकी पीपलिया के सामने गांव पीपलिया पर दौराने गश्त व नाकाबंदी में 02 आरोपी गण भवानीदान पुत्र सागरदान जाति चारण उम्र 32 वर्ष निवासी माण्डेलिया,पुलिस थाना पांचू जिला बीकानेर 2. दिनेशदान पुत्र हेमदान जाति चारण उम्र 22 वर्ष निवासी माण्डेलिया पुलिस थाना पांचू जिला बीकानेर मुर्तिबा थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड़ को गिरफ्तार कर मुलजिमानों के कब्जे से एक ट्रक आरजे 21 जीए 2579 को जब्त कर ट्रक से लहुसन के कटटो की आड में छिपाकर ले जा रहा अवैध मादक पद्वार्थ अफीम डोडा चूरा के 79 कटटे जिनमे कुल 1518.480 किलोग्राम (पन्द्रह क्विंटल, अट्ठारह किलो, चार सौ अस्सी ग्राम) को जब्त किया गया था दौराने अनुसंधान उम्मेद राम उर्फ अम्मेदाराम का मुलजिम होना पाया गया था जो तब से प्रकरण में फरार चल रहा था।

## यह दीपावली खुशियों वाली : ओम प्रकाश सिंघल





बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** रविवार को अग्रवाल युवा महासभा भरतपुर द्वारा स्वास्थ्य मंदिर रणजीत नगर पर खिलता बचपन प्रकल्प के बच्चों के साथ यह दीपावली खुशियों वाली दीपावली महोत्सव कार्यक्रम मनाया गया। इस अवसर पर युवा अग्रवाल महासभा द्वारा जरूरतमंद बच्चों को मिट्टी के दीपक, तेल, फुलझड़ी, अनार दाने प्रदान किए गए। इस अवसर पर अग्रवाल युवा महासभा के अध्यक्ष ओमप्रकाश सिंघल ने सभी बच्चों के साथ फुलझड़ी जलाकर दीपावली महोत्सव मनाया।कार्यक्रम का संचालन राकेश मित्तल ने करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में भामाशाह गोविंद द्वारा किताब, स्टेशनरी गर्ग आयल मिल द्वारा तेल व अन्य सामग्री सभी सदस्यों की सहयोग से प्रदान की गई। कार्यक्रम में डॉक्टर वीरेंद्र अग्रवाल एवं संरक्षक प्रभा गुप्ता को पट्टा पहनाकर उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में गौरव गोयंनका, कपिल बंसल, अखिल गोयल, प्रमोद अग्रवाल, दीपक गोयल, दीपेंद्र गोयल, ओम प्रकाश सिंघल, रवि गोयल, शिवम जिंदल, जया सिंघल, संदीप श्रीवास्तव, गरिमा त्रिपाठी, सुरभि शर्मा सभी ने सहयोग प्रदान किया।

## शहीद मुकुट बिहारी मीणा (लड़ानिया) की स्मृति में ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का किया शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**झालावाड़ ( नि.स. )।** लगातार चौथी बार शहीद मुकुट बिहारी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है हर बार की भांति इस बार जिले के ग्राम सुलिया जागीर में आयोजित शहीद मुकुट बिहारी क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ ।प्रथम मैच डग वर्सेस मनोहर भथाना के बीच खेला गया जिसमें मनोहरथाना ने 10 ओवर में 115 रन का लक्ष्य रखा और डग टीम 50 रन पर ऑल आउट हो गई क्रिकेट एंट्री फीस 1100 प्रति टीम रही वहीं प्रथम पुरस्कार विजेता टीम को 31000 रूपय नगद दिया जाएगा व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 21000 रूपए नगद पुरस्कार दिया जाएगा। मैच के उद्घाटन के मुख्य अतिथि पूर्व सरपंच व पूर्व फौजी रिटायर्ड अमर लाल मीणा कामखेड़ा रहे इस मौके पर मंच पर उपस्थित ग्राम पंचायत बड़बद के सरपंच प्रतिनिधि भिमराज मीणा, भारतीय किसान संघ तहसील सह मंत्री हरिमोहन मीना, रूद्र प्रताप सिंह राठौड़ (सारथल बना) बकट मीणा, हरीश मीणा, मधुसूदन व्याख्याता, लालचंद मीना (लाला मीणा), जगदीश नागर, रामनारायण मीणा अध्यापक, भानुप्रताप वैष्णव, भोजराज नागर, शहीद मुकुट बिहारी क्रिकेट टीम के अध्यक्ष सत्यनारायण मीणा, कोषाध्यक्ष कोमल मीणा, महेंद्र मीणा, सचिव मनोज मीणा, मंच संचालक विक्की बहादुर, जगन्नाथ नागर, ओमप्रकाश नागर, इत्यादि कार्यकर्ता व ग्रामीणों ने क्रिकेट टूर्नामेंट में सहयोग दिया गया।

## दिव्यांग बच्चों के साथ साई बेकर्स की टीम ने बनाया जन्मदिन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** रविवार को साईं बेकर्स भरतपुर द्वारा खिलता बचपन प्रकल्प के पांच बच्चों का केक काटकर जन्मदिन मनाया गया। साईं बेकर्स के निदेशक मितेश मित्तल ने बताया कि सभी बच्चों को अपना जन्मदिन मनाने का हक है और इन बच्चों का जन्मदिन मानने से बहुत ही खुशी मिलती है वह इन बच्चों का मनोबल बढ़ता है साईं बेकर्स द्वारा स्वास्थ्य मंदिर पर प्रतिमाह पांच बच्चों का उस माह में आने वाले बच्चों का जन्मदिन मनाया जाता है ताकि बच्चों का मनोबल पक्का रहे। इस कार्यक्रम के अवसर पर प्रयास से संस्थान की निदेशक अंजू मित्तल, स्वास्थ्य मंदिर से संदीप श्रीवास्तव, ममता कुमारी इत्यादि ने सहयोग प्रदान किया। प्रकल्प तिवारी तुलसी शर्मा ने बताया कि यह बच्चे बहुत ही इस्लाम एरिया से आते हैं जहां की यह अपना जीवनयापन काबड़ा बीनने या भीख मांगने से करते हैं यदि इनका जन्मदिन इस तरीके से मनाया जाता है तो यह बच्चे समाज की मुख्य धारा से जुड़ सकते हैं ।

## छोटे से गांव से एक साथ दो भाई आर.जे.एस बनने से क्षेत्र में खुशी की लहर राष्ट्रीय मीणा महासभा ने दी बधाई

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर (आशीष वर्मा)।** भरतपुर के कस्बे सेवर के पास ही स्थित छोटे से गांव नगला बंध के जीत सिंह वकील के दोनों बेटों लितेन्द्र जीत कांट्या एवं सिद्धार्थ जीत कांटया के राजस्थान न्यायिक सेवा में पहले ही प्रयास में एक साथ सफलता मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। जानकारी देते हुए राष्ट्रीय मीणा महासभा के प्रदेश संगठन सचिव भूपेन्द्र सिंह मीना व्याख्याता ने बताया कि राष्ट्रीय मीणा महासभा भरतपुर के कोषाध्यक्ष जीत सिंह वकील के बेटे के चयन होने पर बधाई देने बालों का तांता लग गया। दोनों बच्चों का चयन एक साथ होना चर्चा का विषय बन गया।

# न्यूजीलैंड से 2 टेस्ट हार चुकी टीम इंडिया पर सख्ती : रोहित-कोहली समेत टीम दिवाली पर भी ट्रेनिंग करेगी, तीसरा टेस्ट डब्ल्यूटीसी के लिए अहम

**मुंबई।**

न्यूजीलैंड के खिलाफ 2 टेस्ट हार चुकी टीम इंडिया को दिवाली पर भी ट्रेनिंग करनी पड़ेगी। 3 टेस्ट मैचों की सीरीज में भारतीय टीम 2-0 से पीछे चल रही है। तीसरा टेस्ट मुंबई में होना है और यह वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के लिए अहम है। टीम मैनेजमेंट ने कहा है कि सभी प्लेयर्स एक नवंबर से शुरू होने जा रहे मुंबई टेस्ट की तैयारियां करेंगे। भारतीय टीम मैनेजमेंट ने ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन नहीं रखने का फैसला लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक तीसरे टेस्ट से पहले टीम इंडिया मुंबई में 30 और 31 अक्टूबर को अभ्यास करेगी। ये सेशन सभी खिलाड़ियों को अटेंड करना होगा। रोहित, कोहली और बुमराह जैसे सीनियर प्लेयर्स को भी दिवाली में आराम नहीं मिलेगा।

### डब्ल्यूटीसी के लिहाज से अहम है मुंबई टेस्ट

मुंबई टेस्ट वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से भारतीय टीम के लिए अहम है। लगातार 2 मैच हारने के बाद इंडिया को अब अगले 6 टेस्ट में से 4 जीतने ही होंगे। 5 मैच ऑस्ट्रेलिया में हैं। ऐसे में टीम इंडिया को आखिरी मैच जीतना ही होगा। न्यूजीलैंड की टीम भारत के खिलाफ क्लीन स्वीप करने में कामयाब हो जाती है तो डब्ल्यूटीसी फाइनल में पहुंचना मुश्किल होगा।

### 2 पॉइंट्स में ट्रेनिंग सेशन

**ऑप्शनल ( वैकल्पिक ):** आमतौर पर मैच से पहले ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन रखा जाता है। इसमें खिलाड़ी के पास ट्रेनिंग छोड़ने का विकल्प रहता है। इस सेशन में वे खिलाड़ी हिस्सा लेते हैं, जिन्हें ट्रेनिंग की जरूरत होती है। शेष खिलाड़ी होटल में आराम करते हैं। मैच से पहले खिलाड़ियों को तरोताजा रखने के लिए ऑप्शनल ट्रेनिंग सेशन रखा जाता है।

**नेसेसरी ( जरूरी ):** यह ट्रेनिंग सेशन तब रखा जाता है, जब दो मैचों के बीच गैप हो। इस सेशन में टीम के सभी खिलाड़ियों का मौजूद रहना अनिवार्य होता है।

सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही है भारतीय टीम भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की सीरीज में 0-2 से पिछड़ रही है। टीम को कीवियों ने शुरुआती 2 टेस्ट मैच में हराया है। इससे पहले टीम इंडिया ने बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज में क्लीन स्वीप किया था।



## ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम का ऐलान : रिजवान लिमिटेड ओवर्स के कप्तान, बाबर, शाहीन और नसीम की वापसी




**नई दिल्ली**

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे और इतने ही मैचों की टी-20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। सिलेक्टर्स ने विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को टीम का नया कप्तान बनाया है।

टीम में पूर्व कप्तान बाबर आजम, तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और नसीम शाह की वापसी हुई।

4 नवंबर से सीरीज की शुरुआत पाकिस्तान को 4 नवंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलनी है। इसके बाद 14 नवंबर से दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। दोनों फॉर्मेट के लिए 15 सदस्यीय टीम का ऐलान किया है। टी-20 वर्ल्ड कप में खेलने वाले सीनियर प्लेयर इमाद वसीम और मोहम्मद आमिर को टीम से बाहर किया गया है।

मोहम्मद रिजवान वनडे और टी20 में पाकिस्तान के अगले कप्तान होंगे। पहले कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया था की सलमान अली आगा ने पीसीबी चेयरमैन से मुलाकात की है, और वो भी अगला कप्तान बनने की रेस में शामिल हैं।

बाबर, शाहीन की वापसी इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच के लिए टीम से बाहर किए जाने वाले बाबर आजम की टीम में वापसी हुई है। इसके अलावा शाहीन अफरीदी और नसीम शाह को टीम में लिया गया है। फखर जमान और शादाब खान जैसे सीनियर खिलाड़ी टीम का हिस्सा नहीं है। फखर को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड की जांच का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट मैच से बाहर किए जाने के बाद बाबर के समर्थन में ट्वीट किए थे।

जिम्बाब्वे के खिलाफ भी सीरीज के लिए टीम का ऐलान क्क्ष्क चयनकर्ताओं ने जिम्बाब्वे में होने वाले वनडे और टी20 सीरीज के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। इस सीरीज में नए खिलाड़ियों को परखने का फैसला किया गया है। ऑस्ट्रेलिया में होने वाले मैच में सभी मुख्य खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

बाबर, शाहीन और नसीम की ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद पाकिस्तान वापस आ जाएंगे। इन्हें जिम्बाब्वे दौरे के लिए आराम दिया गया है। बुलावायो में तीन मैचों की वनडे और टी20 सीरीज 24 नवंबर से 5 दिसंबर तक खेली जाएगी। पाकिस्तान दिसंबर-जनवरी में 3 वनडे, 3 टी20 और 2 टेस्ट के लिए दक्षिण अफ्रीका का दौरा भी करेगा।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अराफात मिन्हास, बाबर आजम, फैसल अकरम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह (विकेटकीपर), कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मुहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, सैम अयूब, सलमान अली आगा और शाहीन शाह अफरीदी.

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए पाकिस्तान टीम अराफात मिन्हास, बाबर आजम, हारिस रऊफ, हसीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद रिजवान (विकेटकीपर), मोहम्मद इरफान खान, नसीम शाह, ओमैर बिन यूसुफ, साहिबजादा फरहान, सलमान अली आगा, शाहीन शाह अफरीदी, सुफयान मोकिम और उस्मान खान.

जिम्बाब्वे दौरे की वनडे टीम आमिर जमाल, अब्दुल्ला शफीक, अबरार अहमद, अहमद डेनियल, फैसल अकरम, हारिस राऊफ, हसीबुल्लाह, कामरान गुलाम, मोहम्मद हसनैन, मोहम्मद रिजवान, मुहम्मद इरफान खान, सैम अयूब, सलमान अली आगा, शाहनवाज दहानी और तैयब ताहिर। जिम्बाब्वे दौरे की टी-20 टीम अहमद डेनियल, अराफात मिन्हास, हारिस राऊफ, हजीबुल्लाह, जहांदाद खान, मोहम्मद अब्बास अफरीदी, मोहम्मद हसनैन, मुहम्मद इरफान खान, ओमैर बिन यूसुफ, कासिम अकरम, साहिब जादा फरहान, सलमान अली आगा, सुफयान मोकिम, तैयब ताहिर और उस्मान खान।

## विमेंस क्रिकेट- न्यूजीलैंड ने दूसरे वनडे में भारत को हराया

### सीरीज 1-1 से बराबर; कप्तान डिवाइन ने 79 रन बनाए और 3 विकेट लिए







**नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड विमेंस टीम ने भारतीय विमेंस टीम को दूसरे वनडे में 76 रन से हरा दिया। इस मैच में मिली जीत के साथ ही कीवी टीम ने इस सीरीज को 1-1 से बराबर कर लिया है। पहला मैच भारत ने 59 रन से जीता था।

तीन मैचों की वनडे सीरीज का दूसरा मुकाबला रविवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 259 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 47.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई।

सूजी बेट्स और सोफी डिवाइन के अर्धशतक न्यूजीलैंड विमेंस टीम के 2 सीनियर बैटर्स सूजी बेट्स और सोफी डिवाइन ने हाफ सेंचुरी लगाई। सूजी ने 70 बॉल पर 58 रन की पारी खेली। उन्होंने 8 चौके लगाए। कप्तान सोफी ने 86 बॉल पर 79 रन बनाए। सोफी ने अपनी पारी में 7 चौके और 1 सिक्स लगाया। मैडी ग्रीन ने 42 रन की पारी खेली। भारत की तरफ से राधा यादव ने 4 विकेट लिए। उन्होंने दो शानदार कैच भी पकड़े। दीप्ति शर्मा को 2 विकेट मिला।

राधा यादव के 2 डाइविंग कैच टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की टीम को ओपनर्स ने शानदार शुरुआत दिलाई। सूजी बेट्स और जॉर्जिया पलिमर की 87 रन की साझेदारी को राधा यादव के शानदार कैच ने तोड़ा। दीप्ति शर्मा की बॉल पर जॉर्जिया ने फ्लिक किया। शॉर्ट मिडविकेट पर खड़ी राधा ने अपनी बाईं ओर डाइव लगाकर कैच पकड़ा।

इसके बाद मैच के 32वें ओवर में डेब्यू कर रही प्रिया मिश्रा की बॉल पर राधा यादव ने पीछे की तरफ दौड़ते हुए डाइव लगाकर शानदार कैच पकड़ा। यहां ब्रूक हॉलिडे 8 रन पर आउट हुई। राधा यादव ने 4 विकेट भी लिए।

राधा-साइमा के बीच 9वें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी टारगेट का पीछा करते हुए भारतीय महिला टीम 47.1 ओवर में 183 रन पर ऑलआउट हो गई। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले को 76 रनों से जीता। भारतीय बल्लेबाजी इस मैच में पूरी तरह से फेल नजर आई। आखिर में राधा यादव और साइमा ठाकोर ने उम्मीद जगाई, लेकिन दोनों की शानदार पारी टीम इंडिया को जीत नहीं दिला सकी।

टीम के लिए राधा ने सबसे ज्यादा 48 रन की पारी खेली। साइमा ठाकोर ने 29 रन बनाए। दोनों के बीच 9वें विकेट के लिए 70 रन की साझेदारी हुई। न्यूजीलैंड के लिए ली ताहुहु और सोफी डिवाइन ने सबसे ज्यादा 3-3 विकेट लिए। जेस केर और ईडन कार्सन ने 2-2 विकेट लिए।

## श्रीलंका में लगातार 10 वनडे हारने के बाद जीता वेस्टइंडीज : एविन लुईस का शतक, शेरफेन रदरफोर्ड की फिफ्टी; पिछली जीत 1993 में मिली थी

**कैंडी।**

वेस्टइंडीज ने श्रीलंका दौरे पर बारिश से प्रभावित आखिरी वनडे मैच को आठ विकेट से जीत लिया है। यह श्रीलंका में उनकी लगातार 10 हार के बाद पहली वनडे जीत थी।

2021 के बाद से अपना पहला वनडे खेल रहे एविन लुईस ने 61 गेंदों पर नाबाद 102 रनों की पारी खेली। कैरिबियाई टीम को छ्रस् मेथड के तहत 196 रन का टारगेट मिला था। तीन वनडे मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला कैंडी स्थित पल्लेकेले अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेला गया। शनिवार को बारिश की वजह से यह मैच 23-23 ओवर का खेला गया। वेस्टइंडीज ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 3 विकेट के नुकसान पर 156 रन बनाए। आखिरी 5.4 ओवर में श्रीलंका ने बनाए 75 रन पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंकाई टीम के 17.2 ओवर ही हुए थे। तभी बारिश आ गई। जब दोबारा खेल शुरू हुआ तो मैच 23-23 ओवर कराने का फैसला किया गया। ऐसे में श्रीलंका को 5.4 ओवर ही खेलने को मिले। श्रीलंका ने अंतिम 5.4 ओवरों में 75 रन बनाए और 3 विकेट पर 156 रनों का स्कोर खड़ा किया।

इस दौरान टीम के लिए पथुम निसांका और कुसल मेंडिस दोनों ने 56 रन बनाए। मेंडिस ने 9 चौके और 1 छक्के की मदद से 254.55 के स्ट्राइक रेट से रन स्कोर किए, जबकि निसांका ने 90 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। मेंडिस ने 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। वहीं वेस्टइंडीज के लिए शेरफेन रदरफोर्ड और रोस्टन चेज ने 1-1 विकेट चटकाया।

वेस्टइंडीज को मिला रिवाइज्ड टारगेट वेस्टइंडीज को छ्रस् के तहत 195 रनों का रिवाइज्ड टारगेट मिला। लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज ने 22 ओवर में 196/2 रन बोर्ड पर लगाकर 8 विकेट से जीत हासिल कर ली। इस दौरान टीम के लिए एविन लुईस ने शानदार पारी खेलते हुए 61 गेंदों में 9 चौके और 4 छक्कों की मदद से नाबाद 102 रन स्कोर किए। इसके अलावा शेरफेन रदरफोर्ड ने 26 गेंदों में 4 चौके और 3 छक्कों की मदद से नाबाद 50 रन बनाए। लुईस और रदरफोर्ड ने तीसरे विकेट के लिए 45 गेंदों पर 85 रनों की साझेदारी कर टीम को जीत दिलाई। श्रीलंका के लिए असिथा फर्नांडो और दिलशान मदुशंका ने 1-1 विकेट अपने नाम किया।



## अफगानिस्तान टीम ने पहली बार क्रिकेट टूर्नामेंट जीता : इमर्जिंग एशिया कप में श्रीलंका को हराया

**नई दिल्ली**

अफगानिस्तान-ए ने पहली बार इमर्जिंग एशिया कप का खिताब जीत लिया है। टीम ने रविवार को अल अमीरात स्टेडियम में खेले गए फाइनल में श्रीलंका-ए को 7 विकेट से हराया। अफगानिस्तान क्रिकेट की यह ऐतिहासिक जीत है। टीम का क्रिकेट के किसी भी फॉर्मेट या ऐज ग्रुप टूर्नामेंट में यह पहला खिताब है।

श्रीलंका के कप्तान नुवानिदु फर्नांडो ने टॉस जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला लिया। अफगानिस्तान के खिलाफ पहले खेलते हुए श्रीलंका ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 133 रन बनाए और अफगानिस्तान की टीम को जीत के लिए 134 रन का टारगेट दिया। जवाब में अफगानिस्तान ने 18.1 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया।

अफगानिस्तान के लिए सेदिकुल्लाह अटल ने अर्धशतक लगाया। उन्होंने इस टूर्नामेंट के सभी 5 मैचों में अर्धशतक लगाए।

सहान ने नाबाद 64 रन बनाए श्रीलंका-ए की शुरुआत काफी खराब रही और इस टीम के 4 विकेट सिर्फ 15 रन के स्कोर पर गिर गए। यहां से सहान अराचिगे ने टीम के लिए अहम पारी खेली। उन्होंने अर्धशतक लगाया। वे 47 बॉल पर 64 रन बनाए। पवन रत्नायके ने 20 रन का योगदान दिया। निमेश विमुक्ति ने भी 23 रन की पारी खेली। अफगानिस्तान-ए के लिए बिलाल सामी ने 3 जबकि अल्लाह गजनफर ने 2 सफलता हासिल की।

सेमीफाइनल में भारत को हराकर फाइनल में पहुंचा था अफगानिस्तान इस टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले से पहले अफगानिस्तान की टीम ने भारत को सेमीफाइनल में हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। जबकि श्रीलंका ने पाकिस्तान की टीम मात देकर फाइनल का सफर तय किया था। पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते.छ्रष्ट मेंस इमर्जिंग एशिया कप का यह छठा सीजन रहा। पाकिस्तान और श्रीलंका ने दो-दो खिताब जीते हैं। वहीं एक बार भारत ने जीता है। भारत ने 2013 में पाकिस्तान को हराकर टाइटल जीता था।




## जसप्रीत बुमराह को खल रही शमी की कमी, आखिर भारतीय टीम में कैसे बढ़ेगी ये मारक क्षमता?

**नई दिल्ली**

न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले दो टेस्ट मैच में हार के बाद भारत का अगले साल जून में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में जगह बनाना अधर में लटक गया है और अगर वह लगातार तीसरी बार इसमें सफल भी रहता है तो डब्ल्यूटीसी के अगले दो साल के चक्र के लिए कप्तान रोहित शर्मा का टीम में बने रहना मुश्किल लगता है। यही बात रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा और विराट कोहली पर भी लागू होती है। अश्विन तब 41 साल जबकि जडेजा और कोहली 39 साल के हो जाएंगे।

### सीनियर प्लेयर्स पर उठने लगी उंगलियां

न्यूजीलैंड के हाथों शर्मनाक हार के बाद कुछ सीनियर खिलाड़ियों पर उंगलियां उठने लगी हैं। ऐसे में पूर्व भारतीय कोच रवि शास्त्री ने वर्तमान कोच गौतम गंभीर के प्रति सहानुभूति जताई। शास्त्री ने पुणे में दूसरे टेस्ट मैच के दौरान कमेंट्री करते हुए कहा,'' न्यूजीलैंड ने उन्हें ( भारत को) दोनों टेस्ट मैचों में शानदार तरीके से हराया है। यह सोचनीय विषय है। उन्होंने (गंभीर ने) अभी-अभी कार्यभार संभाला है। ऐसी टीम का कोच बनना कभी आसान नहीं होता जिसके इतने अधिक चाहने वाले हों।''

### भारत के पास गेंदबाजी में सीमित विकल्प

उन्होंने कहा, ''यह कोच के रूप में उनके करियर के शुरुआती दिन हैं, लेकिन वह जल्द ही सीख जाएंगे।'' इसमें कोई संदेह नहीं कि भारत परिवर्तन के मुश्किल दौर से गुजरने वाला है। कम से कम चार विश्व स्तरीय क्रिकेटर अगले दो साल में खेल को अलविदा कह देंगे और ऐसे में गंभीर कोच के रूप में अविश्वसनीय स्थिति में हैं। भारत के पास बल्लेबाजी में कई विकल्प हैं लेकिन गेंदबाजी के मामले में ऐसा नहीं कहा जा सकता।

### मोहम्मद शमी जैसी मारक क्षमता नहीं

अभी चोटिल होने के कारण टीम से बाहर चल रहे मोहम्मद शमी अगर वापसी भी करते हैं तो वह लंबे समय तक टीम में नहीं बने रह पाएंगे। आकाशदीप और मोहम्मद सिराज अच्छे गेंदबाज हैं लेकिन जब दूसरे छोर से जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी कर रहे हों तब इन दोनों तेज गेंदबाजों के पास शमी जैसी मारक क्षमता नहीं दिखाई देती। इसके बाद जो तेज गेंदबाज अगली पंक्ति में खड़े हैं उनके साथ भी कुछ ना कुछ समस्या है। आवेश खान और खलील अहमद अच्छे तेज गेंदबाज हैं लेकिन निरंतरता और फिटनेस उनकी बड़ी समस्या है।




### तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर की समस्या

नवदीप सैनी की गति धीमी पड़ गई है जबकि उमरान मलिक लगता है कि अपनी राह से भटक गए हैं। मुकेश कुमार, विशाक विजयकुमार, विदवथ कावेरप्पा के पास उस तरह की गति नहीं है जो बल्लेबाजों के मन में संदेह पैदा कर पाए। मयंक यादव को अगर लंबे प्रारूप में खेलना है तो उन्हें अपनी फिटनेस पर बहुत ध्यान देना होगा। दूसरी समस्या ऐसे ऑलराउंडर की है जो तेज गेंदबाजी भी करता हो। हार्दिक पांड्या 30 साल के हैं और लंबी अवधि का प्रारूप उनकी प्राथमिकता है इस पर संदेह है।

# 42 हजार रुपए लेकर मुंबई आए थे पंकज त्रिपाठी

## पत्नी बोलीं- मैं घर चलाती थी, वो स्ट्रगल कर रहे थे; लेकिन कभी भूखे नहीं रहना पड़ा



पंकज त्रिपाठी की पत्नी मृदुला अपने परिवार में एकमात्र कमाने वाली थीं, जब पंकज मुंबई आकर फिल्म इंडस्ट्री में काम पाने के लिए स्ट्रगल कर रहे थे। शादी के कपल मुंबई आ गया था, जहां मृदुला बतौर टीचर काम करती थीं।

### मृदुला बोलीं- कभी हमें भूखा नहीं रहना पड़ा

कन्वर्सेशन विद अतुल के साथ इंटरव्यू में मृदुला ने अपनी जिंदगी के कई किस्से शेयर किए। मृदुला ने कहा, 'जब हम मुंबई शिफ्ट हुए तो हमारे पास कोई बचत नहीं थी। मुझे लगता है कि हमारे पास मुश्किल से 42 हजार रुपए होंगे। यह घर की जमी पूंजी के लिए भी काफी नहीं था। लेकिन किसी तरह हम इससे निपटने में कामयाब रहे। हम कभी भी फुटपाथ पर सोने या कई दिनों तक भूखे रहने जैसी स्थितियों से नहीं गुजरे। हम बहुत सुलझे हुए थे। हम दोनों (मृदुला और पंकज त्रिपाठी) के भी एक समझौता हुआ कि अभी मैं काम कर रही हूं और घर चला रही हूं। बाद में जब वो (पंकज) कमाने लगेंगे तो मैं काम करना छोड़ दूंगी। यह हमारे लिए अच्छा रहा।'

### फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से पंकज को मिली थी पहचान

कई फिल्में करने के बाद भी पंकज त्रिपाठी को वो पहचान नहीं मिली थी जो उन्हें फिल्म गैंग्स ऑफ वासेपुर से मिली। इस फिल्म में उनका रोल काफी सराहा गया। इसके बाद ओटीटी पर रिलीज हुई मिर्जापुर ने उनके कालीन भईया के किरदार को और यादगार बना दिया।

### वेडिंग सेरेमनी में हुआ प्यार

17 साल के पंकज को एक वेडिंग सेरेमनी में मृदुला से प्यार हो गया था। इस लव स्टोरी को शादी तक पहुंचाने में परेशानी ये थी कि पंकज की बहन की शादी मृदुला के भाई से हुई थी, और उनके घर के ट्रेडिशन के हिसाब से उनकी शादी बहन की नंद से नहीं हो सकती थी। पंकज भी कहां मानने वाले थे वो तो मृदुला को अपना दिल दे ही बैठे थे। ऐसे में उन्हें अपने परिवार को मनाने के लिए कड़े जतन तो करने पड़े पर उन्होंने अपने परिवार को मना ही लिया। परिवार के राजी होने के बाद दोनों 15 जनवरी 2004 को शादी के बंधन में बंध गए।

# एक सीन के लिए रणबीर ने दिए थे 37 टेक : डायरेक्टर ने एक्टर की तारीफ की, बोले- वो और रीटेक देने के लिए तैयार थे

फिल्ममेकर लव रंजन ने खुलासा किया है कि फिल्म मैं झूठी तू मक्कार के एक सीन के लिए रणबीर ने 37 टेक दिए थे। इसके बाद भी रणबीर का कहना था कि अगर रंजन शॉट से खुश नहीं होंगे तो वो और शॉट दे देंगे।

### अजय देवगन और रणबीर को साथ कास्ट करना चाहते थे रंजन

लव रंजन ने यह भी खुलासा किया कि वे शुरुआत में रणबीर और अजय देवगन के साथ फिल्म बनाना चाहते थे। जब वो फिल्म नहीं बनी तो उन्होंने रणबीर के साथ मिलकर फिल्म मैं झूठी तू मक्कार बना दिया। सोनी मैक्स पर अपनी फिल्म के बारे में बात करते हुए रंजन ने कहा, 'यह एक नया एसोसिएशन था। रणबीर और मैं पहली बार साथ काम कर रहे थे। हमने वहीं बातें शुरू कीं। यह एक ऐसी फिल्म थी जिसे हम साथ में करने वाले थे। लेकिन फिल्म बन नहीं पाई। इसके बाद मैंने रणबीर के साथ तू झूठी मैं मक्कार बनाने का फैसला किया। इस चीज पर रणबीर भी सहमत थे।'

### रणबीर ने एक सीन के लिए दिए थे 37 टेक

**रंजन ने आगे रणबीर के काम और डेडिकेशन की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'कई बार फिल्म बनाते समय बहुत सारी दिलचस्प चीजें होती हैं। एक किस्सा यह है कि शूटिंग का तीसरा दिन था। हमने रणबीर के 37 टेक लिए। वह एक ऐसे इंसान हैं, जो 37 टेक देने के बाद भी आपके पास आएंगे और कहेंगे- अगर आप 100 पर्सेंट खुश नहीं हैं, तो मुझे बताएं। मैं एक और टेक दूंगा। सिर्फ इसलिए मत कहो कि ठीक है क्योंकि मैंने 37 टेक दिए हैं।**

### बॉक्स ऑफिस पर हिट थी फिल्म

बताते चलें, फिल्म तू झूठी मैं मक्कार का डायरेक्शन लव रंजन ने किया था। इस फिल्म में रणबीर कपूर, श्रद्धा कपूर, बोनी कपूर और डिंपल कपाड़िया जैसे बड़े सेलेब्स थे। 200 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने दुनियाभर ने 223 करोड़ की कमाई की थी।



# विद्या बालन ने ठुकराई थी भूल भुलैया 2

## बोलीं- पहली फिल्म की छवि को बर्बाद नहीं कर सकती थी, रिस्क नहीं लिया







भूल भुलैया फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म 2007 में आई थी और तब से ही इसे लेकर दर्शकों में काफी क्रेज है। इस फिल्म में विद्या बालन और अक्षय कुमार ने काम किया था।

जब भूषण कुमार ने भूल भुलैया 2 बनाने का सोचा, तो उन्होंने विद्या बालन को रोल ऑफर किया, लेकिन विद्या ने मना कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्हें डर था कि वो पहली फिल्म जैसी सफलता दोहरा नहीं पाएंगी।

एक इवेंट के दौरान प्रोड्यूसर भूषण कुमार ने बताया, मैंने विद्या जी को भूल भुलैया 2 के लिए अप्रोच किया था, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। फिर ट्रेलर लॉन्च के वक्त रिक्वेस्ट की कि कम से कम ट्रेलर का हिस्सा बन जाएं। उन्होंने ट्रेलर पोस्ट किया, फिल्म को पसंद किया और वादा किया कि वो तीसरी फिल्म का हिस्सा बनेंगी।

इस बारे में विद्या ने कहा, मुझे बहुत डर था क्योंकि भूल भुलैया 1 ने मुझे बहुत कुछ दिया है... मैंने कहा, 'मैंने गड़बड़ कर दी तो सब पानी फिर जाएगा।'

अब भूल भुलैया 3 में विद्या फिर शामिल हो रही हैं। उन्होंने बताया, मैं भूल भुलैया 2 में काम करना चाहती थी, लेकिन डर था। मैंने अनीस भाई से कह दिया कि ये रिस्क नहीं ले सकती। लेकिन जब तीसरे पार्ट का ऑफर आया, स्क्रिप्ट पसंद आई और चीजें बेहतर होती गईं।

एक्ट्रेस ने आगे कहा, इसमें कार्तिक भी थे, मुझे भूल भुलैया 2 भी पसंद आई थी। और माधुरी दीक्षित भी थीं। मैंने हिम्मत जुटा ली और मजा आया। अनीस भाई एंटरटेनमेंट के बादशाह हैं, उनके साथ काम करना जादुई था।

# बिग-बॉस फेम श्रीजिता दोबारा शादी रचाएंगी

## इस बार बंगाली रीति-रिवाज फॉलो करेंगी, डेढ़ साल पहले क्रिश्चियन वेडिंग कर चुकी हैं



टीवी एक्ट्रेस श्रीजिता डे और उनके पति, माइकल ब्लोहम, 10 नवंबर को गोवा में एक पारंपरिक बंगाली शादी करने जा रहे हैं। यह शादी उनके जर्मन रीति-रिवाज से हुई शादी के डेढ़ साल बाद हो रही है। श्रीजिता ने अपनी शादी की तैयारी और उत्साह के बारे में बताया। जर्मन रीति-रिवाज से शादी करने के बाद गोवा में बंगाली रीति-रिवाज से शादी करने का ख्याल क्यों आया इस बारे में श्रीजिता ने बताया, असल में, यह सोच हमने शुरुआत में ही कर ली थी जब हमने व्हाइट वेडिंग की थी। उस समय हमें पता था कि हम दोनों संस्कृतियों में शादी करेंगे। हमें फ्यूजन नहीं करना है, इस बारे में हम बहुत स्पष्ट थे। श्रीजिता ने आगे कहा, मुझे जर्मन ट्रेडिशन और कल्चर पसंद है। वहीं, बंगाली तरीके से दुल्हन बनने का तरीका मुझे बहुत प्यारा लगता है, जैसे वो मुकुट जो हम पहनते हैं। ये सपना मेरे बचपन से था। तो माइकल ने कहा, चलो, हम फ्यूजन नहीं करते और हमें दोनों कल्चर्स का मौका देना चाहिए। हमारा पहले से प्लान था कि पिछले साल नवंबर में गोवा में बंगाली शादी होगी। लेकिन काम और कमिटमेंट्स की वजह से ये शादी बार-बार पोस्टपोन होती रही। अब इस नवंबर में सभी परिवार वाले आ सकते हैं। माइकल का परिवार कनाडा से आ रहा है और दोस्त जर्मनी से आ रहे हैं। अब सभी का शेड्यूल मिल गया है, इसलिए नवंबर 2024 में शादी तय हो गई है। हम दोनों ट्रेडिशन्स का सम्मान करते हैं। इसी वजह से हमने एक और शादी करने का फैसला किया। शादी के लिए गोवा ही क्यों चुना? एक्ट्रेस ने कहा, हमें गोवा बहुत पसंद है। लॉकडाउन के दौरान हम वहीं फंसे हुए थे, तब से गोवा हमारे लिए बहुत खास हो गया है। हम वहां सात महीने रहे और हमें एक-दूसरे के साथ रहना बहुत अच्छा लगा। लॉकडाउन में गोवा में रहना बहुत खास था। हर साल हम कम से कम तीन-चार बार वहां जाते हैं। वह जगह हमारे लिए बहुत खास है।

**शादी के फंक्शन :** श्रीजिता और माइकल की शादी का फंक्शन दो दिन चलेगा। 9 नवंबर को सभी गेस्ट्स सुबह पहुंचेंगे, जिनका स्वागत किया जाएगा। इसके बाद लंच और मेहंदी का कार्यक्रम होगा, जो 2-3 घंटे चलेगा। शाम 7:00 बजे संगीत का प्रोग्राम होगा। 10 नवंबर को सुबह हल्दी होगी, फिर 4:00 बजे शादी का समारोह और उसके बाद रिसेप्शन होगा। अगले दिन सभी वापस चले जाएंगे।

**गेस्ट लिस्ट :** कपल ने करीब 50-55 लोगों की गेस्ट लिस्ट बनाई है। श्रीजिता ने कहा, हम सब इस फंक्शन का पूरा मजा लेना चाहते हैं। आमतौर पर शादियों में सभी मजे करते हैं, सिवाय दुल्हन और दूल्हे के। हम चाहते हैं कि करीबी दोस्त और परिवार हमारे साथ हों। कुछ लोग नहीं आ पाएंगे, और चूंकि यह डेस्टिनेशन वेडिंग है, हम भीड़ भी नहीं चाहते थे। खास दोस्तों में रश्मि देसाई, ईशिता गांगुली, शिव ठाकरे, आश्का गोराडिया अपने पति के साथ, और अंकित तिवारी शामिल हैं।

### टीवी एक्ट्रेस अनीता हसनंदानी का छलका दर्द, कहा -

# मदरहुड और काम के बीच बैलेंस बनाना मुश्किल, बच्चे को घर पर छोड़ना बुरा लगता है

अनीता हसनंदानी, जो टीवी की दुनिया में एक पॉपुलर नाम हैं, ने अपने बेटे आरव के लिए काम से ब्रेक लिया। इस दौरान उनके मन में खुशी और नई उम्मीदें थीं। मां बनने की जिम्मेदारी के साथ, उन्होंने मां के गिल्ट और अपने पैशन को निभाने की जरुरत को समझा।

**काम से ब्रेक मैंने अपने बेटे आरव के लिए लिया :** मैंने 16 साल तक इस इंडस्ट्री में काम किया है। जब मैंने ब्रेक लेने का सोचा, तो मेरे मन में कई बातें चल रही थीं। मुझे लगा कि यह सही टाइम है, और यह कदम उठाना जरूरी है। जब मैंने यह फैसला किया, तो दिल में खुशी थी क्योंकि मैं यह ब्रेक अपने बेटे आरव के लिए ले रही थी। यह समय मेरे लिए बहुत खास था, जहां मैंने अपने बच्चे के साथ बिताने के लिए खुद को फुली डेडिकेट किया। इस दौरान मैंने कभी अपने काम को मिस नहीं किया। चार साल आरव के साथ बिताने का अनुभव, उसकी हंसी, और उसके पहले शब्द; ये सब मेरे लिए बहुत महत्वपूर्ण थे। आज भी उन पलों को याद करके मुस्कुराती हूं। वो मेरे जीवन का एक खूबसूरत हिस्सा है।

**मॉम गिल्ट सच में होता है :** फिर से काम पर लौटना मेरे लिए काफी मुश्किल था। कोविड के समय सब कुछ नाजुक था, और मुझे ऐसा लग रहा था जैसे मैं किसी नए सफर पर जा रही हूं। नए माहौल में वापस आना और खुद को फिर से साबित करना एक चुनौती थी। मॉम गिल्ट सच में होता है, वो मेरे लिए बहुत भारी था। लेकिन जब मुझे सुमन इंदौरी शो मिला, तो मुझे एक नई उम्मीद मिली। यह एक खूबसूरत रोल था और मुझे बेहतरीन टीम के साथ काम करने का मौका मिला। जब मैं पहले दिन सेट पर गई, तो मन में उम्मीदें थीं, और सब कुछ बहुत अच्छा रहा। मैंने महसूस किया कि मैंने अपनी ताकत फिर से पा ली है।

**जब मैं सेट पर होती हूं, तो आरव के बिना बहुत खालीपन लगता है :** पर्सनल और प्रोफेशनल बैलेंस बनाना बहुत मुश्किल होता है। एक तरफ मेरा काम है, और दूसरी तरफ मेरा बेटा आरव। मैं रोज आरव को याद करती हूं, और जब मैं सेट पर होती हूं, तो उसके बिना मुझे बहुत खालीपन लगता है। डेली सोप का काम करना चुनौतीपूर्ण है, लेकिन यह मेरा चुनाव है, और मैं इसे करना चाहती हूं। कभी-कभी, मैं आरव को सेट पर बुलाती हूं ताकि उसे देख सकूं। जब वो मेरे पास होता है, तो सब कुछ ठीक लगता है। लेकिन जब वह नहीं होता, तो मेरा दिल बहुत खाली सा लगता है। मैं अपने काम को भी बहुत पसंद करती हूं, और यह मेरी एक कठिन जर्नी है। मैं दिन-प्रतिदिन समझने की कोशिश कर रही हूं कि मुझे क्या चुनना है और कैसे आगे बढ़ना है।



# दिवाली पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3, बॉक्स ऑफिस में जान फूंकेंगी दोनों फिल्में, रौनक लौटने की उम्मीद

दिवाली में कुछ ही दिन बाकी है। ऐसे में, फिल्मों की दुनिया में भी सरगर्मियां बढ़ गई हैं। आखिरकार इस मौके पर साल का सबसे बड़ा क्लैश जो होने वाला है। जी हां, इस बार दिवाली पर अजय देवगन की सिंघम अगेन और कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 के बीच धमाकेदार मुकाबला तय हो चुका है। हालांकि, फिल्मी दुनियावालों की ओर से इस क्लैश को टालने की काफी कोशिशें की गईं। लेकिन वो इसमें नाकामयाब रहे। ऐसे में, फिलहाल दोनों ही फिल्मों के बीच ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन हासिल करने की कोशिशें जारी हैं। सिंघम अगेन को लेकर जहां फैंस मल्टीस्टारर कास्ट की वजह से क्रेजी हैं। वहीं भूल भुलैया 3 को सुपरहिट स्त्री 2 के बाद चर्चित हॉरर कॉमेडी जॉनर की अगली एंट्री माना जा रहा है। फिल्मी दुनिया की जानकारों की अगर मानें, तो इन दोनों फिल्मों के मुकाबले के विनर का पता तो दिवाली के बाद ही लगेगा। लेकिन यह तय माना जा रहा है कि पिछले करीब दो महीने से ठंडे पड़े बॉक्स ऑफिस पर अगले हफ्ते रौनक लौटने वाली है।

### कमाई के लिए मिलेंगे ज्यादा दिन

दिवाली पर होने वाले साल के सबसे बड़े क्लैश के बारे में बात करने पर वेव सिनेमाज के वाइस प्रेसिडेंट योगेश रायजादा कहते हैं, अगस्त में आई फिल्म स्त्री 2 के बंपर प्रदर्शन के बाद से बॉक्स ऑफिस पर किसी फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। हैरानी की बात है कि पिछले दो महीनों से नॉर्थ, साउथ और हॉलीवुड किसी की फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर रही हैं। ऐसे में, सिनेमावालों को काफी घाटा उठाना पड़ रहा है। उम्मीद है कि दिवाली पर सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 दोनों फिल्मों के अच्छे प्रदर्शन से बात बन सकती है।

फिलहाल अच्छी बात यह है कि दिवाली 31 अक्टूबर को पड़ रही है। ऐसे में, दोनों फिल्मों को कमाई के तीन दिनों की छुट्टी मिल जाएगी। अगर फिल्मों का कंटेंट दर्शकों को भा गया, तो सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 मिलकर बॉक्स ऑफिस में जान फूंकने का दम रखती है।

### दोनों फिल्मों को देंगे बराबर शोज

राजधानी स्थित डिलाइट मल्टीप्लैक्स के सीईओ राजकुमार मेहरोत्रा ने बताया, यह सच है कि मौजूदा साल 2024 सिनेमवालों के लिए अच्छा नहीं बीता। इस बार तो गांधी जयंती और दशहरा जैसी रिलीज डेट पर भी बड़ी फिल्में नहीं आईं। ऐसे में, अब हमें दिवाली पर रिलीज होने वाली साल की दो सबसे बड़ी फिल्मों सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के क्लैश से उम्मीदें हैं। हमारे पास दो स्क्रीन हैं। हम दोनों पर दोनों फिल्मों को बराबर शोज में चलाएंगे।

### बॉक्स ऑफिस पर लौटेगी रौनक

प्रोड्यूसर व फिल्म बिजनेस एनालिस्ट गिरीश गौहर की अगर मानें, तो सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 के क्लैश में मजबूत कंटेंट वाली फिल्म की जीत होगी। वह बताते हैं, दोनों फिल्मों के निर्माता ज्यादा से ज्यादा स्क्रीन हासिल करने की जुगत भिड़ाने में लगे हैं। माना जा रहा है कि सिंगल स्क्रीन सिनेमाघरों पर दोनों फिल्मों को बराबर स्क्रीन मिलेंगी। लेकिन मल्टीप्लेक्स पर सिंघम का पलड़ा भारी रहने की उम्मीद लगाई जा रही है।

शिक्षक केवल सफलता का रास्ता बता सकता है, लेकिन उस रास्ते पर चलना आपको ही पड़ेगा।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# मेयर बोलीं- जयपुर की पुरानी इमारतों पर फिर होगा रंग-रोगन

## कुसुम यादव बोलीं- फायर फाइटिंग सिस्टम की जांच के लिए शुरू करेंगे अभियान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** राइजिंग राजस्थान और स्वच्छता सर्वेक्षण से पहले जयपुर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए नगर निगम द्वारा आज से विशेष अभियान शुरू किया जाएगा। इसके तहत बदहाल सड़कों को दुरुस्त करने के साथ ही बदरंग हो चुकी इमारतों पर फिर से रंग रोगन किया जाएगा। इसके साथ ही शहर की प्रमुख सड़कों और सर्किल पर पौधों से विशेष सजावट की जाएगी। वहीं दीपावली से पहले शहर में फायर फाइटिंग सिस्टम की जांच के लिए सघन अभियान की शुरुआत भी होगी।

### सड़कों पर लगाई जाएगी फुलवारी

नगर निगम हेरिटेज मेयर कुसुम यादव ने कहा कि राइजिंग राजस्थान में दुनियाभर से विदेशी मेहमान राजस्थान के जयपुर पहुंचेंगे। ऐसे में उनके आने से पहले नगर निगम द्वारा शहर को जगमग और सुंदर बनाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत शहर की टूटी और बदहाल सड़कों को दुरुस्त करने के साथ ही सभी सड़कों पर पौधों से विशेष सजावट की जाएगी। इसके साथ ही ग्रीन वैली समेत शहर के तमाम बड़े पार्कों में आकर्षक फुलवारी लगाई जाएगी।

### ईमारतों पर होगा रंग - रोगन

इसके साथ ही शहर की सभी इमारतों को खूबसूरत बनाने के लिए नगर निगम द्वारा उनका रंग – रोगन किया जाएगा। इसका काम सबसे पहले परकोटे के प्रमुख बाजारों से शुरू होगा। इसके साथ ही वार्ड स्तर पर विशेष टोलियां बनाकर सफाई अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए नगर निगम के प्रत्येक वार्ड में 10 अतिरिक्त कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है। जो सोमवार से ही फील्ड में उतर जयपुर को स्वच्छ बनाने के काम में जुट जाएंगे।

### फायर फाइटिंग सिस्टम की जांच के लिए शुरू होगा अभियान

मेयर ने कहा कि इसके साथ ही एनबीसी के कोड 2016 की की पालना करते हुए जयपुर में फायर फाइटिंग सिस्टम की जांच के लिए अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत नगर निगम हेरिटेज क्षेत्र में बानी सभी बिल्डिंग, हॉस्पिटल, कॉलेज और इंस्टिट्यूट के साथ ही जो भी बिल्डिंग फायर फाइटिंग नियम के दायरे में आ रही है, उनकी जांच शुरू की जाएगी। ताकि जयपुरवासी दीपावली का पर्व सुरक्षित होकर मना सके।

# अब राजस्थान में हरियाणा रोडवेज की 26 बसों का चालान : कंडक्टर बोला

## बदले की भावना से कार्रवाई; महिला पुलिसकर्मी से किराया मांगने पर विवाद बढ़ा




बढ़ता राजस्थान

**हिसार ( एजेंसी )।** हरियाणा में राजस्थान रोडवेज की बस में टिकट को लेकर महिला पुलिसकर्मी और कंडक्टर के बीच हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया है। इस विवाद के बाद जहां हरियाणा पुलिस ने राजस्थान रोडवेज की बसों के चालान काटने शुरू कर दिए थे। वहीं अब राजस्थान में भी हरियाणा रोडवेज की बसों के चालान कटने शुरू हो गए हैं। इसके बाद दोनों राज्यों में अजीबो-गरीब स्थिति बन गई है। दोनों राज्यों की ट्रैफिक पुलिस की कार्रवाई में रोडवेज कर्मचारी और यात्री दोनों परेशान हो रहे हैं। चालान काटने के समय बसों को कई-कई देर तक खड़ा रखा जाता है। हरियाणा पुलिस पिछले 3 दिनों में राजस्थान रोडवेज की करीब 90 बसों के चालान काट चुकी है। इसके बाद राजस्थान में भी हरियाणा रोडवेज की 26 बसों के एक ही दिन में चालान किए गए। यह चालान जयपुर में हुए हैं। 9 बसों के चालान सिंधी कैंप और 17 बसों के चालान सड़वा मोड़ पर हुए। एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें हरियाणा रोडवेज का कंडक्टर वीडियो बनाते हुए कह रहा है कि 5-7 सवारी ज्यादा होने की वजह से राजस्थान पुलिस नाजायज तरीके से चालान कर रही है। ड्राइवर पुलिस कर्मचारी को बता रहा है कि 60 सीटर बस है। इस पर पुलिस कर्मचारी जवाब देता है कि सवारी 64 हैं। इसके बाद कंडक्टर कहता है कि बदले की भावना में कार्रवाई की जा रही है।

### महिला पुलिसकर्मियों ने किराया नहीं दिया

दरअसल, हरियाणा की एक महिला पुलिसकर्मी राजस्थान रोडवेज की बस में सफर कर रही थी, लेकिन बस कंडक्टर के किराया मांगने पर किराया नहीं दे रही थी। इस बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हुआ। इसमें महिला पुलिसकर्मी कहती हुई नजर आ रही है कि वह किराया नहीं देगी, क्योंकि बस में पुलिस का किराया फ्री होता है। जबकि, बस का कंडक्टर कहता हुआ सुनाई दे रहा है कि बस में सफर करना है तो 50 रुपए का टिकट लेना ही होगा। ऐसे में अन्य यात्री भी पुलिसकर्मी से किराया देने के लिए कहते हैं, इसके बाद भी महिला पुलिसकर्मी किराया नहीं देती।

# 2026 में बंगाल में सरकार बनाएंगे : शाह

## कहा : यहां रवींद्र संगीत की जगह बमों की आवाजें

बढ़ता राजस्थान



**कोलकाता ( एजेंसी )।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा आज बंगाल में रवींद्र संगीत की जगह बमों की आवाजें सुनाई दे रही हैं। बंगाल में राज्य सरकार घुसपैठ करा रही है।

गाय और कोयले की तस्करी रोकने के लिए पश्चिम बंगाल में एक करोड़ भाजपा सदस्य बनाने होंगे। भाजपा 2026 में दो तिहाई बहुमत से पश्चिम बंगाल में सरकार बनाएगी।

जब जनता बंगाल में भारतीय जनता पार्टी से जुड़ेगी, तो बंगाल को कम्युनिस्टों और ममता दीदी के आतंक से मुक्त करने के संकल्प का भी हिस्सा बनेंगे। शाह ने रविवार को कोलकाता में भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत की। कार्यक्रम में सुवेंदु अधिकारी और मिथुन चक्रवर्ती भी मौजूद थे।

बंगाल में माताओं-बहनों की गरिमा का हनन शाह ने कहा कि बंगाल में माताओं-बहनों की गरिमा का हनन हो रहा है। संदेशखली में महिलाओं पर हमले और आरजी कर अस्पताल में एक डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या की घटनाएं इस बात का सबूत हैं। शाह ने पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि मिथुन चक्रवर्ती ने मुझे बताया था कि टीएमसी के कार्यकर्ता भाजपा समर्थकों को वोट नहीं करने देते हैं। टीएमसी ने साल 2021 में जीत की हैट्रिक लगाई थी पश्चिम बंगाल में विधानसभा की 294 सीटें हैं। साल 2021 के चुनाव में टीएमसी ने जीत की हैट्रिक लगाई थी। ममता की पार्टी को 213 सीटें मिली थीं। भाजपा को 77 सीटें हासिल हुई थीं। कांग्रेस-लेफ्ट का खाता भी नहीं खुला था। साल 2016 के विधानसभा चुनाव में टीएमसी को 211 सीटें मिली थीं। भाजपा के हिस्से केवल 3 सीटें आई थीं।

# सीजेआई बोले- सरकार के प्रमुख से मिलना डील होना नहीं

## वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं, अगर लेटर पर निर्भर रहेंगे तो काम नहीं होगा



बढ़ता राजस्थान

**पुणे ( एजेंसी )।** सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा है कि सरकार के प्रमुख जब हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस से मिलते हैं तो इन मुलाकातों में राजनीतिक परिपक्वता होती है। मुंबई के एक कार्यक्रम में सीजेआई ने कहा- हम राज्य या केंद्र सरकार के मुखिया से मिलते हैं तो इसका अर्थ यह नहीं है कि कोई डील हो गई। चीफ जस्टिस ने ये भी कहा कि हमें राज्य के सीएम के साथ बातचीत करनी होती है, क्योंकि वे न्यायपालिका के लिए बजट देते हैं। यदि मुलाकात न करके केवल लेटर्स पर निर्भर रहें तो काम नहीं होगा। ये मीटिंग पॉलिटिकल मेच्योरिटी का एक साइन है। मेरे करियर में ऐसा कभी नहीं हुआ कि किसी ष्टरूने कभी भी मुलाकात के दौरान किसी लंबित केस के बारे में कुछ कहा हो। सीजेआई ने कहा- कोर्ट और सरकार के बीच का एडमिनिस्ट्रेटिव रिलेशन, ज्यूडिशियरी के काम से अलग है। ष्टरूया चीफ जस्टिस त्योहारों या शोक में एक-दूसरे से मिलते हैं। यह हमारे काम पर कोई असर नहीं डालता।

### जजों को सोचने का समय नहीं

**अदालतों में छुट्टियों को लेकर उठने वाले सवालों पर सीजेआई ने कहा- लोगों को यह समझना चाहिए कि जजों पर काम का बहुत बोझ है। उन्हें सोचने-विचारने का भी समय चाहिए होता है, क्योंकि उनके फैसले समाज का भविष्य तय करते हैं। मैं खुद रात 3:30 बजे उठता हूं और सुबह 6:00 बजे से अपना काम शुरू कर देता हूं। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट एक साल में 181 केस निपटाता है, जबकि भारतीय सुप्रीम कोर्ट में इतने केस तो एक ही दिन में निपटाए जाते हैं। हमारा सुप्रीम कोर्ट हर साल 50,000 केस निपटाता है।**

# राजस्थान में पारा 40 डिग्री के पास पहुंचा: जयपुर, बीकानेर, बाड़मेर, गंगानगर समेत कई जिलों में पारा औसत से ऊपर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान मौसम शुष्क रहने से गर्मी थोड़ी बढ़ गई है। शनिवार को जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, फलोदी समेत अन्य कुछ जिलों में दिन का अधिकतम तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से ऊपर चला गया।

जयपुर, अजमेर, उदयपुर समेत कई शहरों में भी कल दिन का औसत तापमान सामान्य से ऊपर दर्ज हुआ। मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि अगले एक सप्ताह तक राज्य में मौसम शुष्क रहने और तापमान में उतार-चढ़ाव की स्थिति बने रहने की संभावना है।

पिछले 24 घंटे के दौरान सबसे ज्यादा तापमान 39.4 डिग्री सेल्सियस बाड़मेर और जैसलमेर में दर्ज हुआ। फलोदी में अधिकतम तापमान 38.4, बीकानेर-जालोर में 38.2, जोधपुर में 38, गंगानगर में 37.1, फतेहपुर में 37.2 और टोंक के पास वनस्थली में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में भी कल पूरे दिन आसमान साफ रहा और तेज धूप रही। यहां दिन का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर में कल दिन तापमान औसत से 2.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

**रात में ठंडक, 17 शहरों में पारा 20 डिग्री से नीचे-** राज्य में जहां दिन में तेज गर्मी है, लेकिन रात में उतनी तेजी से ठंडक होने लगती है। अजमेर, भीलवाड़ा, अलवर, सीकर समेत कई शहरों में रात का न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज हुआ। सबसे कम तापमान माउंट आबू में 15 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। सीकर में 15.7, फतेहपुर में 16, करौली में 17.2, अजमेर में 17.8, बारां में 16.6 और भीलवाड़ा में 18 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ।

# 50 फ्लाइट्स को बम की धमकी

## इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स

बढ़ता राजस्थान



**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** तीन इंडियन एयरलाइंस की 50 फ्लाइट्स को रविवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इनमें इंडिगो की 18, विस्तारा की 17 और अकासा की 15 फ्लाइट्स शामिल हैं।

इस तरह 14 दिनों में 350 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि जांच में ये सभी धमकियां झूठी निकली हैं।

उधर, केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने 26 अक्टूबर को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी। पिछले दिनों प्लेन को मिली धमकियों की वजह से एयरलाइंस सर्विस बुरी तरह प्रभावित हुई हैं। एविएशन मिनिस्ट्री को 600 करोड़ से ज्यादा का नुकसान हुआ है। मंत्री बोले- धमकी देने वाले नो फ्लाइंग लिस्ट में डाले जाएंगे केंद्रीय सिविल एविएशन मिनिस्टर के राममोहन नायडू ने रविवार को कहा कि केंद्र सरकार बम की झूठी धमकियां देने वालों को उड़ान भरने से रोकने के लिए कदम उठाने पर विचार कर रही है।

# जयशंकर बोले- चीन बॉर्डर पर तनाव कम करना अगला स्टेप

## यह तभी संभव, जब भारत को यकीन हो जाए कि चीन भी यही चाह रहा

बढ़ता राजस्थान



**मुंबई ( एजेंसी )।** भारत-चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर हुए समझौते पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सैनिकों की वापसी पहला कदम है। अगला कदम तनाव कम करना है। मुंबई में रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में विदेश मंत्री ने कहा- दोनों देशों के बीच तनाव तभी कम होगा, जब भारत को यकीन न हो जाए कि चीन भी ऐसा ही चाह रहा है। तनाव कम करने के बाद, बॉर्डर को कैसे मैनेज किया जाए, इस पर चर्चा की जाएगी। जयशंकर ने भारत-चीन विवाद के अलावा 26/11 मुंबई अटैक पर भी बात की। जयशंकर ने कहा- उस वक्त भारत ने कोई जवाब नहीं दिया था। जब हम आतंक के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की बात करते हैं, तो यह स्पष्ट है कि जब कोई कुछ करता है, तो उसका जवाब दिया जाएगा।


## बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**

- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**

- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव से पहले ईवीएम की अग्नि परीक्षा, आरोपों से उठेगा पर्दा! ईसी जारी करेगा तथ्यात्मक रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान




**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** हरियाणा के बाद महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव में ईवीएम (इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन) पर किसी तरह के नए आरोप न लगे इसे लेकर निर्वाचन आयोग जहां सतर्क है, वहीं दोनों राज्यों के चुनाव से पहले ईवीएम पर हरियाणा चुनाव के दौरान लगाए गए आरोपों पर से भी परदा उठाने की तैयारी है। इसे लेकर जांच लगभग पूरी हो गई है।

### ईवीएम पर सख्त चुनाव आयोग

माना जा रहा है कि इसी सप्ताह के भीतर आयोग ईवीएम पर लगे आरोपों को लेकर अपना तथ्यात्मक जवाब भी दे सकता है। हालांकि, अब तक ईवीएम से जुड़े आरोपों पर आयोग उतना सक्रिय नहीं दिखता था, लेकिन पिछले कुछ चुनावों से वह ईवीएम व खुद पर लगने वाले आरोपों या फिर दुष्प्रचार के खिलाफ सख्त और सक्रिय है। यही वजह है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद कांग्रेस ने जैसे ही 20 निर्वाचन क्षेत्र की ईवीएम पर उनकी बैटरी इस्तेमाल को लेकर जैसे ही सवाल उठाए,आयोग ने तुरंत ही न सिर्फ उसका जवाब दिया बल्कि इसकी विस्तृत जांच कराने के निर्देश भी दिए।

### मिलेगा आरोपों का जवाब

सूत्रों के मुताबिक, फिलहाल यह जांच पूरी हो गई है। इस जांच में विशेषज्ञों की भी मदद ली गई है ताकि तकनीकी रूप से भी इन आरोपों का जवाब दिया जा सके। आयोग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक, ईवीएम पर लगाए गए आरोपों का न सिर्फ कांग्रेस पार्टी को सीधा जवाब दिया जाएगा बल्कि इसे आयोग अपने अधिकतर पूछे जाने वाले पश्नों की सूची में भी शामिल करेगा।

### बैटरी के इस्तेमाल के आधार पर आरोप

ताकि ईवीएम पर उठाए गए कांग्रेस पार्टी के आरोपों से जिनके मन में भी शंका पैदा हुई हो वह भी उन जवाब से अपनी शंकाओं को दूर कर लें। आयोग से जुड़े अधिकारियों के मुताबिक हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान ईवीएम पर जिस तरह से बैटरी के इस्तेमाल के आधार पर आरोप लगाए यह बिल्कुल नया आरोप था। आयोग की मानें तो इस ट्रेंड पर आने वाले चुनाव में भी और आरोप लग सकते है। फिलहाल वह सतर्क है।

### यह लगाए थे आरोप

कांग्रेस पार्टी ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में ईवीएम से छेड़छाड़ का आरोप लगाया था। यह आरोप ईवीएम की बैटरी के इस्तेमाल के आधार पर लगाया था, जो मतदान के बाद भी 99 प्रतिशत चार्ज बता रही थी। कांग्रेस पार्टी का कहना था कि इस्तेमाल के बाद ईवीएम की बैटरी कैसे 99 प्रतिशत रह सकती है। पार्टी ने 20 निर्वाचन क्षेत्रों में ऐसी स्थिति मिलने की शिकायत की थी।